सूर्योदय 6:56 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.9 न्यू | 17.8 अधि |
| धर्मशाला | 3.4 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75967.39 |
| निफ्टी | 22945.30 |
| सोना | 86,950 |
| चांदी | 98,934 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




कोहली की एक झलक पाने के लिए दीवानगी दुबई में भी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 19 फरवरी 2025 | 8 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 52, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिख दंगा: सज्जन की सजा पर फैसला टला



**नई दिल्ली।** 1984 सिख दंगे के केस में सज्जन कुमार के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट में सजा सुनाई जानी थी, जो टाल दी गई। यह मामला दिल्ली के सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। सजा के ऐलान से पहले पीड़ित पक्ष ने सज्जन को फांसी की सजा देने की अपील की। इसके बाद कोर्ट ने सजा नहीं सुनाई, अब इस केस की सुनवाई 21 फरवरी को होगी। 12 फरवरी को कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था।

### ज्ञानेश आज लेंगे 26वें सीईसी के तौर पर शपथ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और राम मंदिर ट्रस्ट के गठन संबंधी सरकार के कदमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ज्ञानेश कुमार बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) का पदभार ग्रहण करेंगे। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद बुधवार को 26वें सीईसी के रूप में शपथ लेंगे। ज्ञानेश निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए बने नए कानून के तहत इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले सीईसी हैं।

### आज होगी सीईसी व ईसी की नियुक्ति पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को 'प्राथमिकता के आधार' पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया कि संविधान पीठ के 2023 के फैसले में कहा था कि सीईसी और ईसी की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा, जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे, लेकिन सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से 'लोकतंत्र का मजाक' उड़ाया।

### कनाडा में एयरपोर्ट पर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त, 18 घायल

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 18 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्लेन में 76 पैसेंजर और 4 क्रू मेंबर्स थे। विमान अमेरिका के मीनियापोलिस से टोरंटो आ रहा था। फ्लैप एक्युएटर फेलियर की वजह से विमान अचानक पलट गया यानी लैंडिंग के दौरान विमान के पंखों पर लगे फ्लैप सही से काम नहीं कर पाए।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बद्दी अस्पताल में उपचार न मिलने पर बच्चे की मौत -पेज 3
- गगरेट में महिला का मर्डर, पुलिया के नीचे मिला शव -पेज 10
- नशा तस्करों की जानकारी देने वाले को 30 हजार इनाम -पेज 11
- इसराइल ने लेबनान से वापस बुलाई सेना -पेज 13
- जेलेजनी के बदलाव मुझे जल्द ही 90 मीटर के स्तर तक ले जाएंगे : चोपड़ा -पेज 14

# भारत और कतर में दोहरे कराधान सहित 7 समझौते

## दोनों देश व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहयोग को करेंगे मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और कतर ने अपने द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करते हुए उन्हें एक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया है। इस दिशा में दोनों देशों ने दोहरे कराधान सहित सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत और कतर ने राजकोषीय चोरी रोकने के लिए एक संशोधित समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

इस समझौते में दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच रिश्तों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई सहमति पत्रों का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की उपस्थिति में किया गया। ध्यान रहे कि कतर की आबादी महज 29 लाख है और उनमें 8 लाख 35 हजार भारतीय हैं।



**राजकोषीय चोरी रोकने के लिए भी एमओयू साइन**

### निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा पर बातचीत

**प्रधानमंत्री** मोदी और कतर के अमीर ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने हैदराबाद हाउस में व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया और व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों पर बात की। इससे पहले कतर के अमीर को भारत आगमन पर राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल शामिल था। कतर के अमीर ने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ कई बैठकों में भाग लिया। यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत करेगी।

# 'आप' नेता सत्येंद्र के खिलाफ चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

## राष्ट्रपति ने दी गृह मंत्रालय को इजाजत, ईडी जल्द कर सकती है गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की अनुमति दे दी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 218 के तहत कोर्ट में मामला चलाने के लिए अनुमित मांगी थी। गृह मंत्रालय का कहना है कि ईडी से मिली सामग्री के आधार पर सत्येंद्र के खिलाफ इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए स्वीकृति देने के पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं। वहीं, ईडी जल्द गिरफ्तार कर सकती है। इससे पहले ईडी ने जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मई 2022 में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय जैन के पास स्वास्थ्य, बिजली और कुछ अन्य मंत्रालय थे, लेकिन बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पिछले साल अक्तूबर में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए 18 महीने की सजा के बाद जैन को जमानत दे दी थी। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

ईडी ने पहले कहा था कि उसकी जांच में पाया गया कि 2015-16 के दौरान सत्येंद्र एक लोक सेवक थे और चार कंपनियों से 4.81 करोड़ की आवास प्रविष्टियां (हवाला) प्राप्त हुईं, जिसके बदले हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को नकद राशि हस्तांतरित की गई। एजेंसी ने कहा था कि राशियों का उपयोग कृषि भूमि की सीधी खरीद या दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लिए गए ऋण के पुनर्भुगतान के लिए किया गया था।

### 2017 में सीबीआई ने दर्ज किया था केस

**मनी** लॉन्ड्रिंग का मामला अगस्त 2017 में सीबीआई की ओर से कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज की गई एफआईआर से उपजा है। दिसंबर में केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि कथित आय से अधिक संपत्ति 1.47 करोड़ रुपए की थी। यह 2015-17 के दौरान जैन की आय के ज्ञात स्रोतों से करीब 217 फीसदी ज्यादा था।

# हिमाचल में आज से बिगड़ेगा मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में 19 फरवरी से मौसम बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद शिमला के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में दो दिन बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 फरवरी को लाहौल-स्पीति, किन्नौर के अलावा चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊंचे क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 19 फरवरी को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं 20 फरवरी को अधिकांश स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी जिले के लिए भारी बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ और बिजली गिरने का भी अलर्ट है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

# हिमाचल में पैसेंजर गुड्स टैक्स जमा करने पर 10 फीसदी छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने टैक्सी, ट्रक और कांट्रैक्ट कैरिज ऑपरेटरों को बड़ी राहत देते हुए पैसेंजर गुड्स टैक्स (पीजीटी) जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

अब वाहन मालिक 31 मार्च तक 10 प्रतिशत छूट के साथ शेष पीजीटी टैक्स परिवहन विभाग में स्पेशल रोड टैक्स (एसआरटी) के रूप में जमा करवा सकते हैं। प्रदेश में कई कमर्शियल वाहन मालिक ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक आबकारी विभाग का बकाया पीजीटी टैक्स जमा नहीं करवाया है। सरकार ने यह निर्णय वाहन मालिकों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया है, ताकि वे समय पर टैक्स जमा कर वाहनों को सुचारु रूप से चला सकें। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि वाहन मालिक 31 मार्च तक पीजीटी टैक्स जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें एसआरटी के रूप में मिलने वाली सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। टैक्स क्लीयरेंस न होने पर वाहनों की पासिंग भी रोक दी जाएगी।

**वाहन मालिकों को दिया 31 मार्च तक मौका**

# घरेलू हिंसा कानून पर रिपोर्ट दाखिल न करने वाले राज्यों को फटकार

## सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों को दिए चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने घरेलू हिंसा से संबंधित कानून के कार्यान्वयन के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं करने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई और उन्हें जुर्माने के तौर पर 5,000 रुपए का भुगतान करते हुए चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ से याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कई राज्यों और कें शासित प्रदेशों ने शीर्ष अदालत के निर्देश के बावजूद स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। पीठ ने कहा कि संबंधित राज्यों के वकीलों ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा है। पीठ ने कहा कि आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और असम ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की है।

केंद्र शासित प्रदेशों दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख तथा लक्षद्वीप ने भी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि यदि आप रिपोर्ट दाखिल नहीं करते हैं, तो अगली बार जुर्माना दोगुना हो जाएगा। पीठ ने मामले को 25 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर दिया। शीर्ष अदालत ने दो दिसंबर 2024 के आदेश में कहा था कि घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के कार्यान्वयन के संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले 17 जनवरी को शीर्ष अदालत ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का समय 14 फरवरी तक बढ़ा दिया था।

**कहा- अगली बार जुर्माना दोगुना लगेगा**

### यौन अपराध: आरोपियों व नाबालिग पीड़ितों की एसटीडी जांच संबंधी कदमों पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों के आरोपियों और नाबालिग पीड़ितों की यौन संचारित रोगों (एसटीडी) संबंधी जांच के लिए दिशा-निर्देश का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर केंद्र और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने 14 फरवरी को इस विषय पर सुनवाई की थी और अगली सुनवाई 28 मार्च को होगी।

### अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में मिली आरोपी क्रिश्चियन को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले में बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ के 12 वीवीआई हेलिकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही है। दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। जेम्स को निचली अदालत की ओर से तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

# केरल में स्टूडेंट को थूक मिलाकर पानी पिलाया

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केरल के तिरुवनंतपुरम के करियावट्टोम गवर्नमेंट कॉलेज में सीनियर्स ने एक स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया। इतना ही नहीं उसे घुटने के बल बैठाकर पीटा गया।

पीड़ित स्टूडेंट की शिकायत पर 7 सीनियर स्टूडेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस ने भी केस दर्ज कर लिया है। केरल में एक हफ्ते में रैगिंग का यह तीसरा केस है। पीड़ित छात्र बायोटेक्नोलॉजी फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है, उसने 12 फरवरी को शिकायती पत्र देकर कहा कि सीनियर्स ने उसे एक कमरे में घेर लिया और बेरहमी से पीटा।

आरोपियों में से छह थर्ड ईयर और एक सेकेंड ईयर का स्टूडेंट है। पीड़ित का आरोप है कि केरल में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की स्टूडेंट विंग स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के यूनिट रूम में उसकी पिटाई की गई। बताया जा रहा है कि मारपीट से पहले कैंपस में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच कुछ झड़पें हुई थीं।

**सात सीनियर स्टूडेंट्स किए सस्पेंड**

# हिमाचल में सूखे से भड़की आग, धधक रहे जंगल

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में हर साल जंगलों में आगजनी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सूखे का डंक आग भड़काने का काम कर रहा है। जून माह को आगजनी के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील महीना माना जाता है, मगर जलवायु परिवर्तन से दिसंबर से मार्च तक भी अब जंगल धधकने लगे हैं।

रिहायशी मकान तक चपेट में आ रहे हैं, जिसमें करोड़ों रुपए की निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति स्वाह हो रही है। गौरतलब है कि 600 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र अत्यधिक अग्नि ग्रसित श्रेणी में आता है, जबकि 305 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र उससे कम और 999 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र मध्य भाग श्रेणी में तथा 4131 वर्ग किलोमीटर उससे भी कम श्रेणी में आता है। देहरादून स्थित भारतीय वन सर्वेक्षण से पता चला है कि नवंबर 2022 से जून 2023 तक 704, जबकि नवंबर 2023 से जून 2024 तक 10,136 आगजनी की घटनाएं घट चुकी हैं। साल 2023-24 व 25 के शुरुआती माह में आगजनी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं, प्रतिशतता के हिसाब से आंकें, तो 1,450 फीसदी के तहत चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। आग से वन्यजीवों के आवास भी प्रभावित हो रहे हैं। कई वन्य जीव प्रजातियां विलुप्त होने के कारण पर पहुंच गई हैं। कुछ विशेष प्रकार के जंगली पशु और पक्षी भी पलायन करने को मजबूर हैं। वहीं, आसमानी बिजली गिरने से आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

**देहरादून के भारतीय वन सर्वे से सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े**

### बजट सत्र में सामने आएंगे तथ्य

**आगामी** 10 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अभी तक हुई आगजनी की स्थिति के तथ्य सामने आएंगे। हालांकि, केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह इस बाबत राज्यसभा कार्रवाई के दौरान अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं और उन्होंने उपरोक्त सर्वेक्षण को सभा पटल पर रखा था।

### वन विभाग ने चौकन्ना किया अग्निशमन बल

**प्रदेश** वन विभाग ने भी माना है कि पिछले दो साल से जंगल की आग में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है, जिसको देखते हुए उनकी तरफ से फायर वाउचर तैनात किए गए हैं। अग्निशमन बल को पूरी तरह से चौकन्ना रखा गया है। वहीं, उपग्रह प्रणाली की मदद से अग्नि चेतावनियां फायर अलर्ट देना भी शामिल है। वनों में आग की जानकारी देने के लिए ऑब्जर्वेशन पोस्ट का गठन किया है। संवेदनशील वन क्षेत्र में ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा वनों को आग से बचाने के लिए स्वयंसेवकों व गैर सरकारी संगठनों का भी पंजीकरण किया गया है जो आग रोकने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**गुड न्यूज** परवाणू-सोलन फोरलेन के 40 किलोमीटर में लैंडस्लाइड जोन में अपनाई जा रही खास तकनीक, मिट्टी का कटाव भी रुकेगा

# राजमार्गों पर दरकते पहाड़ों को रोकेगी रेनफोर्स मैट तकनीक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**हिमाचल** प्रदेश में रेनफोर्स मैट तकनीक से बरसात के दौरान मुख्य राजमार्गों में होने वाले लैंडस्लाइड रोके जाएंगे। परवाणू-सोलन फोरलेन के 40 किलोमीटर में लैंडस्लाइड जोन में इस तकनीक को अपनाया जा रहा है।

सुखद परिणाम आने पर अन्य नेशनल हाईवे में भी आजमाया जा सकेगा। इससे जहां दरकते पहाड़ों से मिट्टी का कटाव रुकेगा, तो वहीं वनस्पति और पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। इन दिनों संबंधित कंपनी ड्रिलिंग कार्य कर रही है। अब कुछ साइटें ऐसी हैं, जहां पर ड्रिलिंग कार्य पूरा कर रेनफोर्स मैट बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। खास बात यह है कि यदि इससे यदि पहाड़ से पत्थर दरकता है तो वह सड़क तक नहीं आएगा। रेनफोर्स मैट के अंदर ही पत्थर और मलबा रह जाएगा। इससे हाईवे से होकर जाने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए यात्रा का जोखिम कम होगा, साथ ही बरसात में भी सफर सुरक्षित रहेगा। (अनंत ज्ञान)





### क्या है रेनफोर्स मैट तकनीक

**हल्का** तीन आयामी कटाव मैट, जो दोनों तरफ से एक जैसा दिखता है, जिसे मिट्टी के स्थायी कटाव नियंत्रण प्रदान करने और तटबंध ढलानों, नदी के किनारों, चैनलों, तटीय और अन्य कटाव प्रवण क्षेत्रों के लिए घास और वनस्पति की जड़ प्रणाली को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया है। सतह के ठीक नीचे मिट्टी के भीतर स्थापित किया जा सकता है या सतह पर रखा जा सकता है और एक सुरक्षा परत के रूप में कार्य करने के लिए हाइड्रो-मल्च किया जा सकता है।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### कई पहाड़ों पर बिछाए रेनफोर्स मैट

**परवाणू**-सोलन फोरलेन में सुरक्षित यात्रा के लिए कंपनी की ओर से मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास और मैश विधि से दरक रहे पहाड़ों को रोकने का प्रयास किया जाएगा। मैश विधि को उन पहाड़ों पर अपनाया किया जा रहा है, जहां से पत्थर गिरने का खतरा रहता है। मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास विधि को मिट्टी के साथ दरकने वाले पहाड़ों पर प्रयोग में लाया जाएगा। ड्रिल करने के बाद पहाड़ों में मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास लगाया जाएगा। इसके बाद रेनफोर्स मैट लगाया जाएगा। कई पहाड़ों पर रेनफोर्स मैट बिछा दिए गए हैं। अब शॉर्ट कंक्रीट का कार्य भी होगा। परमाणू से सोलन के बीच 42 ऐसी जगह चयनित की गई हैं, जहां पर बरसात में लगातार भू-स्खलन होता है।



**एनएचएआई** की ओर से टेंडर लगाकर कार्य आवंटित किया गया। कार्य तेज गति से चल रहा है। परवाणू-सोलन के बीच कार्य चला हुआ है। मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास और मैश विधि का प्रयोग किया जा रहा है। कई साइटों पर रेनफोर्स मेट भी बिछा दिए हैं। मेट से बाहर पत्थर नहीं गिरेंगे।
**-मनोज कुमार, डीपीएम, वॉल प्रोटेक्ट कंपनी।**

# हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज पर लगेगा एक लाख रुपए जुर्माना

## बंद पड़े सीवरेज प्लांट से रिसाव होने पर कार्रवाई

**शुभम राही, बिलासपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

**पॉल्यूशन** कंट्रोल बोर्ड बिलासपुर की संयुक्त टीम ने मंगलवार को हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला का औचक निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि कॉलेज के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद पड़ा है और खुले में सीवरेज का फैलाव हो रहा था। पहाड़ी से नीचे खुले में गंदा पानी बह रहा था।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि नियमों की अवहेलना करने पर कॉलेज प्रशासन को एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिए गए कि सीवरेज सिस्टम को जल्द से जल्द पुन: सक्रिय करें और प्रदूषण नियंत्रण के सभी उपायों का पालन सुनिश्चित करें। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। कॉलेज प्रशासन ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को बंद रखा था, जिससे सीवरेज खुले में पहाड़ी से नीचे की ओर बह रही थी। कॉलेज प्रशासन पर कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का एक्शन**

## न्यूज ब्रीफ

### बूणी व नौंहगी में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के कस्बा कांगू से रंगस को जाने वाली सड़क की रिपेयर व निर्माण का कार्य चला है, जिसके चलते पंचायत बूणी व नौंहगी के घरों को जाने वाली पेयजल आपूर्ति आंतरायिक रूप से बाधित रहेगी। जलशक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी ने बताया कि इस सड़क के कार्य के चलते पानी आपूर्ति दो पंचायतों में आंतरायिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने नौंहगी व बूणी पंचायत वासियों से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### वाद-विवाद में आकाश और अंकिता विजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनएससीबीएम राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में अभिव्यक्ति 2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान तमन्ना एमएससी बॉटनी, द्वितीय अंशिका बीएससी एवं तृतीय निधि एमएससी गणित ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. मोनिका पुरी, प्रो. सुरेश कुमार एवं डॉ. पूनम शर्मा रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेता आकाश और अंकिता, द्वितीय मुस्कान और ईशा और तृतीय टेकू भाऊ और कनिका रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. पवन वर्मा, प्रो. नीरज एवं डॉ. दिनेश रहे। भाषण प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों में प्रथम जितेंद्र एमएससी केमिस्ट्री द्वितीय, अक्षित जेएमसी और तृतीय रणजीत बीए अंतिम वर्ष रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. एनडी खन्ना, प्रो. नीरज एवं प्रो. हर्षा रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सततः विकास और पर्यावरण संरक्षण शीर्षक पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर के भूगोल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत दाड़ला सुजानपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य अथिति प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने लोगों को ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करने का आह्वान किया। प्रो. राजीव ठाकुर ने कोयला, पेट्रोल, डीजल जैसे परंपरागत संसाधनों के दुष्प्रभाव बताए। प्रो. वंदना सूद ने ऊर्जा के नवीनीकरण योग्य साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सत्र अध्यक्ष प्रो. उमा देवी रहीं। पंचायत उपप्रधान जगन कटोच ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में दाड़ला पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अवतार सिंह को सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की बेला पंचायत के 35 वर्षों तक प्रधान रहे 97 वरिष्ठ कांग्रेस नेता जेसीओ ठाकुर अवतार सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उन्हें सेना के जवानों सहित सैकड़ो लोगों ने अंतिम विदाई दी। कांगड़ा के योल से आई सेना की टुकड़ी ने उन्हें सलामी देकर श्रद्धांजलि दी। अवतार सिंह के बेटों दिलावर सिंह, संजय टिंका ठाकुर तथा अजय कुमार ने मुखाग्नि दी। काबिलेगौर है कि अवतार सिंह मिलनसार व रसूख वाले थे जिसके चलते उन्होंने 35 वर्ष तक बेला पंचायत का बतौर प्रधान प्रतिनिधित्व किया। वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बेहद करीबी लोगों में शामिल थे । वर्ष 1971 के पाकिस्तान युद्ध के दौरान जब स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सेना में मेजर थे तो उनके नेतृत्व में ठाकुर अवतार सिंह ने बतौर जेसीओ लोंगोवाल में युद्ध लड़ा था।

### प्रशिक्षु अध्यापकों ने चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इको क्लब के संयोजक चंपा ठाकुर ने बीएड तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों ने कॉलेज के प्रांगण की साफ सफाई करवाई गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरित होकर प्रशिक्षु अध्यापकों ने कॉलेज के प्रांगण तथा सड़क पर स्थानीय लोगों द्वारा फैंके गए कूड़े कचरे की सफाई की। इसमें बीएड के प्रशिक्षु अध्यापक व कॉलेज के स्टाफ सदस्य प्रो.चंपा ठाकुर, प्रो. हर्ष गुलेरी प्रो. सरिता वर्मा, प्रो. सुनीता कुमारी, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. यशिका कुसुम प्रो. वर्षा शर्मा, प्रो. आरती कौशल, क्लर्क सदस्य पंकज कुमार, शामिल रहे।

### ऊना की टीम ने 4 विकेट पर 331 रन बनाए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शिमला व ऊना की टीम के बीच शुरू हुआ। ऊना के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ऊना की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 87.1 ओवर में 4 विकेट पर 331 रन बनाए। बल्लेबाज पृथ्वी राज ने 31, राघव आंगरा ने 141 रन बनाए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 120 रन बनाए। शिमला की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवीन कंवर ने 2 तथा रजत वर्मा व योगदीप सिंह ने 1-1 विकेट ली। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने दी।

### डॉ. मोहन को वाइस चेयरमैन बनाने पर कस्बा बड़ा में जश्न का माहौल



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा नादौन के कस्बा बड़ा से संबंध रखने वाले डॉ. मोहन लाल कौंडल को हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम का वाइस चेयरमैन बनाने पर कस्बा में खुशी का माहौल है। डॉ मोहन लाल कौंडल को इस पद पर मनोनीत करने पर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रवीण चौधरी, कुलदीप पटियाल, राजेश कुमार पिंका, एडवोकेट संसार चंद रनौत, सुदर्शन कुमार जरियाल, जीत कुमार, सुरिंदर ठाकुर सुन्नी, लाल चंद परमार, कुलतार परमार, अंकुश परमार, बड़ा पंचायत की प्रधान सरिता देवी, कल्पना कुमारी, डॉ. जय प्रेम सिंह आदि ने डॉ. मोहन लाल कौंडल को हार्दिक बधाई दी हैं एवं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का विशेष रूप से धन्यवाद किया। डॉ मोहन लाल कौंडल द्वारा आज अपने क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांगड़ा में ओबीसी कार्यालय में जाकर अपना कार्यभार संभाला। वहीं, डॉ. मोहन का उनके क्षेत्र बड़ा में पहुंचने पर मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने जोर शोर से स्वागत किया गया। डॉ. मोहन लाल के बड़ा में पहुंचने पर सर्व प्रथम राम मंदिर बड़ा में माथा टेका एवं पूजा-अर्चना की। इस दौरान डॉ. मोहन लाल कौंडल ने अनंत ज्ञान से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का उनको इस पद पर मनोनीत करने पर विशेष रूप से धन्यवाद किया है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्राथमिकता से उठाएंगे। गौर रहे कि डॉ. मोहन लाल कौंडल पिछले 5 दशक से कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं जो कि कांग्रेस पार्टी के नादौन के मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# चीड़ के पेड़ों के न काटने से लटका सलौणी दियोटसिद्ध सड़क को चौड़ा करने का कार्य

## लोक निर्माण विभाग ने वन विभाग को एक माह पहले भेजा था फोरेस्ट राइट एक्ट की अप्रूवल के लिए लेटर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर जा रही सड़क को चौड़ा करने का कार्य लगभग दो माह पहले शुरू किया था, लेकिन सड़क की कटिंग करने के बाद चीड़ के पेड़ खतरा बने हुए हैं। चीड़ के पेड़ों को काटने के लिए लोक निर्माण विभाग ने एक माह पहले फोरेस्ट राइट एक्ट की अप्रूवल के लिए लेटर भेजा था, लेकिन अभी तक यह अप्रूवल लोक निर्माण विभाग को नहीं मिली है।

राज्य सभा सांसद ने भी सलौणी से दियोटसिद्ध सड़क को चौड़ा करने के लिए लोक निर्माण विभाग से डीपीआर देने के लिए लेटर लिखा था। राज्य सभा सांसद ने श्रद्धालुओं को आ रही परेशानियों को देखते हुए इस सड़क को चौड़ा करने के लिए सरकार को लिखा था। हालांकि लोक निर्माण विभाग से सलौणी लोक निर्माण विभाग ने जलाड़ी से दियोटसिद्ध मंदिर तक सड़क को चौड़ा करना शुरू कर दिया है, लेकिन सलौणी से दियोटसिद्ध सड़क पर चीड़ के पेड़ सड़क को चौड़ा करने में बाधा बन रहे हैं।

वहीं, युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी इंजी. आशीष ठाकुर ने बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया पर आरोप लगाया है कि बड़सर की जनता ने उन्हें 31 हजार वोट दिए थे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होते भी सुभाष ढटवालिया फोरेस्ट राइट एक्ट की मंजूरी नहीं दिला पा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया से सवाल किया है कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कोई एक काम बता दें जो उन्होंने करवाया हो।

हालांकि इस सड़क के लिए मुख्यमंत्री ने इस सड़क को चौड़ा करने के लिए 26 करोड़ रुपए दिए थे। उन्होंने कहा कि बाबा बालक मंदिर को जाने वाली सड़कों को चौड़ा करने से श्रद्धालुओं को सुविधा होनी है, इसलिए सड़क को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में वन विभाग के अधिकारी एक छोटी सी परमीशन नहीं दे रहे हैं।



यही कारण है कि सलौणी से दियोटसिद्ध तक चीड़ के पेड़ अब खतरा बनते जा रहे हैं। यहां तक कि ठेकेदार भी इन पेड़ों को नहीं काट रहा है। गौर रहे कि जलाड़ी से दियोटसिद्ध मंदिर तक सड़क को 5 से 7 मीटर तक चौड़ा किया जाना है। इसके लिए सड़क की कटिंग की जा रही है, लेकिन बीच में चीड़ के पेड़ आ गए हैं। इससे सड़क को चौड़ा करने का कार्य रुक गया है।

सलौणी से दियोटसिद्ध तक लगभग 70 से 80 चीड़ के पेड़ हैं, जिन्हें काटना पड़ेगा। इसके लिए वन विभाग से एफआरए फोरेस्ट राइट एक्ट के तहत परमीशन मिलने से इन पेड़ों को काटा जा सकता है।

इस बारे में डीएफओ अंकित कुमार ने बताया कि सलौणी से दियोटसिद्ध तक चीड़ के पेड़ों के कितने पेड़ कटने हैं, उसके बारे में आरओ से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद ही इन्हें काटने की परमीशन दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# गरसाहड़ गांव के ग्रामीणों ने पेयजल पाइप जोड़ने के कार्य को रुकवाया

**पांच गांवों में 14 दिन से नहीं आया पानी, ग्रामीण हो रहे परेशान**

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बस्सी से तहतार सड़क के विस्तारीकरण के चलते बड़ोह टैंक से भरेड़ी के पास पाइपलाइन टूट चुकी है। भरेड़ी से बडैहर सड़क के पास सारी पाइपलाइन टूट गई थी, जिससे गजरेड़ा ककरोल, दर और रोपड़ी, बडैहर इत्यादि गांवों का पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है, जिसे जोड़ने का कार्य जल शक्ति विभाग द्वारा किया जा रहा था, लेकिन गरसाहड़ गांव के कुछ ग्रामीणों ने यह कहकर कम बंद करवा दिया कि यह हमारी जमीन है और पाइप लाइन को दो बार जोड़ने के लिए जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को रोक दिया।

हालांकि, विभाग सड़क के किनारे ही पाइप लाइन 65 एमएम को बिछा रहा है, जिससे 14 दिन से गांव गजरेडा, ककरोल, दर और रोपड़ी, बडैहर इत्यादि गांवों का पेयजल प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना कि पहले अंबी भरेड़ी, भरेड़ी हॉस्पिटल, गरसाड़ इत्यादि गांवों की पाइप लाइन को जोड़ा जाए, तब पाइप लाइन आगे जोड़ा जाए। उधर, इस बारे कनिष्ठ अभियंता अनुभाग भरेड़ी कमलेश कुमार का कहना है कि दो बार कर्मचारी पाइप लाइन को जोड़ने के लिए मौके पर गए थे, लेकिन ग्रामीणों ने सड़क के किनारे पाइप लाइन को बिछाने नहीं दे रहे हैं, जिससे 14 दिन से गांव गजरेड़ा, ककरोल, दर और रोपड़ी इत्यादि का पेयजल प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण परेशान हैं।

उन्होंने कहा की गरसाहड़ इत्यादि को जाने वाली पाइप लाइन को भी जोड़ दिया जाएगा, लेकिन ग्रामीण संयम रखें। हमें काम करने दो, तभी समस्या का हल हो सकता है। उधर, इस बारे गरसाड़ पंचायत के उपप्रधान विकास शर्मा का कहना है कि जलशक्ति विभाग पहले गांव बली, अंबी, गरसाहड़, भरेड़ी की पाइप लाइन जोड़ कर पेयजल बहाल कर उसके पश्चात गजरेड़ा गांव की तरफ जाने वाली पाइप लाइन को जोड़ने देंगे।

# समस्याएं हल नहीं हुईं तो करेंगे आवाज बुलंद : राणा

## भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड श्रमिक वर्ग की समस्याओं का करे हल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के गृह जिले में मजदूर श्रमिक दिहाड़ीदार वर्ग के लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है सरकार इस वर्ग की समस्याओं का समाधान करें, अन्यथा आने वाले दिनों में इस तरह के व्यवस्था परिवर्तन के गंभीर परिणाम सरकार को भुगतने होंगे। यह बात सुजानपुर पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मंगलवार को हमीरपुर में चल रहे भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय में पहुंचे और लोगों कि समस्याओं को सुना।

उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्र के लोगों की लगातार शिकायत उनके पास आ रही थी कि इस कार्यालय में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रातः 4 बजे लाइन में लगकर काम करवाने के लिए आना पड़ रहा है, लेकिन काम नहीं हो रहे। लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जो सही बात नहीं है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही यह हाल है तो प्रदेश के अन्य जिलों में प्रदेश की जनता का क्या हाल होगा।



पूर्व विधायक ने कहा कि एक श्रमिक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। श्रमिक मजबूत है तो प्रदेश मजबूत रहेगा, लेकिन यहां कामगार कल्याण बोर्ड, हमीरपुर कार्यालय में श्रमिकों को धक्के खाने पड़ रहे हैं। स्टाफ की कमी, बुनियादी सुविधाएं न होना और श्रमिकों की लंबी कतारें लग रही हैं। क्या इस तरह होगा हिमाचल का विकास होगा, क्या सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है।

इस वर्ग की समस्याओं का समाधान सरकार ने नहीं किया तो यह लोग मजबूर होकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा की जैसे पहले ब्लॉक स्तर पर कार्यालय खोले गए, ठीक उसी तरह फिर से उन कार्यालयों को खोला जाए ताकि लोगों की समस्याएं ब्लॉक स्तर पर ही निपट जाएं।

# पानी की कमी होने पर जलशक्ति विभाग भोरंज ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

जलशक्ति विभाग उपमंडल भोरंज के अधिकारियों ने अपील जारी करते हुए कहा है कि अधिक गर्मी के मौसम में पानी का दुरुपयोग न करें और जरूरत अनुसार ही पानी का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि यदि भोरंज क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन किसी कारण से लीक हो तो इसकी सूचना विभाग को तुरंत दें। सभी को सुचारु रूप से पानी उपलब्ध हो, यह तभी संभव होगा, जब हम पानी का दुरुपयोग बंद करेंगे।

उन्होंने आम जनता से जल संरक्षण के बारे में सुझाव देने की अपील भी की है। जिसके लिए ग्रामीण भोरंज के विधायक सुरेश कुमार 9418063205, जलशक्ति उपमंडल भोरंज व लदरौर के अधिकारियों व कर्मचारियों में जलशक्ति विभाग भोरंज मंडल के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्ढा 7018314735, जलशक्ति विभाग उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता आशीष देव के मोबाइल नंबर 7018247068, जलशक्ति विभाग उपमंडल लदरौर के सहायक अभियंता राजेंद्र पठानिया 9418459821, जलशक्ति विभाग उपमंडल कंजयाण के सहायक अभियंता राकेश लखनपाल 829992956, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग भोरंज साहिल ठाकुर 7018249649, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग भरेड़ी कमलेश कुमार 9816430341, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग धमरोल मनीष कटोच 8626891995, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग लदरौर व पट्टा जितेंद्र कुमार 9418722332, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग समीरपुर संजू कुमार 9805408182, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग कंज्याण अरुण कुमार 8580475629 पर संपर्क किया जा सकता है।

# तेंदुए का कुत्ते पर हमला सीसीटीवी में कैद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के भोरंज ब्लॉक की कडहोता पंचायत में तेंदुए के हमले की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। रविवार रात करीब 12 बजे तेंदुआ गांव में घुस आया और एक पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे गांव में दहशत फैल गई है। तेंदुए ने जोगिंद्र कुमार के पालतू कुत्ते को घसीटने की कोशिश की, लेकिन मालिक के हस्तक्षेप के कारण तेंदुआ घबरा गया और कुत्ते को छोड़कर भाग गया। इससे पहले भी इस इलाके में पालतू जानवरों और मवेशियों पर तेंदुए के हमले हो चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अब रात के समय उनका घरों से बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इलाके में गश्त बढ़ाई जाए और तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए क्योंकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# होली मेले से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 11 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2025 से संबंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए 11 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं जिला नाजिर शाखा में जमा करवाई जा सकती हैं। मेले में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एलईडी और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, साज-सज्जा की सामग्री, फूल-मालाओं और गमलों इत्यादि की व्यवस्था, निमंत्रण कार्ड और स्मारिका की प्रिंटिंग, पगड़ी-दुपटटों की व्यवस्था, स्मृति चिह्न, लोकल ऑर्केस्ट्रा, मेन ऑर्केस्ट्रा, लाइट एंड साउंड, मेन आर्टिस्टों और भोजन की व्यवस्था इत्यादि के लिए संबंधित फर्मों से अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एलईडी साज-सज्जा की सामग्री, फूल मालाओं और गमलों इत्यादि की व्यवस्था, निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका की प्रिंटिंग तथा लोकल ऑर्केस्ट्रा से संबंधित 4 अलग-अलग निविदाएं 3 मार्च को निर्धारित समय पर संबंधित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सहायक आयुक्त के कार्यालय में खोली जाएंगी।

मेन आर्टिस्टों, लाइट एंड साउंड और मेन ऑर्केस्ट्रा की तीन अलग-अलग निविदाएं 4 मार्च को एडीएम कार्यालय में निर्धारित समय पर खोली जाएंगी। पगड़ी-दुपट्टा, स्मृति चिह्न, सीसीटीवी कैमरों और भोजन व्यवस्था से संबंधित चार अलग-अलग निविदाएं 5 मार्च को निर्धारित समय पर सहायक आयुक्त कार्यालय में खोली जाएंगी।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का ड्रेस कोड लागू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में सरकारी स्कूलों ने अब निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करना शुरू कर दिया है। कई स्कूलों में शिक्षक ब्लेजर और महिला शिक्षिकाएं साड़ी पहनकर स्कूल आ रही हैं, जिससे स्कूलों का वातावरण बदला हुआ नजर आ रहा है।

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल में स्कूल प्रधानाचार्य विपिन माहिल की अगुवाई में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। इससे छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि वे अपने शिक्षकों को रोल मॉडल मानते हैं। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों का मानना है कि ड्रेस कोड अपनाने से स्कूल में अनुशासन और प्रेरणा का माहौल बना है। आसपास के अन्य सरकारी स्कूलों में भी इसकी चर्चा हो रही है और अब तक करीब आधा दर्जन स्कूल इस दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। प्रदेश सरकार भी आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने की योजना बना रही है, ताकि सरकारी स्कूलों में भी अनुशासन और गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। प्रधानाचार्य विपिन माहिल का कहना है कि छात्रों के चरित्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। जब शिक्षक अनुशासित और प्रोफेशनल नजर आएंगे, तो छात्रों पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। इस पहल से स्कूलों का माहौल और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)



# अवैध निर्माण पर टीसीपी विभाग ने दिए नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के साथ लगते राजस्व मुहाल जटेहड़ी और राजस्व मुहाल घिरथेड़ी ब्राह्मणा के गांव सलासी में अनुमति के बगैर किए जा रहे निर्माण कार्यों का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने दो लोगों को नोटिस जारी किए हैं।

टीसीपी विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 के तहत जारी इन नोटिसों में दोनों व्यक्तियों को निर्माण कार्य तुरंत रोकने और 15 दिन के भीतर जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के आदेश जारी किए गए हैं। नोटिस की अनुपालना न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# नादौन शहर के भूमि रिकॉर्ड का ड्रोन से होगा सर्वे

**अनंत ज्ञान, नादौन**

स्मार्ट और डिजिटल की दिशा में नादौन शहर के कदम बढ़ रहे हैं। नगर परिषद क्षेत्र की भूमि यानी शहरी भूमि रिकॉर्डर्स की सटीकता और पारदर्शिता के लिए नक्शा पायलट कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ड्रोन द्वारा शहरी भूमिका सर्वे किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ शहरी विकास विभाग के निर्देशक डॉ. नीरज कुमार ने किया। उनके साथ एडीएम राहुल चौहान तथा एसडीएम राकेश शर्मा व नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर बीडीओ निशांत शर्मा, तहसीलदार रोहित कंवर, नायब तहसीलदार बेद प्रकाश, नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी, उपाध्यक्ष ऊषा सौंधी, सचिव रमन कुमार, पार्षद सुषमा अवस्थी, तरुण कपिल, संदीप जैन,



नक्शा कार्यक्रम के शुभारंभ पर अधिकारी व अन्य।

सुमन कुमारी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. नीरज ने बताया कि देश भर में 152 नगर निकायों में आरंभ किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश के नादौन, पालमपुर, सोलन तथा मंडी में भी इसे भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार, सर्वे ऑफ इंडिया तथा प्रदेश सरकार के राजस्व तथा भू-अभिलेख विभाग के सहयोग से आगामी 6 माह में इसे पूर्ण किया जाएगा।

डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए नई आधुनिक 3डी तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ड्रोन सर्वे सहित 20 नाडीर कैमरा, सर्वे आब्लिक एंगल कैमरा तथा लिडार सैंसर द्वारा उन्नत 30 मैपिंग तकनीक द्वारा सटीक और ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इससे शहरी भूमि प्रबंधन, भूमि प्रशासन, आपदा प्रबंधन, भूमि के मालिकाना हक के विवाद समाप्त करने में सहायता आदि लाभ होंगे तथा पारदर्शी और सटीक रिकार्ड ऑनलाइन उपलब्ध होगा। इसके अलावा गृह कर आदि समस्याओं का भी निदान होगा।

# 5 तक बंद रहेगी झिरालड़ी लोहडर-अघार सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल में झिरालड़ी-लोहडर-मीना का देहरा-अग्घार सड़क के मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 5 मार्च तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि झिरालड़ी-लोहडर-मीना का देहरा-अग्घार सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर यातायात 5 मार्च तक बंद किया गया है।

इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक भोटा-बड़सर सड़क या भोटा-समताणा सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

**मंथन** विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय के महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा, उपायुक्त अमरजीत सिंह ने दिए निर्देश

# केंद्रीय विद्यालय की चारदीवारी का कार्य जल्द किया जाए पूरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर की चारदीवारी का कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करने और विद्यालय के अत्याधुनिक बास्केटबाल कोर्ट के आसपास दर्शक दीर्घा का निर्माण करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय की चारदीवारी के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान हो चुका है। अब इसके कार्य में विलंब न करें तथा मेन गेट के साथ ही सुरक्षा कर्मियों के लिए केबिन का भी प्रावधान करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के मंच के साथ ही ग्रीन रूम का कार्य भी जल्द पूरा करवाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग को विशेष निर्देश दिए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पीएम श्री के तहत विद्यालय को लगभग 82 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। इस धनराशि का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी के तहत क्लास रूम, कंप्यूटर लैब और लाइब्रेरी इत्यादि के लिए फर्नीचर की खरीद निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से ही होनी चाहिए। विद्यालय के पुराने एवं अनुपयोगी सामान को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही नीलाम किया जाए।



वर्तमान सत्र में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रबंधन समिति ने आगामी सत्र के लिए आवश्यक प्रबंधों को भी मंजूरी प्रदान की। समिति ने विद्यालय परिसर में समय-समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं के लिए टेंट तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों के लिए निविदाएं आमंत्रित करने, कंप्यूटर लैब और स्टाफ रूम के लिए एसी की खरीद, पीएम श्री फंड से फर्नीचर की खरीद और अन्य सामग्री के लिए भी स्वीकृति दी।

प्रबंधन समिति ने विद्यालय का वार्षिक उत्सव सत्र के आखिरी हफ्ते में ही आयोजित का निर्णय लिया। समिति ने विद्यालय से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की। समिति के सचिव एवं प्रधानाचार्य सुनील चौहान ने विद्यालय में करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शिक्षक रविंद्र कुमार ने अध्यक्ष और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर, अन्य विभागों के अधिकारी तथा विद्यार्थियों के अभिभावक प्रतिनिधि भी प्रबंधन समिति के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक के बाद उपायुक्त और समिति के अन्य सदस्यों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया तथा प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों को अत्याधुनिक मैजिक स्लेट भी वितरित किए। इस दौरान उपायुक्त ने ट्विनिंग प्रोग्राम के तहत विद्यालय परिसर के भ्रमण पर पहुंचे हमीरपुर जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चों के साथ भी संवाद किया।

# पंचायतों में मार्केट रेट से ज्यादा रेट पर निविदाएं स्वीकार करने की शिकायत

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन ब्लॉक में कई पंचायतों द्वारा मार्केट रेट से ज्यादा रेट पर निविदाएं स्वीकार की जा रही हैं, जो उचित नहीं है। सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है।

ऐसी शिकायतें बीडीओ नादौन को मिली हैं। शिकायतों का कड़ा संज्ञान लेते हुए बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने पंचायत प्रधानों, पंचायत सचिवों व तकनीकी कर्मचारियों को एक आदेश पारित किया है कि यदि किसी ने प्रचलित मार्केट दरों से ज्यादा रेट पर निमार्ण सामग्री व इससे जुड़े अन्य सामान खरीदा तो इस राशि की रिकवरी उनसे की जाएगी। कार्यालय आदेश में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों का दायित्व है कि निविदाओं की दें स्वीकृत करने से पहले एक समिति बनाकर प्रचलित बाजार दरों का सर्वे भी करवाएं, लेकिन यह ध्यान में आया है कि कई ग्राम पंचायतों द्वारा प्रचलित बाजार दरों से काफी अधिक दरों पर निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।

यही नहीं कई पंचायतों ने तो कुछ महीने पहले ही पुरानी निविदाएं रद्द कर दी हैं तथा फिर से नई निविदाएं आमंत्रित कर दी हैं, जो प्रचलित बाजार दरों से काफी अधिक हैं, साथ लगती ग्राम पंचायतों में भी दरों का काफी अंतर पाया गया है।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी से मिले सीएम सुक्खू



शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल से मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

## न्यूज ब्रीफ

### आबकारी विभाग ने व्यापारी से वसूला 1.30 लाख रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ई-वे बिल का दुरुपयोग करके विभाग को चकमा देते हुए लाखों की चपत लगाने वाले एक व्यापारी के ट्रक को माल सहित पकड़ कर राज्य कर एवं आबकारी विभाग नादौन ने कड़ी कार्रवाई की है। उक्त व्यापारी को विभाग ने करीब एक लाख तीस हजार का जुर्माना लगाया है। राज्य कर एवं आबकारी सहायक आयुक्त नादौन अरविंद शर्मा की अगुवाई में अधिकारी मनमोहन सिंह की टीम ने शातिराना ढंग से नियमों का दुरुपयोग करने वाले इस अति-गंभीर मामले का पर्दाफाश किया है। हैरानी की बात यह रही कि एक दिन के लिए जारी एवं मान्य ई-वे बिल पर व्यापारी का ट्रक सरिया लाद कर एक दिन में ही ऊना क्षेत्र से ज्वालामुखी क्षेत्र तक दो-दो चक्कर लगा रहा था। जिसके कारण विभाग को लाखों की चपत लग रही थी। नादौन में विभाग की टीम को जब इसकी जानकारी मिली तो विभाग इस पर नजर बनाए हुए था। उसके बाद टीम ने फिल्मी स्टाइल में इसे पकड़ लिया और इस मामले में कड़ी कार्रवाई की गई। इस संबंध में पुष्टि करते हुए विभाग के सहायक आयुक्त अरविंद शर्मा ने बताया कि ई वे बिल का दुरुपयोग करने पर कार्रवाई की गई है।

### बढ़ते नशे के खिलाफ एकजुट होकर आगे आएं लोग : प्रतिभा सिंह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के सभी लोगों से बढ़ते नशे के खिलाफ एकजुट होकर आगे आने का आह्वान करते हुए कहा है कि सभी राजनीतिक दलों को भी इसके खात्मे के लिए समाज व युवाओं की भलाई के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने भाजपा से इस गंभीर समस्या पर राजनीतिक हित न साधने व बढ़ते नशे के खिलाफ सरकार व समाज को अपना पूरा सहयोग देने का आग्रह किया है। उन्होंने मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार चिट्टा व अन्य नशे के खात्मे के लिए पूरी मजबूती से कार्य कर रही है पुलिस भी पूरी सक्रीयता से नशे के तस्करों व इससे जुड़े लोगों की व्यापक धड़पकड़ कर रही है। प्रतिभा सिंह ने युवाओं का आह्वान किया है कि उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिये खेलकूद व योगाभ्यास पर ध्यान देते हुए उन्हें अपना व अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# नशा मुक्त हिमाचल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : राज्यपाल

## कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हिमाचल प्रदेश में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजभवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पिछले वर्ष के दौरान की गई प्रमुख घटनाओं और पहलों पर प्रकाश डालने वाली 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। राजभवन के कर्मचारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

इस दौरान राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान की गई कई सामाजिक पहलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नशा मुक्त हिमाचल अभियान पर विशेष जोर दिया और समाज के सभी वर्गों, खासकर मीडिया से मिले समर्थन की सराहना की।

राज्यपाल ने संवैधानिक ढांचे के भीतर अपने पद की गरिमा को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश हमेशा उनके लिए घर जैसा रहा है और राज्य के प्रथम नागरिक के रूप में वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं। नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इससे देवभूमि हिमाचल प्रदेश की पहचान प्रभावित हुई है। उन्होंने जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के अपने प्रयासों पर प्रकाश डाला और इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि समाज के विभिन्न वर्गों में नशे के खिलाफ आंदोलन ने गति पकड़ी है।



## एनसीसी कैडेट्स ने की राज्यपाल शुक्ल से भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** गणतंत्र दिवस शिविर 2025 में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की और उनके साथ अपने अनुभव सांझा किए। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़ एनसीसी निदेशालय 93 कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया, जिनमें से हिमाचल के 23 कैडेट्स शामिल थे। राज्यपाल ने उनसे भेंटकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। एनसीसी न केवल एक संस्था है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और सेवाभाव का एक सशक्त मंच है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव चंद्र प्रकाश वर्मा, एनसीसी ग्रुप शिमला के डिप्युटी कमांडर कर्नल एएस बैंस, ट्रेनिंग ऑफिसर कर्नल रवि कुमार सैनी, कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने का मुस्लिम सुधार सभा ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**नगर परिषद ने बुलाई बैठक, आज होगा मूर्ति लगाने पर फैसला**



सुजानपुर के डोली चैक में नगर परिषद द्वारा बनाए जा रहे पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुस्लिम सुधार सभा ने मस्जिद के सामने मूर्ति लगाने का विरोध किया है। सभा के लोग संबंधित विषय पर उपायुक्त हमीरपुर से मिले हैं।

उधर, इस विषय पर हिंदू समाज के लोग एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा से मिले। उन्होंने मांग की कि नगर परिषद द्वारा पार्क का निर्माण किया जा रहा है। पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाई जा रही है। इस मूर्ति के लगने से किसी को क्या परेशानी है। हिंदू समाज के लोगों में वीरेंद्र ठाकुर, शेर सिंह ठाकुर, मनीष चैहान, प्रकाश सडियाल, विपुल महाजन सहित लोगों ने कहा कि महाराणा प्रताप की मूर्ति लगनी चाहिए।

**किस बात को लेकर है विवाद**

**सुजानपुर** में डोली स्थित वार्ड नंबर 4 में मस्जिद है। नगर परिषद सुजानपुर द्वारा इन दिनों शहर के ब्यूटीफिकेशन का कार्य जारी है। विभिन्न स्थानों पर पुरातन धरोहरों को सुरक्षित रखने के अलावा नए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मस्जिद के पास खाली जमीन पर पार्क बनाने की योजना है। इसी पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति भी नगर परिषद द्वारा लगाई जाना प्रस्तावित है। मुस्लिम सुधार सभा सुजानपुर के लोग सोमवार को उपायुक्त हमीरपुर से मिले थे। सभा के महासचिव निजामुद्दीन खान ने बताया कि उन्हें स्टैचू लगाए जाने की कोई आपत्ति नहीं है। उसे गेट के आगे न लगाकर खाली जमीन पर लगाया जाए। हिंदू समाज के लोगों ने कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर से भी मुलाकात की और कहा कि जो पार्क डोली मस्जिद के बाहर बनाया जा रहा है। वहां चिन्हित स्थान पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगे। संबंधित विषय पर एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा ने कहा कि स्थानीय लोगों ने मांग पत्र दिया है उनकी जो भी मांग है उसको आगामी कार्रवाई के लिए आगे भेजा जा रहा है। अजमेर ठाकुर ने कहा कि बुधवार को नगर परिषद की बैठक बुलाई जा रही है। संबंधित विषय पर बैठक में चर्चा की जाएगी।

**अग्निहोत्री ने उदयपुर में आयोजित दूसरे ऑल इंडिया स्टेट वाटर मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में उठाई आवाज**

# पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नीति बनाने की वकालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दूसरे ऑल इंडिया स्टेट वाटर मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस (18 व 19 फरवरी) में हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

'इंडिया-2047 'जल सुरक्षित राष्ट्र' विषय पर अपने संबोधन में उन्होंने जल संकट, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और नवाचार आधारित समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया, जिससे जल प्रबंधन को अधिक स्थायी बनाया जा सके। सम्मेलन के पहले दिन अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नीति बननी चाहिए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि असमय बारिश और कम बर्फबारी के कारण जल स्रोतों का जल स्तर लगातार घटता जा रहा है।

वैज्ञानिक अध्ययनों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि हिमालयी ग्लेशियर प्रति दशक 20-30 मीटर की दर से पिघल रहे हैं, जिससे नदी प्रवाह में अनिश्चितता बढ़ रही है और जल संकट गहरा हो रहा है। इससे पीने के पानी, सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जलवायु-सहिष्णु नीतियों और उन्नत वैज्ञानिक हस्तक्षेपों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। हमें पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक तकनीक, नवाचारों और विकल्पों पर विचार करना होगा। हिमाचल का 65 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र के तहत आता है जो केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, जिससे विकास परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सीमित हो जाती है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अधूरी पड़ी लगभग 1000 पेयजल आपूर्ति योजनाओं को पूरा करने के लिए 2000 करोड़ रुपए की मांग की।

# बद्दी अस्पताल में उपचार न मिलने पर बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

**डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप**

बद्दी के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा है। दरअसल, अस्पताल में रात के समय उपचार के लिए लाए 4 वर्ष के बच्चे को उपचार न मिलने के बाद चंडीगढ़ लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब पिता सरकार से अपील कर रहा है कि उसका बेटा तो नहीं रहा, लेकिन ऐसे लापरवाह चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाए, ताकि कोई और बच्चा इस तरह अकाल मौत का शिकार न बने।

चंबा के सलूणी निवासी ने बताया कि उसके चार वर्षीय बेटे को पिछले दो दिनों से असहनीय खांसी हो रही थी। कल रात जब बच्चे की तकलीफ नहीं देखी गई तो वह बच्चे को बद्दी के सरकारी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक अपने कमरे में बिस्तर पर लेटा था। जब उसने बच्चे की तकलीफ बताई तो चिकित्सक ने बच्चे को छुआ तक नहीं चिकित्सक ने कह दिया कि सुबह तीन बजे तक इंतजार करो इसके बाद दवाई मिलेगी।

उसका कहना है कि उसने खांसी बढ़ने पर बच्चे को एक दवाई भी पिलाई थी, जिसकी जानकारी उसने चिकित्सक को दी थी, लेकिन चिकित्सक ने कहा कि अभी कुछ देर में बच्चे को नशा हो जाएगा और वह सो जाएगा। इसके बाद वह बच्चे को लेकर काफी देर तक चिकित्सालय के बाहर बेंच पर ही बैठा रहा। इस दौरान न तो किसी चिकित्सालय स्टाफ ने उसके बच्चे को देखा।

काफी देर तक तक जब बच्चे की तबीयत ठीक नहीं हुई तो उसने चिकित्सालय के बाहर खड़ी गाड़ियों में से एक गाड़ी के शीशे पर लिखे नंबर पर कॉल करके वाहन स्वामी से मदद मांगी। वाहन स्वामी बिलासुपर निवासी राकेश कुमार तुरंत वहां पहुंचे और बच्चे की बिगड़ती हालत देखकर पिता गाड़ी में बिठाकर पुत्र को लेकर चंडीगढ़ पहुंचा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

उसका कहना है कि आराम पसंद चिकित्सकों को सबक सिखाने की जरूरत है। उसने सरकार से गुहार लगाई है कि लापरवाह चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से हिमाचल में तेजी से बढ़ेगा बुनियादी ढांचा : बिट्टू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मोदी सरकार का बजट 2024-25 हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश की जनता के लिए समर्पित है। यह बजट गरीबों, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लेकर आया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, और यह बजट राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए लगातार सक्रिय हैं और प्रदेश का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल को इस बजट में 11,806 करोड़ रुपए का विशेष अनुदान दिया गया है, जिससे राज्य की अधोसंरचना, परिवहन, जल आपूर्ति, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। केंद्र हिमाचल में रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 2,716 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इस राशि से चार बड़े रेल प्रोजेक्ट, जिनकी कुल लागत 13,168 करोड़ रुपए है, को पूरा किया जाएगा।

बिट्टू ने कहा कि हिमाचल को केंद्र सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह केंद्र से मिली सहायता राशि का सही उपयोग करे और रुके हुए प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा करे।

# जुखाला के प्रधान पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा द्वारा सोमवार को जुखाला पंचायत में चिट्टे के खिलाफ एक जागरूकता रैली निकाली गई थी, जिसके तुरंत बाद जुखाला पंचायत प्रधान जगदीश ठाकुर पर माकडी मारकंड पंचायत के तीन युवको ने डंडे, तलवार, खोखरी इत्यादि हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।



जगदीश ने बताया कि जब वह अपनी कार में मारकंडेय से गसौड की तरफ आ रहे थे तो यह तीनो युवक पीछे से बाइक पर आए और जब्बल पुल से थोडा-सा आगे इन्होंने कार से ओवेर्टेक करते हुए कार को रुकवाया, जिसके बाद तीनों युवकों ने उसके साथ गाली-गलोच करते हुए डंडे व तलवार से हमला कर दिया और उसके मोबाइल को भी छीन ले गए। उन्होंने बताया कि जब वे मारपीट कर रहे थे, तो हमलावरों ने कहा कि और निकाल चिट्टे के खिलाफ रैली। जगदीश ने बताया कि सोमवार को श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने जुखाला में चिट्टे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली थी और जिन लोगों ने उसके ऊपर हमला किया है वे सभी चिट्टे के सप्लायर है। स्थानीय लोगों ने जब शोर सुना तो वे वहां भाग गए। लोगों ने पंचायत प्रधान को नागरिक अस्पताल मारकंड पहुंचाया। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस चौकी नम्होल से चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा आगामी कार्रवाई में जुट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# नादौन-डुग्घा टू-लेन पर जून के अंत तक सुहाना होगा सफर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**मटौर-शिमला फोरलेन मामले में डुग्घा से भगेड़ की एलाइनमेंट की स्थिति मार्च में होगी क्लियर**

हमीरपुर से होकर निकलने वाले मटौर-शिमला फोरलेन की डुग्घा-घुमारवीं- भगेड़ की एलाइनमेंट की स्थिति अगले महीने के अंत तक क्लियर हो जाएगी। भगेड़ के पास रेलवे बोर्ड के साथ एनएचएआई की संयुक्त बैठक होगी, उसके बाद अंतिम फैसला होगा, लेकिन राहत की सबसे बड़ी बात यह है कि हमीरपुर से आगे यहां सड़क मार्ग बनेगा फोर-लेन ही, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि निर्माणाधीन नादौन-डुग्घा टू-लेन पर जून के अंत तक सफर शुरू हो जाएगा। इससे भोटा और नादौन के बीच की दूरी तकरीबन 8 किलोमीटर कम हो जाएगी।

वैसे तो डुग्घा से ज्वालामुखी-रानीताल तक जिस टू-लेन का काम चल रहा है, उसका ज्यादातर हिस्सा इसी वर्ष बरसात शुरू होने से पहले मुकम्मल हो जाएगा। मगर व्यास नदी पर नादौन के पास बन रहे पुल के निर्माण में थोड़ी बहुत देरी हो सकती है। मगर बाकी का हिस्सा तैयार हो जाएगा। कांगड़ा से शिमला को जोड़ने वाला यह सबसे महत्वपूर्ण फोरलेन लंबे समय से इंतजार में है, लेकिन इसकी स्थिति कई बार डामाडोल भी हुई और अब लगभग इसके दो पैच बनकर तैयार होने को हैं। यानी मटौर से लेकर अब यह आधा फोरलेन और आधा टू-लेन हमीरपुर के पास तक तैयार हो रहा है। इसके आगे की तस्वीर एलाइनमेंट को लेकर क्लियर नहीं है। इसीलिए नया निर्माण करने वाले इस एनएच के आसपास के लोग भी परेशानी में हैं। वे इसलिए निर्माण नहीं करवा पा रहे हैं, क्योंकि फोर-लेन की एलाइनमेंट क्लियर होने में अभी देरी जारी है।

अटारी-मनाली नेशनल हाईवे में भी हमीरपुर कहां से जुड़ेगा। इसको लेकर अभी स्थिति क्लियर नहीं है। टू-लेन से मसयाणा के पास से हमीरपुर तक अलग से अटारी-मनाली रोड को जोड़ने के लिए सड़क निकलेगी, इसकी स्थिति भी मार्च के बाद ही क्लियर होगी, क्योंकि पुराना रोड तो नेशनल हाईवे के सुपुर्द होगा या फिर राज्य सरकार के पास जाएगा? इस पर भी अंतिम फैसला होगा। (अनंत ज्ञान)

## क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर मीणा

**एनएचएआई** के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा का कहना है की इन सभी मामलों पर तकरीबन एक महीने का इंतजार कीजिए उसके बाद स्थिति क्लियर होगी। लेकिन नादौन-डुग्घा टू-लेन पर जून के अंत तक वाहन चलने शुरू हो जाएंगे। कोशिश नादौन के पास व्यास नदी पर बन रहे पुल को भी शीघ्र बरसात से पहले मुकम्मल करने की है। लेकिन हो सकता है इसमें कुछ देरी हो जाए। अलबत्ता यह सारा रोड़ बरसात से पहले क्लियर हो जाएगा।

# हिमाचल में बढ़ा भ्रष्टाचार, सरकार कर रही घूसखोरों पर 'वार'

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**अनंत ज्ञान विशेष**

हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार का जहर प्रशासन और शासन व्यवस्था के हर कोने में फैल चुका है। सरकारी दफ्तरों से लेकर पंचायतों और नगर निगमों तक, यह बीमारी विकराल रूप ले चुकी है।

एक ऐसा सवाल जो न सिर्फ हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के दिलों में गूंज रहा है। जहां एक ओर राजनीतिक नेता और सरकारी अधिकारी जनता के विश्वास का दावा करते हैं, वहीं दूसरी ओर सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। एक बीडीओ की गिरफ्तारी, एक रिश्वत की पेशकश, और अब वो सभी अंधेरे राज सामने आ रहे हैं। क्या ये केवल शुरुआत है या सचमुच सत्ता और भ्रष्टाचार का पर्दा अब फटेगा? विजिलेंस ब्यूरो, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे है, वह भी लगातार नए मामलों में रंगे हाथ चोरों, घूसखोरों और भ्रष्ट अधिकारियों को गिरफ्तार कर रहा है। हाल ही में बीडीओ परागपुर को रिश्वत लेते हुए पकड़ना, शिमला में सड़क निर्माण के लिए पैसे का गबन और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी यह दिखाता है कि भ्रष्टाचार का कोई भी क्षेत्र अब सुरक्षित नहीं है। राज्य सरकार जितने भी प्रयास कर रही है, भ्रष्टाचार उतनी ही तेजी से पैर पसार रहा है। 7 फरवरी 2025 को, विजिलेंस विभाग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी भाविता टंडन को दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उन्होंने एक मामले के निपटारे के लिए यह रिश्वत मांगी थी।

17 फरवरी 2025 को, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कांगड़ा जिले के परागपुर में ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) वीरेंद्र कुमार कौशल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कंडोआ की प्रधान रीना देवी से 1.05 लाख रुपए के विकास कार्य के लिए 10,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर उन्हें गिरफ्तार किया।



18 फरवरी 2025 को, शिमला जिले के ठियोग उपमंडल की शड़ी मतियाना पंचायत में सड़क निर्माण के लिए आवंटित ढाई लाख रुपए से अधिक की राशि में अनियमितताएं पाई गईं। ग्राम पंचायत प्रधान अमीं चंद पर आरोप है कि उन्होंने इस धनराशि का दुरुपयोग किया। इस मामले में प्रधान को निलंबित कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश के भ्रष्टाचार के खिलाफ यह संघर्ष बेहद गंभीर है और इससे निपटने के लिए सरकार को और सख्त कदम उठाने होंगे। अगर यह स्थिति बनी रही तो राज्य की जनता का विश्वास प्रशासन से पूरी तरह टूट सकता है। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों में जवाबदेही बढ़ रही है।

**आप इस स्टोरी को हमारे फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। देखने के लिए अनंत ज्ञान के पेज और चैनल को सब्सक्राइब करें।**

# हिमाचल में कानून-व्यवस्था सुधारने को छह श्रेणियों में वर्गीकृत होंगे पुलिस थाने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

**राज्यों के सभी 135 थाने हुए शामिल कानून व्यवस्था और होगी मजबूत**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी 135 पुलिस थानों को छह श्रेणियों में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है।

जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र, आपराधिक गतिविधियां, वीआईपी मूवमेंट, यातायात व्यवस्था, अंतर-राज्यीय सीमाएं और पर्यटकों की आमद जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए पुलिस थानों का वर्गीकरण करने का फैसला लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य सेवा वितरण को बढ़ाना, कानून-व्यवस्था में सुधार और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना है। पुलिस थानों को वार्षिक अपराध पंजीकरण की संख्या के आधार पर ए प्लस से ई कुल छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। प्रति वर्ष 250 से अधिक मामले दर्ज करने वाले थानों को ए प्लस की श्रेणी में रखा गया है और प्रदेश में इस प्रकार के 15 थानों की पहचान की गई है। इसके अतिरिक्त ए श्रेणी में 5, बी में श्रेणी 25, सी श्रेणी में 47, डी में 28 और ई श्रेणी में 15 पुलिस थाने चिन्हित किए गए हैं।

पुलिस कर्मियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए भी पुलिस थानों का वर्गीकरण निर्धारित किया गया है।

ए प्लस श्रेणी के थानों में कम से कम 70, ए श्रेणी में 65, बी श्रेणी में 48, सी श्रेणी में 37, डी श्रेणी में 25 और ई श्रेणी में 19 पुलिस कर्मी तैनात होंगे। प्रत्येक थाने में जांच अधिकारियों की संख्या एफआईआर पंजीकरण की आवृत्ति के आधार पर निर्धारित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को इस नए वर्गीकरण के अनुसार पद भरने और पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाकर कानून व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

**कवायद** इनर वॉटर अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम ने बिलासपुर में किया विजिट

# गोबिंदसागर में बड़े स्तर पर होगा घाटों का विकास

**शुभम राही, बिलासपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में स्थित प्रसिद्ध गोबिंदसागर झील में पर्यटन और जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर आधुनिक घाटों का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत झील में फ्लोटिंग जैटी (तैरते हुए प्लेटफॉर्म) स्थापित किए जाएंगे, जो जलस्तर के अनुसार समायोजित हो सकेंगे।

यह परियोजना स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और व्यापारिक गतिविधियों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होगी। इसी के चलते इनर वॉटर अथॉरिटी की टीम ने बिलासपुर पहुंचकर झील का निरीक्षण किया और संभावित घाट स्थलों का मूल्यांकन किया। योजना के अनुसार, मंडी भराड़ी से लेकर कोलडैम तक विभिन्न स्थानों पर इन घाटों को विकसित किया जाएगा। परियोजना के क्रियान्वयन से झील में जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी। इसी के चलते इस घाटों के विकास को लेकर उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक द्वारा भारत सरकार को एक पत्र भी लिखा है। जिसमें भारत सरकार से इन घाटों को विकसित करने के लिए 10 करोड़ रुपए की डिमांड की है। प्रशासन का कहना है कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।



बता दें कि गोबिंदसागर झील भारत की सबसे बड़ी मानव-निर्मित झीलों में से एक है, जिसका निर्माण भाखड़ा नांगल बांध के निर्माण के दौरान किया गया था। नए घाटों के निर्माण से झील का पर्यटन और भी आकर्षक हो जाएगा। जानकारी के अनुसार इस कार्ययोजना के तहत आधुनिक फ्लोटिंग जैटी, यह पानी के स्तर के अनुसार ऊपर-नीचे हो सकेगी, जिससे यह हर मौसम में उपयोगी बनी रहेगी। घाटों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी। नए घाटों से झील में बोटिंग, क्रूज और अन्य जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से बिलासपुर जिले को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



**इनर वॉटर** अथॉरिटी की टीम ने बिलासपुर पहुंचकर झील का निरीक्षण किया है। इन घाटों को विकसित करने के लिए भारत सरकार से 10 करोड़ रुपए की डिमांड भेजी है। बिलासपुर में बड़े स्तर पर आधुनिक घाटों का निर्माण किया जाएगा।

**-आबिद हुसैन सादिक डीसी बिलासपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पत्नी ने शिव मंदिर बैजनाथ में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने पूजा-अर्चना कर शीश नवाया । इस दौरान उनकी दो बेटियां तथा दामाद भी साथ रहे। उन्होंने कहा कि बैजनाथ का यह स्वयंभू शिवलिंग लोगों के लिए एक बहुत ही आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। यहां की प्राचीन शिल्पकारी देखने योग्य है। उन्होंने कहा कि जब भी मौका मिलेगा वह दोबारा इस मंदिर में आना चाहेंगे। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। इस मौके पर उपमंडल कार्यालय से संजीव राणा बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर कुश सूद पार्षदअमित कपूर तथा मंदिर के पुजारी बंटू भी मौजूद रहे।

### मूंहीं में बताईं केसीसी बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा परागपुर द्वारा ग्राम पंचायत मूंहीं में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक अमित भारद्वाज ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, डिजीटल बॅंकिंग प्रणाली तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान सुभाष चंद, उपप्रधान मेहर सिंह पठानिया, वार्ड पंच सुनीता देवी, कुसमलता, सुभाषिनी देवी तथा पंचायत के स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### घराणा स्कूल में विज्ञान मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा में आरएमएसए के अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज जरियाल ने की। इस उपलक्ष्य पर नौवीं से 12वीं कक्षा के 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर विभिन्न मॉडल बनाए व प्रदर्शनी आयोजित की। इस कार्यक्रम में समस्त अध्यापक वर्ग मौजूद रहा।

### बच्चों को बताए वनाग्नि से बचाव के उपाय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय साई भ्रांता में वन अग्नि सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हंस फाउंडेशन के सौजन्य से एक कठपुतली शो का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा बाल विकास विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कठपुतली शो के माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को वन्य जीव संरक्षण तथा वनों को आग से बचाने हेतु प्रेरित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में हंस फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी, अभिभावक, अध्यापक उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में मुख्याध्यापक अरुण जम्वाल ने कठपुतली शो के आयोजन के लिए हंस फाउंडेशन का धन्यवाद किया।

### कबीरपंथी समाज सुधार सभा की बैठक 23 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीरपंथी समाज सुधार सभा तहसील पालमपुर व कबीर कल्याण कोष पालमपुर की संयुक्त बैठक भवारना में तहसील प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में अश्विनी कुमार नजदीक हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक लोअर बाजार भवारना के घर पर 23 फरवरी शाम 2 से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समस्त कबीरपंथी भाई बहन बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। इस बीच बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी व इसके साथ साथ नए सेल का गठन किया जाएगा।

# शहरी क्षेत्रों में अब ड्रोन की मदद से बनेंगे डिजिटल नक्शे : डीसी

## पालमपुर से होगी शुरुआत, भूमि रिकॉर्ड बनेंगे पारदर्शी, भूमि विवादों में आएगी कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

'नक्शा' परियोजना के तहत शहरी क्षेत्रों के डिजिटल नक्शे बनाए जाएंगे। कांगड़ा जिले में सर्वप्रथम पालमपुर नगर निगम में शहरी भूमि रिकॉर्ड का आधुनिकीकरण का कार्य आरंभ होगा, सर्वेक्षण के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मंगलवार को एनआईसी के सभागार में पालमपुर तथा धर्मशाला के पार्षदों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि शहरी भूमि रिकॉर्ड्स के निर्माण की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो नागरिकों के संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

यह पहल संपत्ति से जुड़ी धोखाधड़ी को रोकने और भूमि रिकॉर्ड में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य शहरी भूमि रिकार्ड्स के लिये एक सटीक और व्यापक भू-स्थानिक डाटाबेस तैयार करना है। यह कार्यक्रम हवाई और जमीनी सर्वेक्षणों को उन्नत जीआईएस तकनीक के साथ जुड़कर भूमि प्रशासन को बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य शहरी भूमि रिकॉड्र्स के निर्माण और प्रबंधन में क्रांति लाना है। इस अवसर पर एडीएम डा हरीश गज्जू, जिला राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त अधिकारी तथा धर्मशाला और पालमपुर नगर निगम के पार्षद भी उपस्थित थे।




### भूमि डाटा विश्लेषण में मिलेगी सहायता

डीसी ने कहा कि नक्शा कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में शहरी क्षेत्रों के लिए भू-स्थानिक मैपिंग करना, आधुनिक भूमि सर्वेक्षण तकनीकों का प्रयोग करना है। इससे अदालती मामलों, कानूनी दस्तावेजीकरण और ऐतिहासिक भूमि डाटा विश्लेषण में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नक्शा कार्यक्रम के तहत बुनियादी ढांचे के विकास और शहरी विस्तार में न्यूनतम देरी होगी, परिवहन योजना आवासीय परियोजनाओं और सतत् शहरी विकास में सहायता मिलेगी। आपदा प्रबंधन योजना को अधिक प्रभावी बनाएगा और सुलभ डिजिटल प्रणाली धोखाधड़ी पर अंकुश लगायेगी और शहरी भूमि प्रबंधन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

## बंद हुई डाक जीवन बीमा पॉलिसी को दोबारा करवा सकते हैं चालू : रविंद्र शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला ।** अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि बंद हुई डाक जीवन बीमा पालिसियों को पुनः चालू करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने दिनांक 1 मार्च से 31 मई तक विशेष अभियान के अंतर्गत डिफॉल्ट राशी में छूट का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि 1 लाख तक के रिवाइवल राशी के डिफॉल्ट पर 25: अधिकतम 2500-00, 1 लाख से 3 लाख तक के रिवाइवल राशी के डिफॉल्ट पर 25: अधिकतम 3000-00 और 3 लाख से अधिक की राशी पर 30: अधिकतम 3500-00 की छूट दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए निकटतम डाकघर व दूरभाष संख्या 01892-226924, 229205 से संपर्क किया जा सकता है।

### रविंद्र सिंह को चुना सीएंडवी अध्यापक संघ का प्रधान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ ब्लॉक डाडासीबा का त्रैवार्षिक चुनाव मंगलवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसमें डाडासीबा स्कूल के अध्यापक रविंद्र सिंह को संघ का प्रधान चुना गया। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जम्बल के अध्यापक गोविंद मेहरा को उपप्रधान नियुक्त किया गया, जबकि शिखा देवी को महासचिव व अनुज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजवाला और महासचिव सुलेखा को चुना गया है।

## नशे के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन नहीं बनाया तो बर्बाद हो जाएगा प्रदेश : राणु

**अजय पाल, पंचरुखी**

आज हर रोज प्रदेश में चिट्टा या नशे से हो रही युवाओं की मोतों से अनेकों परिवार पूरी तरह उजड़ रहे हैं। अगर इस महामारी के खिलाफ जनता लामबंद नहीं हुई तो यह शांत व देवताओं का हिमाचल बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएगा। उक्त शब्द भाजपा के जिला महामंत्री राजेश राणु ने चिट्टा निवारण समिति के गठन उपरांत पंचरुखी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

राणु ने कहा कि हर कोई यही सोच रहा है कि मेरे बच्चे और मैं इस नशे से दूर हैं दूसरे लोगों से हमने क्या लेना और यही हमारी सबसे बड़ी गलतफहमी है। चिट्टा कब आपके घर पहुंच जाए, पता ही नहीं चलेगा। क्योंकि यह जो नशा तस्कर हैं यह पैसे के चक्कर में हो रही मौतों से परेशान नहीं है, बल्कि



हर घर तक चिट्टे को कैसे पहुंचा जाए इसके लिए योजनाएं बना रहे हैं। कुछ दिन पहले एक लड़के को उसकी मां और बहन नशा करने से रोकती थी तो उस लड़के ने मां और बहन के खाने में ही चिट्टा मिला दिया और उन दोनों को भी इस लत में डाल दिया। राणु ने कहा कि अभियान को लेकर जयसिंहपुर विधानसभा में हम चिट्टा निवारण समिति का गठन कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत पंचरुखी से हो गई है और बाकी जयसिंहपुर के अन्य क्षेत्रों में भी बहुत जल्दी हम इस निवारण समिति का गठन करने जा रहे हैं। जयसिंहपुर चिट्टा निवारण समिति की पंचरुखी इकाई में संयोजक के रूप में समाजसेवी अमन राणा, रिटायर डीएसपी मस्तराम, रेलवे से रिटायर्ड पुलिस अधिकारी रंजीत मुख्य पदाधिकारी रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### चिट्टा सप्लायर को पकड़वाने पर देंगे 31000 रुपए इनाम

**जयसिंहपुर** चिट्टा निवारण समिति पंचरुखी इकाई के अध्यक्ष अमन राणा ने कहा कि इस क्षेत्र की हर पंचायत से लगभग पांच युवाओं को इस अभियान में जोड़ा जाएगा और इस चिट्टे के नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगर कोई व्यक्ति किसी चिट्टा सप्लायर को पकड़ने में मदद करवाता है तो उसको समिति द्वारा 31000 रुपए का इनाम भी दिया जाएगा।

### लरहूं के युवक का निकला भोगरवां में मिला नर कंकाल

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** बीते दिन इंदौरा की पंचायत भोगरवां के क्षेत्र में एक नर कंकाल मिला था। इस नर कंकाल की शिनाख्त उपमंडल फतेहपुर की पंचायत लरहूं के एक

अनंत ज्ञान फॉलोअप

युवक के रूप में हुई है, जोकि करीब 18 जनवरी से घर से लापता था। इस बारे मंगलवार को जानकारी देते हुए लरहूं पंचायत के उपप्रधान राजीव कुमार ने बताया कि नर कंकाल की शिनाख्त संदीप करीब 34 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश निवासी लरहूं के रूप में हुई है। मृतक की बहन ने उसकी शिनाख्त की है। वहीं, पुलिस ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर नर कंकाल उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## पिछड़ा वर्ग, वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष ने संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

हिमाचल पिछड़ा वर्ग, वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त उपाध्यक्ष डॉ मोहनलाल पदभार संभालने के लिए कांगड़ा कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने अधिकारियों कर्मचारियों और लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश का उन्हें इस जिम्मेदारी को देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी वर्गों का एक समान विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए हिमाचल प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा पिछड़ा वर्ग की समस्याओं को जानकर उसके अनुरूप कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा पिछड़ा वर्ग की आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वरोजगार दिए जाने पर और गति से कार्य किया जाएगा। उप महाप्रबंधक सतीश ठाकुर और मुख्य लेखा अधिकारी तिलकराज चौधरी ने संबोधन के दौरान नव नियुक्त उपाध्यक्ष को हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



**बोले, पिछड़ा वर्ग की समस्याओं का त्वरित निदान होगा सुनिश्चत**

## भोडा हंस फाउंडेशन ने कठपुतली शो से बच्चों को बताया वन संरक्षण का महत्व

**राकेश डोगरा, डरोह**

मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में हंस फाउंडेशन के सौजन्य से वन अग्नि सुरक्षा व जागरूकता का आयोजन किया गया। स्कूल आपदा प्रबन्धन अधिकारी राकेश और रुबी गुलेरिया द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन राजन सूद द्वारा किया गया।

हंस फाउंडेशन की आकृति अमित के साथ संचार जन चेतना ट्रस्ट देहरादून के रामलाल, राकेश, मनीष, धनजीरा देवी आदि कठपुतली कलाकारों द्वारा कठपुतली के माध्यम से वन अग्नि पर जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य संजीवजम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में वनों का हमारे जीवन में महत्व तथा उनके संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजीव कुमार ने प्रबन्धन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, रुचिका, संदीप, संजय कटोच, राकेश चंद्रकिशोर, विजय, नीलम, रमेश, राजन सूद, राजीव शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## पालमपुर नगर निगम शहर से अब रात को भी उठाएगा कूड़ा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर शहर को साफ रखने के लिए नगर निगम पालमपुर अब रात को भी कूड़ा उठाएगा। नगर निगम पालमपुर की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी रात 7: 30 बजे पालमपुर शहर में निकलेगी और दुकानों का कूड़ा उठाएगी। महापौर गोपाल नाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। गोपाल नाग ने कहा कि इस फैसले से शहर साफ-सुथरा रहेगा। शहर में आए दिन दुकानें बंद होने के बाद सड़कों पर कूड़ा फैला रहता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

**शहर को साफ सुथरा रखने का लिया फैसला**

### नगर निगम की बैठक में उठा था यह मुद्दा

**गत** वर्ष दिसंबर में भी नगर निगम की बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। लेकिन, अब कूड़ा उठाने का स्थायी समाधान करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बाजार में अधिकतर दुकानदार शाम 7:30 बजे के बाद दुकानें बंद घर चले जाते हैं। लेकिन, अब दुकानदारों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग अपनी दुकानों के बाहर रखना होगा। महापौर गोपाल नाग ने कहा कि जल्द ही ढाबों और होटलों की औचक जांच भी शुरू की जाएगी। इसमें यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वह कूड़ा निस्तारण नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। किसी दुकानदार में इसमें सहयोग नहीं किया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### रिड़कमार कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत करवाई प्रतियोगिताएं

## पोस्टर मेकिंग में मीनाक्षी एवं नारा लेखन में शुभम व मोहित अव्वल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा और नशे में गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोमवार को एक नारा-लेखन और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं छात्र-छात्राओं को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। इन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं अपने प्रेरणादायक शब्दों से उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने समाज में योगदान देने वाली ऐसी पहलों में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो. मनोज कुमार एवं प्रो. भूपेंद्र सिंह रहे, जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. हाकम चंद एवं प्रो. आशा मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम में कुल 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। पोस्टर मेकिंग में मीनाक्षी ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि नीलाक्षी ने द्वितीय तथा रिंकी व सोनिया पठानिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं, नारा लेखन प्रतियोगिता में शुभम व मोहित ने प्रथम, शिवानी व मीना ने द्वितीय तथा अनु राणा व सोनम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह के साथ प्रोफेसर हाकम, प्रोफेसर मनोज, प्रोफेसर आशा मिश्रा, नरेश कुमार तथा वेद राम ने भाग लिया।

## टिप्पर चालक को दो लाख जुर्माना करने पर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

माइनिंग विभाग की ओर से एक टिप्पर को दो लाख जुर्माना करने उपरांत सोमवार को भारतीय किसान यूनियन एकता उगयहां ने माधोपुर माइनिंग विभाग के जिला कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। यूनियन के सदस्य मांग कर रहे थे कि उनके वाहन को किया जुर्माना गलत और जुर्माना माफ किया जाए। जानकारी देते हुए यूनियन के प्रगट सिंह अजनाला ने कहा कि तारागढ़ के पास टिप्पर खराब हो गई थी और वह वहीं पर खड़ी थी और न ही वहीं पर ड्राइवर था परंतु विभाग खड़े वाहन पर ही जुर्माना कर दिया, जबकि उनके पास सभी डॉक्यूमेंट पूरे हैं। उन्होंने कहा कि जो लगाया गया जुर्माना है नाजायज है और जब तक जुर्माना माफ नहीं किया जाएगा तब तक कार्यालय के वाहर धरना जारी रहेगा।

प्रगट सिंह ने कहा कि लोगों की हो रही लूट की जांच कर दोषी अधिकारियों पर भी बनती कार्रवाई की जाए। इस संबंध में माइनिंग विभाग के एक्सईएन विश्व पाल गोयल ने कहा कि जितना जुर्माना बनता है उतना किया है।

## अवैध खनन करते पकड़े एक जेसीबी और 2 टिप्पर

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पीपीएस वरिष्ठ पुलिस कप्तान पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा अवैध खनन करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस थाना शाहपुरकंडी के अंतर्गत गांव बरोई उपरली के पास सोमवार को अवैध खनन के बारे में खुफिया सूत्रों के माध्यम से सूचना मिलने के बाद पुलिस स्टेशन शाहपुरकंडी के मुख्य अधिकारी ने पुलिस पार्टी और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ एक विशेष अभियान चलाया और पाया कि गांव बरोई के पास 1 जेसीबी और 2 टिप्परों का उपयोग करके खानों और खनिजों का अवैध खनन किया जा रहा था। आरोपियों ने लगभग 95,000 वर्ग फीट क्षेत्र में अनियमित आकार में लगभग 6 फुट की गहराई तक अवैध रूप से खनन किया था। इस पर अवैध खनन में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा संख्या 9 दिनांक 17-02-2025 खनन एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 (1) थाना शाहपुरकंडी दर्ज किया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र राजिंदर सिंह, निवासी गांव डडवा, थाना शाहपुरकंडी, जिला पठानकोट, निर्मल सिंह पुत्र भूरी सिंह, निवासी गांव डंडवा, थाना शाहपुरकंडी, जिला पठानकोट, बलविंदर सिंह पुत्र पूरन सिंह, निवासी गांव डंडवा, थाना शाहपुरकंडी, जिला पठानकोट, बरहामिद पुत्र अब्दुल गफ्फार, निवासी गांव खारी बनिहाल, तहसील व जिला रामबन (जम्मू और कश्मीर), अब्दुल्ला पाशो, पुत्र मुहम्मद सुल्तान पाशो, निवासी गांव खारी बनिहाल, तहसील व जिला रामबन (जम्मू और कश्मीर) के रूप में हुई है।

### तनाव मुक्त रहकर परीक्षाएं दें : डॉ. सुनील

**अनंत ज्ञान, योल।** राजकीय उच्च विद्यालय योल कैंट के प्रांगण में 17 फरवरी को अपना विद्यालय समिति के प्रमुख परामर्शक पूर्व प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मेहता ने विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को निरूपित करते हुए उन्हें जीवन में सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रहते हुए समाज को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सच्चे मन से काम करने की बात कही। युवा वर्ग इस कीचड़ से बचकर ही समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहण कर सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को आगामी परीक्षाओं में तनाव से मुक्त रहकर भाग लेने की सलाह भी दी। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेकर अभिभावकों को भी अपने बच्चों को नशे और मोबाइल गेम की चंगुल से बचाने के लिए कुछ सुझाव दिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी राजिंद्र प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार तथा समिति के पदाधिकारी एवं अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## सोलो डांस में तृषा चौधरी अव्वल

### तकीपुर कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरताल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में केंद्रीय छात्र परिषद की ओर से वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरताल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन तृषा चौधरी, शिवा, अंकिता एवं मुस्कान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने दीप प्रज्वलित करके सुरताल सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने अपने ओजस्वी संबोधन में सर्वप्रथम कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि संगीत प्राध्यापक के रिक्त पद के चलते हुए भी इन प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को मंच पर सुर और ताल दोनों के लय का मंचन अति सुंदर ढंग से किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में करवाई काव्य-पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल ढड़वाल, द्वितीय स्थान पियूषा ठाकुर एवं तृतीय स्थान रोबिन सिंह ने प्राप्त किया। सोलो डांस में प्रथम स्थान तृषा चौधरी, मुस्कान चौधरी द्वितीय स्थान एवं हिना ने तृतीय स्थान हासिल किया। दयुत डांस में प्रथम स्थान अंकिता एवं कनिका, द्वितीय स्थान तनीषा एवं मुस्कान, तृतीय स्थान नीरज एवं शायना ने प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सोनाक्षी ने प्रथम स्थान, अंकित ने द्वितीय स्थान एवं तनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सोलो सॉन्ग प्रतियोगिता में श्रेया ने प्रथम स्थान, अंकिता ने द्वितीय स्थान एवं कोमल ढड़वाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में जमाकड़ा ग्रुप ने प्रथम स्थान, शिवा ग्रुप ने द्वितीय स्थान, अंकिता एवं कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय छात्र परिषद की सचिव मुस्कान चौधरी ने मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस गिल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**वर्कशॉप**

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में डोगरी भाषा में पाठ्य पुस्तक विकास पर लेखक कार्यशाला का आयोजन

## भारतीय भाषाओं को बनाया जाए शिक्षा का माध्यम : बेदी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं भारतीय भाषा समिति की ओर से डोगरी भाषा में उच्च शिक्षा हेतु पाठ्य पुस्तक विकास पर लेखक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री हरमहेंद्र सिंह बेदी उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की डिप्टी सेक्रेट्री डॉ. शालिनी और कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों से लगभग 20 प्रतिभागी उपस्थित हुए, जिन्हें




पाठ्यक्रम विकसित करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यशाला में कुलाधिपति पद्मश्री हरमहेंद्र सिंह बेदी ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं को बनाया जाना चाहिए। उन्होंने डोगरी भाषा को पंजाबी से जोड़ने, इसे पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने और इसके इतिहास व साहित्य पर शोध को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. शालिनी ने सभी को प्रोत्साहित करने के लिए अस्मिता प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। उन्होंने शैक्षणिक लेखन में अध्ययन सामग्री, नोडल यूनिवर्सिटी की भूमिका, और डोगरी भाषा की कठिनाइयों पर अपने विचार साझा किए।

उल्लेखनीय है कि डोगरी भाषा में पाठ्यक्रम विकसित करने को लेकर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा प्रबंधन विषयों में प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसके पहले चरण की शुरुआत मंगलवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के कैंपस में हुआ। इसी कड़ी में दो और प्रशिक्षण का आयोजन 24 और 25 फरवरी को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के जम्मू में किया जाना है। कार्यक्रम के अंत में विवि के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मातृभाषा में शिक्षा मिलना हो सुनिश्चित : प्रो. बंसल

**विश्वविद्यालय** के कुलपति सत प्रकाश बंसल ने कहा कि भारत के संविधान 22 राजभाषाओं का मान्यता देता है, लेकिन यहां हजारों अन्य भाषाएं तथा लाखों बोलियां बोली जाती हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी नागरिकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि डिजिटलीकरण और शब्दावली की कमी जैसी चुनौतियों का सामना किया जा रहा है, बावजूद इन भाषाओं को सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, और अन्य शैक्षिक क्षेत्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सामुदायिक जुड़ाव और बुजुर्गों के साथ बैठकर लिखने जैसी ग्रास रूट स्तर की गतिविधियों के माध्यम से वास्तविक जीवन केस स्टडी तैयार करनी चाहिए, केवल खानापूर्ति कर हम भाषाओं का विकास नहीं कर सकते।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़ी और आसपास आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-।। के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि 19 फरवरी को ट्रांसफार्मर की स्थापना के चलते दाड़ी, आईटीआई, लोअर तथा अपर बड़ोल, हब्बर, रेनबो, भटेड़, पासू, मनेड़, कनेड़, सुक्कड़, स्टेडियम रोड तथा में प्रातः 11:00 बजे से शाम 3:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### 7.31 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत सराहा में सुदेश कुमार निवासी रजेरा तहसील चंबा व अमर कुमार निवासी भरमौर, जिला चंबा के पास से 7.31 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 21,29-61-85 स्वापक औषधि एवं मनरू प्रभावी पदार्थ अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

### युवक से 336 ग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ ।** पुलिस थाना बीड़ नजद मेला ग्राउंड बस पार्किंग में मुकेश कुमार, निवासी कोटली तहसील बैजनाथ के पास से 336 ग्राम चरस बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 20-61-85 स्वापक औषधि एवं मनरू प्रभावी पदार्थ अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ डा. राधिका शर्मा ने किया।प्रसिद्ध विशेषज्ञ दीपक और अक्षित ने डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों और तकनीकों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए संसाधन व्यक्तियों के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम का संचालन पंकज ठाकुर, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) द्वारा किया गया। जिस में बीबीए और बीसीए कोऑर्डिनेटर डॉ. राजीव, डॉ. राकेश पुष्प, और डॉ. सुनीता, डॉ. आशीष रंजन, डॉ. शिवानी, प्रो. रमन और प्रो. आशु उपस्थित रहे। बीबीए, बीसीए, बीकॉम के छात्रों ने कैरियर विकास और उद्यमशीलता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने पर व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान प्राप्त किया। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय मटौर के छात्रों ने भी भाग लिया।

### केहर सिंह खाची ने मां के चरणें में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** प्रदेश फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने परिवार सहित परिवार सहित उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री ज्वालादेवी मंदिर मां की पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। मुख्य पुजारी एवं कुल पुरोहित कपिल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवाई । केहर सिंह ने पत्रकारों से अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि मां ज्वालादेवी उनकी कुलदेवी हैं। केहर सिंह ने कहा कि मां ज्वालादेवी जी का आशीर्वाद आप सब पर हमेशा बना रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से पिंकू कुमार ने उन्हें मां ज्वालाजी की चुनरी और चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। केहर सिंह ने मंदिर प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### बोफोर्स रेजिमेंट ने मनाई 40वीं वर्षगांठ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय सेना की पहली बोफोर्स रेजिमेंट के वीर योद्धाओं ने पालमपुर में यूनिट की 40वीं वर्षगांठ पर एक संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें हिमाचल में दूर दराज के इलाकों से आए हुए सभी भूतपूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर परिवार के साथ वर्षगांठ कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजक मंडल की तरफ से सुभाष शर्मा ने बताया कि यह तोपखाने की पहली यूनिट है। जिन्होंने बोफोर्स गन को पहली बार भारत में आने के बाद ट्रेनिंग लेकर अपने उद्देश्य को हासिल किया था। उसके बाद 40 साल बाद यह वेटर्नस एकत्रित हुए।

सरकार गांवों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : किशोरी लाल

# बही में सामान्य सेवा केंद्र और युवक मंडल भवन जनता को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत बही में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामान्य सेवा केंद्र भवन और युवक मंडल भवन का लोकार्पण कर इसे स्थानीय जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सेवा केंद्र ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं का लाभ प्रदान करेगा, जिससे उन्हें आवश्यक सुविधाओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहीं, युवक मंडल भवन से क्षेत्र के युवा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

विधायक किशोरी लालने कहा कि विकास सतत प्रकिया है और आपसी समन्वय तथा सहयोग से ही विकास तीव्र गति से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार,



मुख्यमंत्री सुखविंद्र संह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में लगातार प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैजनाथ विस क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्यों के लिए किसी भी स्तर पर धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही, हर घर में नल और बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि लोगों को स्वच्छ जल मिल सके। इस अवसर पर बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल, उपमंडल चिकित्सा अधिकारी विक्रम राणा, प्रधान बही बलबीर सिंह ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत गादियाडा भावना देवी, उप प्रधान अनिल अवस्थी, अजय सिंह, हरीश चौधरी, सोनिका कटोच, संसार चंद राणा, अमर सिंह राणा, कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग राजेश शर्मा, शेर सिंह, अमर सिंह राणा, श्रवण, सीता राम, कश्मीर सिंह, मेहर चंद, मीरा देवी, सोनिया देवी, सविता कुमारी, सरोज देवी, पृथी करोटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और लोग उपस्थित रहे।

### जनसमस्याएं सुनीं

**विधायक** ने सरकार गांव के दरबार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बही और ग्राम पंचायत गादियाडा में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर कार्य किया जा रहा है, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त, दोनों पंचायतों की जनता की मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

# रोहाड़ा की छात्राओं ने तुलसी के पौधों से बना दिया कागज



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के राजकीय उच्च विद्यालय रोहाड़ा की छात्राओं ने नया आविष्कार कर तुलसी के पौधों से पर्यावरण हितैषी कागज बनाकर इतिहास रच डाला है। क्षेत्र में छात्राओं के इस आविष्कार की प्रशंसा की जा रही है। आठवीं कक्षा की चार छात्राओं सोनल, सुदीक्षा, सोनाक्षी व रिधी ने तुलसी के पौधों के और दूब घास के उपयोग से कागज बनाकर नया आविष्कार किया है। इस कागज को लेखन कार्यों के साथ विभिन्न कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

इन छात्राओं स्कूल की अध्यापिका अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में कागज बनाया है। इन होनहार छात्राओं के इस आविष्कार से महिलाओं को अपने ही घर-द्वार पर बिना किसी खर्चे से आजीविका का साधन बन सकता है। ये छात्राएं लोगों के घर-घर जाकर पर्यावरण हितैषी कागज बनाने की विधि सिखा रही हैं तथा तुलसी के औषधीय गुणों की बहुपयोगिता की जानकारी भी दे रही हैं। क्षेत्र में छात्राओं के इस आविष्कार की सराहना की जा रही है।

रोहाड़ा स्कूल की मुख्याध्यापिक शालू बस्सी ने कहा कि स्कूल की इन होनहार छात्राओं को इस नए आविष्कार के लिए स्कूल प्रशासन तथा स्थानीय पंचायत प्रशासन की ओर से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# पालमपुर में ट्यूलिप फेस्टिवल और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

दो दिवसीय ट्यूलिप फेस्टिवल और साज-सज्जा के कंद फूलों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी मंगलवार को सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी), पालमपुर में शुरू हुई। इस संगोष्ठी का आयोजन संस्थान इंडियन सोसाइटी ऑफ ओर्नामेंटल हॉर्टिकल्चर (आईएसओएच) के साथ मिलकर कर रहा है और इसका उद्देश्य सजावटी कंद फूलों को बढ़ावा देना है। सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए उन्होंने आजीविका और अर्थव्यवस्था को आकार देने में पुष्पविज्ञान की भूमिका और संस्थान के योगदान को उजागर किया। उन्होंने सीएसआईआर फ्लॉरिकल्चर मिशन, जो कि पुष्प फसलों के माध्यम से जैव- आर्थिक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रचार, सुधार, मूल्य संवर्धन और जागरूकता का काम करता है, के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह संगोष्ठी सभी के लिए लाभप्रद होगी। आईएसओएच के उपाध्यक्ष डॉ. वाई सी गुप्ता कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। डॉ. गुप्ता ने इस क्षेत्र में हो रहे नवीन कार्यों पर प्रकाश डाला और पुष्पविज्ञान के व्यापक दायरे पर चर्चा की। इस अवसर पर आईएसओएच द्वारा उन व्यक्तियों को फेलोशिप और पुरस्कार प्रदान किए गए जिन्होंने पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में उत्तम योगदान दिया है।

### ज्ञानदीप स्कूल पंचरुखी में दी फेयरवेल पार्टी

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंचरुखी में 11वीं के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई पार्टी दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। इस कार्यक्रम में 12वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल दिए गए। दिव्यांश को मिस्टर व मिस स्वाति को मिस फेयरवेल चुना गया, जबकि क्यूट स्माइल कृषि, वेस्ट ड्रेसअप काजल, वेस्ट पर्सनैलिटी अंशिका, मोस्ट ओविडियट तनुज व मोस्ट फनी सुजल को चुना गया। प्रधानाचार्य स्वर्ण सरीन व प्रबंधक सुरेश ठाकुर ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना की। इस मौके पर बंदना शर्मा, मोनिका, पूजा, निधि, बिंदिया, यामिनी, अनिता, मीनाक्षी, बिंदु, साक्षी, मीना, रुचिका, दीपिका, बंदना कटोच्, रंजना, नीलाम, सुशांत ठाकुर, अविनाश व सुरेश कुमार मौजूद रहे।

# वेटलैंड के संरक्षण व उपयोग के लिए कारगर कदम उठाएं : डीसी

### कहा, शीघ्र तैयार करें डेवलपमेंट प्लान और जल संग्रहण उपचार योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वेटलैंड के संरक्षण और व्यापक उपयोग को बढ़ावा के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में वेटलैंड के संरक्षण को लेकर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वेटलैंड समाज को पर्यावरण संतुलन प्रदान करती हैं जैसे कि पानी से हानिकारक अपशिष्टों को शुद्ध करती है।



उन्होंने कहा कि जल चक्र के लिए वेटलैंड्स का काफी महत्व है। जल संग्रहण, भूजल स्तर को बनाए रखने और पानी की सफाई तक में इसकी भूमिका है। बाढ़ का पानी अपने में समटेकर यह इंसानी आबादी को बाढ़ से बचाने में मददगार है। मौसम परिवर्तन की घटनाएं जैसे बाढ़ और सूखे से निपटने में कई वेटलैंड्स सहायक हैं। मछली, मखाना और अन्य जलीय पौधों की खेती करने वाले लोगों का रोजगार वेटलैंड्स पर निर्भर करता है। धरती पर कार्बन संग्रह करने वाले स्त्रोतों में वेटलैंड्स का नाम शीर्ष पर आता है। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला में पौंग बांध, करेरी तथा बड़ा भंगाल में वैटलैंड चयनित की गई है तथा इन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वैटलैंड क्षेत्रों की सीमांकन का कार्य, डेवलपमेंट प्लान तथा जल ग्रहण उपचार योजना शीघ्र तैयार की जाए ताकि वेटलैंड के संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जाएं इसके साथ ही वेटलैंड के माध्यम से इको टूरिज्म को भी बढ़ाया दिया जाए।

उन्होंने कहा कि वैटलेंड संरक्षण के लिए आम जनमानस की सहभागिता भी जरूरी है तथा लोगों को जागरूक भी किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम, वन विभाग तथा कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की मांगों को हमेशा दबाया गया: अंकुश

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जल शक्ति विभाग में कार्यरत पैरा कर्मचारी विधानसभा बजट सत्र की तारीखों की घोषणा होने के पश्चात ही विधानसभा घेराव का मन बना चुके हैं। यह जानकारी कर्मचारियों के प्रदेश अध्यक्ष अंकुश शर्मा नें द। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को हमेशा दबाया गया है व हर बार निराश किया गया है। वे अपनी मांगों को स्पष्ट रूप से सरकार के समक्ष रखेंगे व सीएम से कर्मचारियों की भेंट करवाए बिना वहां से नहीं हिलेंगे। बहुत सारे कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है कुछ कर्मचारियों का तो महीनों से वेतन तक नहीं आया व कुछ कर्मचारीयों को घरों से 100 किलोमीटर की दूरी पर फेंका गया है। कर्मचारी सरकार विरोधी नहीं हैं, परंतु अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे, इसलिए उन्होंने पक्का मन बनाया है कि इस बार मांगों को मनवाकर ही उठेंगे।

# परागपुर के बीडीओ को साजिश के तहत फंसाया : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि बीडीओ परागपुर विरेंद्र कुमार कौशल को साजिश के तहत फंसाया गया है। सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि जिस फंड की शिकायत की गई है, वह फंड बीडीओ कार्यालय में आया ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर बीडीओ ने गुनाह किया है तो उनको सजा मिले और यदि साजिश है तो साजिशकर्ताओं को सजा मिलनी चाहिए। सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बताया कि कड़ोआ पंचायत की प्रधान रीना देवी के ऊपर खुद अपनी पंचायत के लोगों से व विधवा औरतों तक से 500-500 रुपए मांगने के लिखित आरोप सोशल मीडिया पर लग रहे हैं, वह कैसे दूसरों को भ्रष्टाचार बोल सकती है। यह मामला आज सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। मनकोटिया ने कहा कि पिछले दिनों कड़ोआ पंचायत 15 दिन पहले रास्ता बनाया गया था रास्ते के उद्घाटन के विधायक आए थे, लेकिन बीडीओ परागपुर पंचायत सचिवों को कहा गया था, लेकिन वहां पर बीडीओ परागपुर की तरफ से कोई भी अधिकारी नहीं आया इसलिए उन्होंने यह षड्यंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह रास्ता बनाया गया था इनको इसी बात की दिक्कत है। हमारे कहने से ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी नहीं आए। कहा कि पिछले कुछ समय पहले विधायक अपने कार्यकर्ताओं को लेकर बीडीओ ऑफिस में गए थे, उन्होंने दरवाजा बंद करके बीडीओ को खूब धमकाया था।

थुरल महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद से होता है अनुशासन की भावना का विकास : प्रो. राका शर्मा

**राकेश डोगरा, डरोह**

महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. राका शर्मा प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय थुरल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन की भावना का विकास होता है। सब बच्चों को खेलों में भाग लेना चाहिए। इससे बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में लड़कों में बेस्ट एथलीट साहिल और लड़कियों में बेस्ट एथलीट सेजल रही। 100 मीटर की दौड़ लड़कों में साहिल



प्रथम, आदित्य द्वितीय, विशाल तृतीया। 100 मीटर दौड़ लड़कियों में तमन्ना प्रथम, सानिया द्वितीय, तनु तृतीया। 200 मीटर दौड़ लड़कों में साहिल प्रथम, आदित्य द्वितीय, विशाल जमाल तृतीया।

लड़कियों में 200 मीटर में तमन्ना प्रथम, स्थानीय द्वितीय, तनु तृतीया। 400 मीटर दौड़ लड़कों में वंस प्रथम, पीयूष द्वितीय और साहिल नाग तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ लड़कों में अभिनव प्रथम पंकज द्वितीय और वंश तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद लड़कों में साहिल प्रथम कृष राणा द्वितीय सुजल शर्मा तृतीय रहे। ऊंची कूद लड़कियों में शिवानी प्रथम तनु द्वितीय और तमन्ना तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो लड़कों में अविनाश प्रथम करिश्मा द्वितीय और सुजल शर्मा तृतीय रहे। लड़कियों में डिस्कस थ्रो में मीनाक्षी प्रथम सेजल द्वितीय और शिवानी तृतीय रहे। जैवलिन में लड़कों में सुजल शर्मा प्रथम अंशुल द्वितीय और सौरव तृतीय रहे। जैवलिन में लड़कियों में सेजल प्रथम दीपिका द्वितीय और शिवानी राणा तृतीय रही। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला में वॉलीबाल के लिए विशेष चयन परीक्षण 25 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला में 25 से 27 फरवरी तक वॉलीबाल में आवासीय आधार पर लड़कियों के लिए विशेष चयन परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्र प्रभारी राकेश जस्सल ने दी। उन्होंने कहा कि विशेष चयन परीक्षण के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, खेल परिसर, निकट क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला, जिला कांगड़ा में उपस्थित होना होगा। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र में वॉलीबाल खेल में प्रशिक्षकों के विशेषज्ञ पैनल द्वारा कोचिंग दी जाएगी, खेल किट प्रदान की जाएगी, प्रशिक्षण अवसंरचना एवं उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे तथा प्रतिस्पर्धात्मक एक्सपोजर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को शैक्षिक खर्च, निशुल्क चिकित्सा सुविधा तथा खेल विज्ञान कर्मचारियों के माध्यम से नवीनतम वैज्ञानिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतिम चयन भारतीय खेल प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार योग्यता, सीटों की उपलब्धता तथा आयु सत्यापन परीक्षण के आधार पर किया जाएगा। राकेश जस्सल ने कहा कि रिपोर्टिंग के समय खिलाड़ियों को जन्म तिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल उपलब्धि प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां एवं प्रत्येक की दो-दो स्व प्रमाणित फोटो प्रतियां साथ रखनी होंगी। खिलाड़ियों को अपने पासपोर्ट साईज के 4 फोटो भी लाने होंगे।

### लग ठाकरा टीम ने नलसुहा को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत नलसुहा के युवाओं हर्ष, राजेश, सोमेश, अभिषेक, सौरभ और प्रयांश ने नशे से दूर रहने और युवाओं का खेल की तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए बाबा ब्लोटू क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। लगभग 15 दिन चले इस टूर्नामेंट में करीब 17 टीमों ने भाग लिया। रविवार को टीम नलसुहा और लग ठाकरा के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें लग ठाकरा टीम ने 24 रनों से जीत प्राप्त करके विनर ट्रॉफी व 11000 रुपए इनाम अपने नाम किया व नलसुहा टीम 8100 रुपए व ट्रॉफी के साथ रनरअप रही।

### धर्मशाला की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ग्राम पंचायत खोली में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कबड्डी प्रतियोगिता में जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने बताओ मुख्य अतिथि शिरकत की वहां पहुंचने पर खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजकों ने उनका स्वागत किया। इसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खोली और धर्मशाला के बीच हुआ, जिसमें धर्मशाला टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए युवक मिट्ठू चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्राम पंचायत खोली के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कुलभाष चौधरी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और समाज में एकता और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है।

# संसार चंद म्यूजियम से 30 कीमती नग चोरी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

> चोर महाराजा संसार चंद की चांदी की खड़ाऊ को भी ले गए, मामला दर्ज

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा किले के साथ सटे महाराजा संसार चंद म्यूजियम में चोरी हो गई। चोर महाराजा की चांदी के खड़ाऊ सहित 30 कीमती नग चुराकर ले गए। चोरों ने म्यूजियम का वेंटिंलेटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। मामले की सूचना मिलते ही कांगड़ा पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। आपको बता दें कि पूर्व सांसद चंद्रेश कुमारी के पुत्र ऐश्वर्य कटोच म्यूजियम की देखरेख कर रहे हैं। उधर, थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि किले से सटे म्यूजियम के भीतर सोमवार देर रात चोरों ने एग्जॉस्ट फैन को निकालकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि अभी तक चुराए गए सामान की कीमत का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# सुक्खू सरकार ने रचा कांगड़ा जिले को कमजोर करने का षड्यंत्र : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने मंगलवार को धर्मशाला में पत्रकारा वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार को न तो जनता की चिंता है न ही सरकार में चुने हुए प्रतिनिधियों की। यही कारण रहा कि कांग्रेस के विधायकों ने अपनी ही सरकार से किनारा कर भाजपा का दामन थाम लिया।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा को कमजोर करने का षड्यंत्र रचा। सुक्खू सरकार के ही एक मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का यह कहना कि कांग्रेस पार्टी पैरालाईज का शिकार हो गई है,





इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सरकार किस दिशा की ओर जा रही है। संजय शर्मा ने कहा कि मुख्य मंत्री अपने मंत्रियों को कमजोर करने के लिए माफिया का भी सहारा अगर लेना पड़ रहा है जो वे ऐसी बातों से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। कृषि मंत्री के बयान पर न तो मुख्यमंत्री न ही प्रदेश के किसी नेता ने ब्यान नही दिया जिससे साफ है कि उनकी कही बातें सच हैं, यह सभी जानते हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकसभा में नारी बंधन अधिनियत लेकर आई तथा महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण तथा नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आगे आई। भाजपा नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य करती है, उसके उत्थान के लिए काम करती है, लेकिन प्रदेश में इसके विपरीत कार्य हो रहा है। एक नारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार पर टिप्पणी की है। सोलन नगर निगम में अपने ही चुने हुए पार्षद को समर्थन नहीं दिया। महिला मेयर के प्रति षड़यंत्र रचा जाता है।

**कृषि**

एफपीओ से अब तक जुड़ चुके हैं 650 किसान, प्रत्येक किसान का 2000 रुपए का शेयर : लेखराज राणा

# गढ़ खास में किसान उत्पादक संगठन कर रहा प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव की ग्राम पंचायत गढ़ खास में स्थित एफपीओ यानी किसान उत्पादक संगठन प्राकृतिक खेती करने के लिए 2021 में मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा भारत सरकार के कंपनी एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। जल सेना से सेवानिवृत्त इस एफपीओ के सीईओ लेखराज राणा ने बताया कि 2021-22 में इस संगठन में 126 किसान जुड़े थे। उसके बाद 2022-23 में कुल मिलाकर 450 किसान जुड़ गए और आजतक इसमें 650 किसान जुड़ चुके हैं। इस संगठन में प्रत्येक किसान का 2000 रुपए शेयर है। उन्होंने कहा कि भेड़ू महादेव ब्लॉक में जितने भी लोकल प्रोडक्ट उगाए जाते हैं, उन्हें हम किसानों से इकट्ठा कर लेते हैं और बाद में उन्हें प्रोसेस करके हम उनकी मार्केटिंग करते हैं। इसमें हम किसानों को हल्दी का बीज बीजने के लिए देते हैं, खेती तैयार होने के बाद



अच्छी कीमत पर हम उनसे वापस खरीद लेते हैं। इसके साथ-साथ मोटा अनाज भी हम किसानों से खरीदते हैं। जैसे बाजरा, मंडल, मक्की व रागी इत्यादि। सीजनबल फ्रूट जैसे लीची, आम, अमरूद, एलोवेरा व नींबू आदि का जूस निकाल कर बेचते हैं। अन्य उत्पादन में साबुन, क्रीम में एलोवेरा जैल, हल्दी जैल व शैंपू जो पूरी तरह हर्बल होते हैं। इसके साथ-साथ गलगल, नींबू, एलु, आम, आमला का आचार भी हमारे यहां बनाया जाता है। लेखराज राणा ने कहा कि पिछली बार उन्हें 15 टन हल्दी का उत्पादन हुआ, जिससे हमने पांच लाख रुपए का लाभ प्राप्त किया।

उन्होंने कहा एफपीओ के कारण ही यहां पर स्थानीय ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं भी यहां पर काम करती हैं और अपनी आजीविका कमाती हैं। उन्होंने कहा कि हम किसानों को मोटिवेट करते हैं कि लावारिस व आवारा पशुओं से निजात पाने के लिए या यूं कह लें कि आवारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए उन्हें हल्दी, अदरक, लैमन ग्राम, एलोवेरा आदि की खेती करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब यह फसल पूरी तरह तैयार हो जाती है तो हम इसे अच्छे दामों पर किसानों से खरीद लेते हैं। किसानों को इन फसलों को बाजार में बेचने की भी जरूरत नहीं होती। हम जूस,ऑयल,अर्क आदि निकालने के लिए मल्टिपर्पस मशीन का प्रयोग करते हैं। चीजों को सुखाने के लिए हम ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। हल्दी कटर से क्विंटलों के हिसाब से शीघ्र ही हल्दी की कटाई की जाती है। यह कार्य सेल्फ हेल्प ग्रुप की डिमांड पर किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनंत लाल और शक्ति सिंह कांग्रेस में शामिल



**दशमी रावत, जुब्बल।** जुब्बल-नावर-कोटखाई की ग्राम पंचायत कोट-कायना से संबंध रखने वाले जुब्बल-कोटखाई भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के दो मर्तबा मंडल अध्यक्ष, भाजपा जिला महासु अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व सचिव व वर्तमान में भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनंत लाल केस्टा व ग्राम पंचायत जय पीढ़ी माता से संबंध रखने वाले जुब्बल-कोटखाई भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान में भाजपा जिला महासु अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष शक्ति सिंह ब्राक्टा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में विश्वास व्यक्त किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अनंत लाल केस्टा व शक्ति सिंह ब्राक्टा का माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा व नगर पंचायत जुब्बल के पूर्व उपाध्यक्ष राजिंद्र मांटा भी मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

### मारपीट और गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत अतर सिंह पुत्र सूरत सिंह निवासी झाल्टा ने पुलिस को लिखित में शिकायत की है, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि 16 फरवरी को वह और उसकी पत्नी अंजना गोविंद सिंह के घर के पास अपने सेब के बागीचे में काम करने गए। उन्होंने देखा कि बागीचे में करीब 25 से 30 साल पुराना एक सेब का पौधा गिरा हुआ था। उन्हें शक हुआ कि गोविंद सिंह ने उसके सेब के पौधे काट लिए हैं। इसलिए उसने गोविंद सिंह से इस बारे पूछा, जिस पर उसने गुस्से में आकर उसके साथ गाली-गलौज की और कहा कि उसने उसका सेब का पौधा काटा है। गोविंद सिंह और उसके दोनों बेटों निखिल व आर्यन ने उसे और उसकी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट की। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### जगह उपलब्ध होने पर शीघ्र बनेगी नालियां : बबिता

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** सरकार द्वारा प्रदेश के नगर निकायों में 5 फरवरी से प्रारंभ किए गए समृद्ध शहर-सशक्त शहर मिशन के तहत नगर पंचायत नेरवा के वार्ड नंबर तीन में मिशन का प्रथम जागरूकता और समाधान शिविर नगर पंचायत अध्यक्षा बबिता तंगडाइक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड तीन के निवासियों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि वार्ड में सीवरेज नालियां कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिस वजह से लोगों के घरों का पानी खुले में बह रहा है। नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्ष बबिता तंगडाइक ने कहा कि लोगों द्वारा भवनों के निर्माण के समय रास्तों और नालियों के लिए पर्याप्त स्थान न छोड़ने की वजह से दिक्कत आ रही है। फिर भी जहां पर स्थान उपलब्ध होगा वहां पर नालियों और सोक पिट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत नेरवा की स्वच्छता और कूड़ा कचरा निस्तारण के प्रति प्रतिबद्ध है एवं घर घर से कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है।

### पशुगणना का कार्य शीघ्र पूरा करने के आदेश

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** जिला शिमला के उपमंडल धामी में 21वीं पशु गणना के संबंध में प्रशिक्षण केंद्र घणाहट्टी में उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन शिमला डॉ. नीरज मोहन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21वीं पशुगणना के संबंध में उपस्थित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और संबंधित अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में किए गए कार्य की प्रगति बारे जानकारी दी। डॉ. मधुर गुप्ता ने बताया कि धामी उपमंडल में पशु गणना का कार्य तेजी से चल रहा है और सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को उनके द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में पशु गणना का कार्य शीघ्र अति शीघ्र पूरा करें। डॉ. हितेंद्र ठैंग तथा डॉ अमित अत्री ने बताया कि 21वीं पशु गणना के लिए जारी मैन्युअल के अनुसार सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और पशु गणना का कार्य पूरा करने के लिए कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

### शाहतलाई की ईशा एमएससी फिजिक्स में प्रथम

**निक्कू राम, बरठीं।** शाहतलाई की ईशा ने एमएससी फिजिक्स में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। ईशा ने गौतम महाविद्यालय हमीरपुर से अपनी पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल किया है।



ईशा कुमारी के पिता अनिल कुमार नगर पंचायत में लिपिक के पद पर तैनात हैं, जबकि माता बीना कुमारी बड़गांव में केंद्रीय मुख्याध्यापिका के पद पर तैनात हैं। ईशा ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया है। ईशा ने डीएवी कॉलेज कांगड़ा से बीएससी की परीक्षा फर्स्ट डिवीजन में हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

### बिलासपुर में आज शुरू होगी पुलिस भर्ती प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर एसपी संदीप धवल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी से 24 फरवरी तक राज्य स्तरीय आरक्षी पद के लिए पुलिस भर्ती प्रक्रिया का आयोजन जिला बिलासपुर के लुहणू मैदान में किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में जिला बिलासपुर के कुल 6911 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिनमें 4934 पुरुष और 1977 महिलाएं शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता और योग्यता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 20 फरवरी को 1500 लड़के, 21 फरवरी को 1500 लड़के, 22 फरवरी को 1500 लड़के, 23 फरवरी को 434 लड़के और 1066 लड़कियां तथा 24 फरवरी को 911 लड़कियां भर्ती के लिए बुलाई गई हैं। सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वे अन्य संबंधित कागजात अपने साथ लाएं।

### बिलासपुर कॉलेज में करवाईं वार्षिक खेलें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पी एस कटवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे खेल मैदान में हुआ जहां मुख्यातिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि डॉ. कटवाल ने कहा कि आज के समय हमें अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना जरूरी हो गया है क्योंकि खेल से न केवल हमारी मानसिक ऊर्जा बढ़ती है, बल्कि हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है।

---

जिला पर्यावरण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित, उपायुक्त अनुपम कश्यप बोले-

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हितधारक एकजुट होकर करें कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला पर्यावरण योजना की समीक्षा बैठक मंगलवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न शहरी निकायों के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण को लेकर जिला में शहरी स्थानीय निकायों में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी हित धारकों को एकजुट होना पड़ेगा। सभी हित धारकों को अपनी-अपनी खामियों को दूर करना होगा। विभाग संवाद प्रणाली को मजबूत करें। अगर संवाद प्रणाली मजबूत होगी तो कार्यप्रणाली में भी दक्षता आएगी।

उपायुक्त ने कहा कि नगर निगम शिमला की ओर से 9 हजार किलोग्राम एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक को लोक निर्माण विभाग को सौंपा जाएगा। इसके बारे में ईएनसी लोक निर्माण विभाग को जल्द पत्र लिखा जाएगा। पिछले लंबे समय से विभाग उक्त प्लास्टिक को लेने से किनारा कर रहा है जबकि नियमों के मुताबिक लोक निर्माण विभाग को सिंगल यूज प्लास्टिक लेना अनिवार्य है।



### हर सोमवार को निकायों में निरीक्षण करना अनिवार्य

**हर** सोमवार को शहरी स्थानीय निकायों में निरीक्षण करना अनिवार्य करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला राजस्व की प्रस्तावित बैठक में सभी एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में ठोस कूड़ा संयंत्र, लैंड फिल साइट को लेकर विस्तृत रिपोर्ट रखेंगे।

### सुन्नी और कोटखाई का बेहतरीन कार्य

**डीसी** ने कहा कि सुन्नी और कोटखाई नगर परिषद सफाई व्यवस्था का बेहतरीन कार्य कर रही हैं। जन समुदाय, एनजीओ आदि भी सफाई कार्य में अपनी सहभागिता देना चाहता है तो उन्हें भी निकाय प्रेरित करें। शहर के भीतर और बाहर 10 स्थानों का चयन करें जहां पर लैंडफिल एरिया विकसित किया जा सके ।

## कल बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल

**उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दूसरे राउंड के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में 20 फरवरी, 2025 को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 से 19 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए दी जाएगी ताकि जिला के सभी बच्चों को कृमि मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि 1 से 5 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए की गोलियां आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्ले स्कूल में प्रदान की जाएंगी। वही 5 से 19 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल स्कूलों में प्रदान की जाएगी ताकि बच्चों के पोषण एवं एनीमिया में सुधार किया जा सके।

# सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण का देश में चल रहा नया दौर : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मीडिया से बात चीत करते हुए करते हुए इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा चीन के हित में दिए गए भारत विरोधी बयान पर करारा प्रहार करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला।



बिंदल ने भारत की चुनावी व्यवस्था में विदेशी फंडिंग और लोकसभा में विपक्ष के उप-नेता गौरव गोगोई की पत्नी की जॉर्ज सोरोस के संगठन से संलिप्तता की मीडिया रिपोर्टों पर भी कांग्रेस की जमकर आलोचना की। डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत के विपक्षी दलों का देश विरोधी शक्तियों को समर्थन देना, राष्ट्र के लिए बहुत भयावह है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से विश्व के पटल पर एक शक्तिशाली और प्रभावशाली देश के रूप में उभरता जा रहा है और देश के भीतर सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण का नया दौर चल रहा है। कई प्रतिगामी शक्तियां भारत की इस अभूतपूर्व प्रगति और विकास को रोकने के लिए अनेक प्रकार के षड्यंत्र कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने चीन को लेकर आज जिस तरह का बयान दिया है, उससे यह बात स्पष्ट हो गई है कि कांग्रेस का चीन के साथ हुए करार का सैम पित्रोदा ने इजहार कर दिया है। सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन के साथ तो किसी प्रकार का विवाद ही नहीं है, जैसे भारत ही आक्रमक की भूमिका में हो। यह बात समुद्र पार कांग्रेस के अध्यक्ष ने कही है, हालांकि जॉर्ज सोरोस के सुर भी कांग्रेस से मिलते नजर आते हैं।

सैम पित्रोदा का बयान उनका कोई अलग बयान नहीं है, इसी भाव और विचार के कई बयान राहुल गांधी भी दे चुके हैं। राहुल गांधी ने विदेश में कहा था कि चीन ने बहुत चुनौतियों के बीच ऊपर उठने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# अढाल स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूकता

**दशमी रावत, रोहड़ू**

वीरभद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अढाल के प्रांगण में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय स्तर पर कई गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

**नारा लेखन में दसवीं कक्षा की मान्या प्रथम**

इन गतिविधियों में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नारा लेखन में मान्या (कक्षा दसवीं) ने प्रथम व रोजी (कक्षा नौवीं) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की पारुल ने प्रथम व कक्षा आठवीं के अर्नव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के आदर्श ने प्रथम व दिव्यानी (कक्षा सातवीं) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र मोहन शर्मा (प्रवक्ता रसायन विज्ञान) ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद्र ने छात्रों को सडक सुरक्षा जागरूकता के बारे मे अवगत करवाया। विजयी छात्रों को पारितोषिक भी प्रदान किया गया । (अनंत ज्ञान)

## कैंप में कर्मचारियों ने करवाई टीबी की जांच

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में कर्मचारियों के लिए 17 फरवरी 2025 को एक विशेष मंटू टेस्ट स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. मधु मैटन, सुश्री नितिका शर्मा और सुश्री भावना कुमारी की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान संस्थान के सभी कर्मचारियों की टीबी जांच की गई और आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। संस्थान के सचिव श्री मेहर चंद नेगी ने राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल संस्थान के कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और टीबी उन्मूलन अभियान में योगदान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# कॉलेजों में एक मार्च से होंगी यूजी की प्रैक्टिकल परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने स्नातक डिग्री कोर्स की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। कॉलेज स्तर पर बीए, बीएससी और बीकॉम की प्रैक्टिकल परीक्षाएं एक से 15 मार्च के बीच आयोजित की जाएंगी।

कॉलेज अपने स्तर लैब सुविधा समेत एग्जामिनर की उपलब्धता को देखते हुए परीक्षाओं का संचालन करेंगे। विवि की ओर से सभी संबद्ध कॉलेजों का परीक्षाओं के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हिमाचल विवि से संबद्ध कॉलेजों में यूजी की पढ़ाई कर रहे करीब एक लाख विद्यार्थी 20 मार्च से संभावित वार्षिक परीक्षाओं में अपीयर होंगे। प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर जारी निर्देशों के अनुसार 15 मार्च तक हर हाल में परीक्षाएं करवानी होंगी। प्रैक्टिकल परीक्षा के दिन ही इनके अवॉर्ड ऑनलाइन अपलोड करने को भी कहा गया है।

इसमें कॉलेजों को ख्याल रखना होगा कि प्रैक्टिकल लेने वाले एग्जामिनर प्राचार्य को सील बंद लिफाफे में दें। इसमें छात्रों की परीक्षा में हाजिरी, कुल छात्र-छात्राओं की संख्या जो परीक्षा में अपीयर हुए इसका पूरा ब्यौरा रखें। प्रैक्टिकल परीक्षाओं और छात्रों के इंटरनल असेसमेंट अपलोड करने से संबंधित कॉलेज विवि के नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## गोल्ड लोन की किश्त न चुकाने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** आईसीआईसीआई बैंक सरस्वती नगर शाखा द्वारा गोल्ड लोन की किश्तों का भुगतान न करने पर एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पुलिस थाना जुब्बल में दर्ज किया गया है।

बैंक मैनेजर आकाश शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करते हुए बताया है कि प्रमीला नाम की एक महिला ने उनके बैंक से गोल्ड लोन लिया है, लेकिन समय पर उसकी किश्तें नहीं चुकाई है।

एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है ।

# धर्माणी ने दधोल कलां-भेल सड़क के टारिंग कार्य का किया शुभारंभ

## बल्ह सड़क पर 16 लाख रुपए से बनने वाली पुली का शिलान्यास भी किया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को 63 लाख 78 हजार रुपए की लागत से दधोल कलां से सिद्ध चानो मंदिर होते हुए भेल तक सड़क की मैटलिंग और टारिंग कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने दधोल कलां से बल्ह सड़क पर 16 लाख रुपए की लागत से पुली का शिलान्यास किया।



मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार हर गाँव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह विकास कार्य क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करेंगे और नागरिकों के जीवन को सुगम बनाएंगे।

मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकास की प्रक्रिया को हर गांव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है,मंत्री ने यह भी वादा किया कि आने वाले समय में और भी नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी ताकि क्षेत्र प्रगति की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने की जरूरत है और सड़क सुविधाओं को हर गांव तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत दधोल में विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। ग्राम पंचायत दधोल में पानी की समस्या के समाधान हेतु विभिन्न जल आपूर्ति परियोजनाओं को पूरा किया गया है। ग्राम जसवानी में 1 लाख 30 हजार रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाई गई। ग्राम दधोल कलां में 1 लाख 44 हजार रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाई गई। इसके अलावा, ग्राम दधोल कलां में टैंक से 1 लाख 21 हजार रुपये की लागत से पाइपलाइन डाली गई।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम जसवानी में 4 लाख 12 हजार रुपये की लागत से लिंक रोड का सीमेंट कंक्रीट कार्य किया गया। दधोल कलां से बल्ह गांव तक लिंक रोड के निर्माण पर 12 लाख 46 हजार खर्च किए गए। इसके अलावा, दधोल कलां से सिद्ध चानो मंदिर होते हुए भेल तक सड़क की मैटलिंग और टायरिंग पर 63 लाख 78 हजार रुपए खर्च किए गए। पनियाली छंदोह में 2 लाख 2 हजार 610 रुपए की लागत से ट्रांसफार्मर को 25 केवीए से 63 केवीए तक अपग्रेड किया गया है।

## बिलासपुर में कल 97,894 बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की खुराक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंदर सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को जिला बिलासपुर में 1100 आंगनबाड़ी केंद्रों और 1006 स्कूलों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में अगस्त 2024 में जिला स्तरीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता दर 100 प्रतिशत रही जो सराहनीय है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 97,894 बच्चे हैं, जिन्हें दूसरे चरण में 20 फरवरी को सभी 1100 आंगनबाड़ी केंद्रों और 1006 स्कलों में एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने इस चरण में सभी विभागों विशेषकर स्वास्थ्य विभाग को 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने जिला बिलासपुर के सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 20 फरवरी को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आंगनबाड़ी-स्कूल अवश्य भेजें तथा एल्बेंडाजोल की खुराक लेने के लिए अपने आस-पड़ोस को बताएं।



डॉ. परविंदर सिंह
जिला स्वास्थ्य अधिकारी

# आउटसोर्स कर्मियों ने नियमितीकरण और समान वेतन देने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में 20,000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्दशा चरम पर पहुंच गई है, कर्मचारी राज्य सरकार से उनकी वर्षों की समर्पित सेवा को मान्यता देने और नौकरी की सुरक्षा, उचित वेतन और नियमितीकरण सुनिश्चित करने का आग्रह कर रहे हैं। जिला कोषागार के कर्मचारी एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष यूनुस अख्तर ने असहनीय परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों से अधिक काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन उन्हें बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आउटसोर्स कर्मचारियों में आत्महत्या के मामले प्रतिदिन की घटना बन जाएंगे। नई पेंशन योजना (एनपीएस) कार्यालय में कार्यरत नीलकंठ ने समान काम के लिए समान वेतन लागू करने तथा सरकारी कर्मचारियों के समान अवकाश लाभ दिए जाने की मांग की है। वहीं, आबकारी एवं कराधान विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी सैलेश गौतम ने भी अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की सेवा के बाद भी उनका वेतन चौकीदार से भी कम है।

वहीं, आबकारी एवं कराधान विभाग से पवन कुमार ने सरकार से नौकरी की सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। परिवहन विभाग (आरटीओ) में कार्यरत मनु कुमारी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को न तो काम पर और न ही घर पर सम्मान मिलता है। उन्होंने आउटसोर्सिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपील की, ताकि भविष्य के कर्मचारियों को उनके जैसी परेशानी न उठानी पड़े।

वेतन व पेंशन देने के लिए होगा परियोजनाओं की राशि का इस्तेमाल

# प्रदेश सरकार केंद्र का पैसा ट्रेजरी में डालने के लिए बैंकों पर बना रही दबाव : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर बिलासपुर के भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार बिलासपुर में बैंकों पर दबाव बना रही है कि जो पैसा केंद्र से विकास परियोजनाओं के लिए मिला है, उसे प्रदेश ट्रेजरी में ट्रांसफर किया जाए, ताकि इस पैसे से प्रदेश में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में रेलवे, फोरलेन और नाबार्ड से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भेजी गई करीब 500 करोड़ रुपए की धनराशि बैंकों में जमा है, लेकिन प्रदेश सरकार इन बैंकों पर दबाव बना रही है कि यह पूरी राशि हिमाचल प्रदेश ट्रेज़री में ट्रांसफर कर दी जाए। यह राशि पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और एसबीआई में जमा है, जहां से प्रतिदिन इस पर ब्याज मिलता है, जिससे परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त लाभ हो रहा है। लेकिन अगर यह पैसा ट्रेजरी में डाल दिया जाता है तो इस पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, जिससे परियोजनाओं के इस पैसे का लाखों रुपए का नुकसान होगा। भाजपा विधायक ने दावा किया कि प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और अब कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के भुगतान के लिए विकास परियोजनाओं की धनराशि का उपयोग किया जा रहा है। कहा कि कांग्रेस सरकार की वित्तीय नीतियां प्रदेश के विकास को प्रभावित कर रही हैं।



**परियोजनाओं की राशि ट्रेजरी में डालने से होगा करोड़ों का नुकसान**

जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री एक तरफ दावा करते हैं कि केंद्र सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिल रही, जबकि हकीकत यह है कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए पैसे से ही प्रदेश की सरकार चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई तमाम बड़ी विकास परियोजनाओं को ठप कर दिया गया है।

# प्रदेश सरकार पर आरोप लगाने से पहले भाजपा अपना कुनबा संभालें : सांख्यान

## कहा, पांडव-कौरवों की लड़ाई बन गया है प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा और विपक्ष पर कड़ा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि धड़ों से टुकड़ों में बंटती जा रही हिमाचल प्रदेश भाजपा की लड़ाई अब सड़क पर आने वाली है। प्रदेश की जनता ने जिन्हें विपक्ष की भूमिका निभाने का जिम्मा सौंपा है, वे स्वयं एक-दूसरे का विपक्ष बनकर जनता का पक्ष ही भूल रहे हैं।



**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष में दिल्ली में हाजिरी लगाने की होड़**

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष का पद कौरव, पांडवों की लड़ाई की तरह बन गया है। इसके अंदर 2027 के चुनाव टिकट आवंटन द्रोपती चीरहरण से काम नहीं है और इस बंदरबांट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की भूमिका क्या होगी, उसको लेकर गली मोहल्ले में भी कयास लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि गुजरात लॉबी से चलने वाली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के दावेदारों ने इतने टायर हिमाचल में चलकर नहीं घिसे होंगे, जितने दिल्ली के चक्कर मारकर घिस चुके हैं और अपनी राजनीतिक कुंठाओं की भड़ास निकालने के लिए प्रतिदिन प्रदेश के मुख्यमंत्री पर आर्थिक कुप्रबंधन की टिप्पणियां करने वाली भाजपा अपने प्रबंधन पर चिंता करने वालों से परेशान है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा के भीतर प्रतिस्पर्धा इतनी हो गई है कि अगर एक दिन भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है तो अगले दिन नेता प्रतिपक्ष पत्रकार वार्ता करते हैं। दोनों में यही होड़ लगी हुई है कि दिल्ली दरबार में किसकी हाजिरी ज्यादा लगती है, लेकिन दोनों ही हिमाचल प्रदेश में अपने संगठन की उपलब्धियां बताने में असमर्थ हैं। यहीं नहीं दिल्ली में ये दोनों नेता एक-दूसरे का नाम लेने में असहज भी हो जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली में राधा सेल्फ हेल्प ग्रुप का लगा स्टॉल



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनजातीय मंत्रालय द्वारा मेजर ध्यान चंद स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे आदि महोत्सव में चंबा के राधा सेल्फ हेल्प ग्रुप के स्टाल में खरीददारी करते हुए ग्राहक। इस दौरान इस स्टॉल में चुख, काला मटर,पहाड़ी धूप, गुच्छी,पहाड़ी नमक ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

### पुराने सरकारी भवनों को गिराने की उठाई मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** एसडीएम न्यायालय सुंदरनगर का पुराना जर्जर भवन जो राजाओं के समय का बताया जाता है को उपायुक्त मंडी (डिस्मेंटलिंग) द्वारा नाकावले रिहाइश घोषित कर देने के बाद भी गिराया नहीं जा रहा है। जबकि वर्षों पहले की आवश्यक सूचना में एसडीएम न्यायालय सुंदरनगर का पुराना भवन जो रिहायश योग्य नहीं है, इसलिए विशेषतः अधिवक्ताओं को जो इस परिसर में अपने न्यायालयों से संबंधित दैनिक कार्य के संचालन हेतु बैठते हैं को सूचित किया जाता है कि वे मौसम बरसात के मद्देनजर इस भवन की सुरक्षा को देखते हुए भवन परिसर में न बैठें, ताकि अकस्मात, किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके, इसे अति आवश्यक समझें। चिंता तो जान माल की है, इसलिए परवाह करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इस भवन को अब पिछली तरफ से बुरी तरह ढहने से की स्थिति में देखा जा सकता है अतः सावधान होना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने उपायुक्त मंडी व सुंदरनगर प्रशासन से सानुरोध प्रार्थना की है कि शीघ्र ही सुरक्षा के ख्याल को गंभीरता से लेते हुए उक्त पुराने भवन को गिराने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।(अनंत ज्ञान)



### प्रदेशाध्यक्ष छतर सिंह ने किया मंडी का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर का मंडी में पहला दौरा हुआ। जिसमें समस्त युवा कांग्रेस मंडी व 10 विधानसभाओं से अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला मण्डी युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने की। प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर के साथ प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष तरुण ठाकुर, पूर्व में युकां लीगल सैल चेयरमैन श्री प्रशांत सेन, पूर्व प्रदेश सचिव बलदेव ठाकुर, कांग्रेस जिला सचिव राकेश जम्वाल, सदर मंडी विधानसभा अध्यक्ष योगेश पटयाल, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस साहिल ठाकुर, प्रदेश महासचिव दिनेश पटयाल, युवा पूर्व महासचिव आजाद वह युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हमित जम्वाल, सुंदरनगर अध्यक्ष हितेश शर्मा, व निशांत राव प्रेम नाचान गोपाल सहगल हितेश मंडी सदर नगर निगम अध्यक्ष किशोरी सभी विधानसभाओं के अध्यक्ष व मंडी एनएसयूआई कैंपस अध्यक्ष नामित समस्त कार्यकारिणी मौजूद रही। युवा कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की। जिसमें नशे के खिलाफ खास रूप से समाज में एक मुहिम चलाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस कार्यक्रम में साथ में पूर्व प्रदेश महासचिव कांग्रेस पार्टी चेत राम ठाकुर और मंडी सदर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी चम्पा ठाकुर के विशेष रूप से शिरकत की।

कशमल मामले में सामाजिक कार्यकर्ता हुए एकजुट, उत्तम चंद बोले–

# चंबा में कशमल का अवैध कटान जारी, लगाई जाए रोक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में कशमल की अवैध कटान और दोहन को रोकने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता कश्मल बचाओ अभियान और जागरूकता अभियान के तहत एकजुट हुए हैं। इस गंभीर मुद्दे को लेकर आज उत्तम चंद वशिष्ठ के नेतृत्व में उपायुक्त (डीसी) कार्यालय चंबा में एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है ताकि कशमल के अवैध दोहन को रोका जा सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों द्वारा कशमल का अवैध दोहन मनमाने ढंग से किया जा रहा है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस निगरानी नहीं की जा रही है। इसके साथ ही पूर्व में दर्ज की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ने अपनी मांगों में बताया कि संबंधित विभागों द्वारा निष्पक्ष जांच की जाए और पहले से दर्ज शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हो। इसके साथ ही सूचना का अधिकार आरटीआई के तहत मांगे गए दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। वहीं उन्होंने कहा कि प्रशासन को बार-बार ईमेल से सूचित करने के बावजूद जवाब न मिलने की स्थिति में स्पष्ट जानकारी दी जाए। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने इस मुद्दे पर तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई नहीं की, तो वे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और जनहित याचिका का सहारा लेंगे। साथ ही, रोष प्रदर्शन रैली, धरना प्रदर्शन, हस्ताक्षर अभियान और व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई है।



**कटान को रोकने के लिए डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन**

### सुरक्षा की उठाई मांग

**कशमल** बचाओ अभियान से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान की जाए, क्योंकि उन्हें वन माफिया और ठेकेदारों से खतरा है।

> हम पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं और कशमल के अवैध दोहन को हर हाल में रोकेंगे। प्रशासन की निष्क्रियता के कारण हमें कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।
> — उत्तम चंद वशिष्ठ, सामाजिक कार्यकर्ता।

### खनन निरीक्षण करने वाले अधिकारी डैश कैमरे से होंगे लैस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, वन अधिकारियों, पुलिस तथा खनन विभाग के सभी खनन निरीक्षकों को अवैध खनन की रोकथाम बारे सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त खनि कार्यालय मंडी द्वारा अवैध खनन की रोकथाम के लिए विभागीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में अवैध खनन करने वालों को बख्शा न जाए और उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के सभी एसडीएम किए जा रहे प्रयासों को और बल दें। उपायुक्त ने अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिला के सभी उपमंडल अधिकारियों, खनन अधिकारी मंडी निरीक्षकों और खनन रक्षकों को वाहन सहित बाडी वीयरेबल कैमरा तथा डैश कैमरे को डीएमएफटी फंड से उपलब्ध करवाने हेतु अपनी संस्तुति प्रदान की ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को कैमरे में रिकॉर्ड किया जा सके।

# सड़क समस्या पर पीडब्ल्यूडी ने दिया समाधान का आश्वासन



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंचायत समिति मैहला की त्रैमासिक बैठक विकासखंड मैहला में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति अध्यक्षा गिलमा देवी ने की। इस मौके पर पंचायत समिति मैहला के वाइस चेयरमैन सूरज शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सबसे ज्यादा चर्चा हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के कार्य को लेकर की गई। इस मौके पर के लोगों ने पिछले कई दिनों से सड़क के रखरखाव न होने का प्रश्न बैठक में उठाया। इस मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के ओर से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया गया। गौरतलब है पिछले दिनों यहां पर ग्रामीणों ने लगभग 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण अपने जेब के पैसे से ही कर दिया है। लिहाजा इस सड़क निर्माण के दौरान के लोगों की निजी भूमि व पेड़ पौधे भी नष्ट हुए हैं। इस मौके पर कुछ पंचायत समिति सदस्यों ने गांव में शिवराज हुआ रसोई घर से निकलने वाले पानी को खुले में छोड़ने पर भी आपत्ति जताई है और हाउस में मांग रखी कि उन पर कार्य कार्रवाई की जाए जो लोग घरों में सीवरेज से निकलने वाले पानी को खुले में छोड़ते हैं।

इस मौके पर इस तरह से खुले में पानी छोड़ने वालों पर राशन न देने की बात कही गई। वहीं बैठक के दौरान की पंचायत समिति सदस्यों में पंचायत समिति सदस्यों के एग्रीमेंट न होने को लेकर भी खंड विकास अधिकारी से चर्चा की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को बताया कि की जगह प्रधान अपने कार्यों का एग्रीमेंट करवा लेते हैं और पंचायत समिति सदस्यों के कार्यों का एग्रीमेंट न करने के कारण दोबारा समिति के सदस्यों को अपनी पंचायत में जाना मुश्किल हो जाता है।

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट बंद होने की कगार पर

**अनंत ज्ञान चंबा**

चंबा मेडिकल कॉलेज में करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है। यह स्थिति तब उत्पन्न हुई जब आउटसोर्स पर तैनात तीन तकनीकी कर्मचारियों का सेवा कार्यकाल समाप्त कर दिया गया।

कोरोना काल से लेकर अब तक ये कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स तकनीकी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश के बाद अस्पतालों में तैनात 29 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। इससे न केवल इन कर्मचारियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, बल्कि मरीजों के लिए ऑक्सीजन उपलब्धता पर भी असर पड़ सकता है। इस मामले में अब तक जिला स्वास्थ्य विभाग को उच्च अधिकारियों से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।

**कर्मचारियों की सेवाएं की समाप्त**

आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पहले भी कार्यमुक्त करने के बाद दोबारा नियुक्ति दी गई थी, इसलिए सरकार को उनकी सेवाओं का विस्तार करना चाहिए ताकि मरीजों को निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति मिलती रहे।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : शिवानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में आज 57वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एएसपी चंबा शिवानी मैहला रही। महाविद्यालय के प्राचार्य मदन गुलरिया ने मुख्यातिथि को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेलों से हमें जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता है ।

इस अवसर पर प्राचार्य मदन गुलेरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि एसपी चंबा हमारे बीच बताओ मुख्य अतिथि पधारे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष भर की गतिविधियों में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की अहम भूमिका है उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं यह शरीर के साथ-साथ हमारे मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखते हैं। महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण आयोजन हो रहा है, जिसमें हमारे छात्र अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



विजेता बच्चों के साथ गणमान्य।

**800 मीटर महिला वर्ग में प्रिया प्रथम**

इस अवसर पर 800 मीटर महिला वर्ग में प्रिया प्रथम सलीमा द्वितीय व संतोष और चुना तीसरे स्थान पर रहीं। 1500 मीटर पुरुष वर्ग में सुशील प्रथम, विशेष द्वितीय व सचिन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 800 मी पुरुष वर्ग में सुशील प्रथम,दीपू द्वितीय रमेश तीसरे स्थान पर रहे। 400 मी पुरुष वर्ग में मोहित पहले, प्रेषित दूसरे वह सचिन तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं 400 मी महिला वर्ग में सिनेमा पहले संतोषी दूसरे व बिंदिया तीसरे स्थान पर रही। वहीं 200 मी पुरुष वर्ग में निशांत पहले साहिल दूसरे वह आदित्य तीसरे स्थान पर रहे। 200 मी महिला वर्ग में राधिका पहले स्नेहा दूसरे व मनीषा तीसरे स्थान पर रही। शॉट पुट पुरुष वर्ग में मनीष पहले खेमराज दूसरे नीरज और दक्ष तीसरे स्थान पर रहे।

# सर्वसेवा समिति दल ने ज्येष्ठ मंगलवार को करवाया हनुमान चालीसा का पाठ

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

सर्व सेवा समिति दल बनीखेत की ओर से मंगलवार को भुरु नाग देवता मंदिर में हर महीने के ज्येष्ठ मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ करवाया जाता आ रहा है । इसी तर्ज पर इस मंगलवार को भी हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया जिसमें की तमाम समिति के सदस्य तथा स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बता दें कि इस अवसर पर आए हुए भक्तों में हलवा भी वितरित किया गया।

इस आयोजन को लेकर अजय ओबेरॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि हर श्रेष्ठ मंगलवार को भुरू नाग देवता मंदिर परिसर में जो हनुमान चालीसा का पाठ करवाया जाता आ रहा है वह भविष्य में भी जारी रहेगा इससे न केवल लोगों में धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलेगा बल्कि लोकल भाईचारे में परस्पर सहयोग की भावना को भी बल मिलेगा।(अनंत ज्ञान)



हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए लोग।

**लोगों में धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलने के साथ बढ़ेगा भाईचारा**

# सांस्कृतिक संध्याओं व वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए ऑडिशन आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं और वॉयस और शिवरात्रि के लिए ऑडिशन 19 फरवरी से शुरू हो जाएंगे। यह ऑडिशन 23 फरवरी तक मंडी के पड्डल मैदान स्थित टेबल टेनिस हॉल में आयोजित किए जाएंगे।

19 और 20 फरवरी को ऑडिशन के लिए बुलाए जाने वाले कलाकारों की सूची जारी करते हुए अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम उप-समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने आज यहां बताया कि ऑडिशन के लिए 18 फरवरी तय की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में कलाकारों ने आवेदन किया है। आवेदन करने वाले सभी कलाकारों को ऑडिशन के लिए अब आमंत्रित किया जा रहा है। 19 फरवरी को 60 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया है जबकि 20 फरवरी को 50 कलाकारों को ऑडिशन के लिए बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी, 2025 को सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई थी। इसके उपरांत अब कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।रोहित राठौर ने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए प्रथम चरण के ऑडिशन शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के ऑडिशन के साथ ही होंगे।

# उपमंडलाधिकारी ने चांजु पावर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, तीसा/चुराह**

जिला चंबा के चुराह क्षेत्र में एचपीपीसीएल कंपनी द्वारा निर्माणाधीन पावर प्रोजेक्ट चांजु तृतीया का निरीक्षण आज उपमंडलाधिकारी नागरिक चुराह अंकुर द्वारा किया गया।

स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के इलावा स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस आयोजन में जहां उपमंडलाधिकारी ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी तो वहीं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों, समस्याओं एवं मागों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। उपमंडलाधिकारी नागरिक चुराह अंकुर ने आए हुए लोगों को आश्वस्त किया कि दोनों ने अपनी मांगे समस्याएं तथा जो सुझाव दिए हैं उनके मद्देनजर प्रशासन उनका पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगा।

वहीं ग्राम पंचायत प्रधान टेक्की देवी ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ निर्माणाधीन कंपनियों के प्रबंधन पर निशाना चाहते हुए कहा की उनके द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार ना देते हुए बाहरी लोगों को रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है जो कि सरासर गलत है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

कंपनियों पर प्रकृति को नुकसान पहुचाने पर भी चेताया है कि अगर कंपनी अपने काम को सही उचित तरीके से नहीं करती हैं तो स्थानीय ग्रामवासी काम बंद करवाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। एचपीपीसीएल द्वारा आगे अन्य कंपनियों को दिए कामों को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है कि अगर ठेकेदार अपने काम को सही अंजाम नहीं देंगे तो जल्द उनका कॉन्ट्रैक्ट रद्द भी किया जा सकता है।



पंचायत प्रधान लोगों के साथ व इनसेट में उपमंडलाधिकारी नागरिक चुराह अंकुर।

### सूडोकु नवताल- 7346 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रवीन्द्र नाथ टैगोर राजकीय स्नातक महाविद्यालय सरकाघाट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि, महाविद्यालय के सम्मानित प्राचार्य डॉ. रिखी राम कौंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं रोवर एंड रेंजर के छात्र नेतृत्व में प्रभावशाली परेड के साथ हुई। जिसके बाद प्रिंसिपल डॉ. रिखी राम कौंडल ने प्रेरणादायक संबोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। इस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के सह आचार्य डॉ. दिनेश कुमार के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया ।

इस दौरान महिलाओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में शिवानी वर्मा प्रथम, खुशी द्वितीय और निकिता कुमारी तृतीय स्थान पर रही, पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में अतुल पटियाल ने पहला कपिल देव दूसरे और अभिषेक ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं में अंकिता ने पहला, प्रीति देवी दूसरे और शिवानी वर्मा ने तीसरे स्थान हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में साक्षी ने पहला, निकिता ने दूसरा और कंगना ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने पोजिशनें हासिल की।

**रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित**



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

19 फरवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** षष्ठी (7:35): **नक्षत्र** स्वाति (10:40), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** वृद्धि (10:47) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:35-01:59)।

**विशेष दिन**

- 20 फरवरी : नाथद्वारा में श्रीनाथ जी का पाटोत्सव कल।
- 20 फरवरी 2025 : शबरी जयंती कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। बुद्धि कौशल से किया गया कार्य व्यावसायिक सफलता देगा।

**वृषभ:** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह कार्य में व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा।

**मिथुन:** उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। व्यक्ति विशेष का सहयोग रहेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा।

**कर्क:** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रिश्तों में मधुरता आएगी। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें।

**सिंह :** भावुकता पर नियंत्रण रखें। मन अशांत होगा। सूर्य को जल दें। मन को नियंत्रण रखने का प्रयास करें। छोटी-छोटी बातों पर भावुक न हों।

**कन्या :** उदर विकार या त्वचा का रोग की संभावना है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं।

**तुला:** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**वृश्चिक:** जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**धनु:** भाग्यवश सुखद समाचार मिलेगा। निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर :** शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति उत्साहवर्धक होगी।

**कुंभ :** बुद्धि बल से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। समय को नष्ट न करें। व्यावसायिक दिशा में ही अधिक से अधिक समय दें।

**मीन :** व्यर्थ के तनाव स्वयं को कमजोर कर रहे हैं। उनसे मुक्त रहने के लिए अपने आराध्य या धर्म के उपदेशों को सुनें।

**दिक्कत** — सरकारें आज तक स्थापित नहीं कर पाई अग्निशमन केंद्र, समस्या के समाधान की मांग

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी में सात दशकों में हो चुके हैं भयंकर अग्निकांड

**रूपी ठाकुर, बरोट**

जिला मंडी की चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी में गत लगभग सात दशकों से कई छोटे से लेकर बड़े-बड़े भयंकर अग्निकांड हो चुके हैं। इन अग्निकांडों को देखते हुए सरकार व प्रशासन को घाटियों के गांवों में आग से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध समय रहते कर लेना चाहिए। घाटियों के गांवों में इससे पूर्व भी कई भयंकर आग्निकांड हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 1971 के बाद से इन घाटियों में घटित हुए बड़े-बड़े अग्निकांडों से अब तक करोड़ों रुपए का नुक्सान हो जाने के साथ-साथ कई लोगों को अपनी जान भी गंवाना पड़ी है।

छोटाभंगाल घाटी की बड़ाग्रां पंचायत की प्रधान चंद्रमणी देवी, कोठी कोहड़ पंचायत की प्रधान रक्षा देवी, धरमान पंचायत की प्रधान रेखा देवी, मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी, लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर तथा चौहार घाटी की खलैहल पंचायत पंचायत के प्रधान भागमल, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद पूर्व उपप्रधान भोखी राम सहित घाटियों के समस्त लोगों का कहना है कि घाटियों के केंद्र स्थल मुल्थान या बरोट में अग्निशमन को खोलने की जोरदार मांग की गई जा चुकी है, मगर आजतक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। इन पंचायत प्रतिनिधियों सहित घाटियों के समस्त लोगों का कहना है कि छोटा भंगाल तथा बड़ा भंगाल घाटी की सभी आठ पंचायते हैं और इन पंचायतों के अंतर्गत लगभग पैतीस गांव तथा उपगांव पड़ते है और इन गांवों की कुल आबादी लगभग नौ हजार है तथा चौहार घाटी की तरह पंचायतें है और इन पंचायतों के अंतर्गत लगभग 120 गांव तथा उपगांव पड़ते हैं उनमें से अधिकांश गांव अब सड़क सुविधा से जुड़ गए हैं मगर सरकार द्वारा यहां पर अग्निशमन केंद्र स्थापित न करने पर बिलकुल अन्याय ही किया जा रहा है।(अनंत ज्ञान)

### अब तक घाटी में हो चुकी घटनाएं

गत पांच दशकों में वर्ष 1971 में छोटाभंगाल घाटी के बड़ा ग्रां में 90, वर्ष 1990 में स्वाड़ गांव में 36, वर्ष 1980 में तरमेहर गांव में 52 और इसी गांव में ही वर्ष 1984 में 18, वर्ष 1995 में अंदरली मलाह गांव में 80, वर्ष 1999 में खड़ी मलाह गांव में 14, वर्ष 2005 में बखलोग गांव में 15 मकान अग्निकांड से पूरी तरह स्वाह हो गए और पांच लोग तथा दर्जनों पशु भी आग की चपेट में आकर जिंदा जल गए। वर्ष 2006 में अंदरली मलाह गांव में फिर एक बार 40 मकान, वर्ष 2007 में पोलिंग गांव में तीन मंजिला मकान जलकर राख हो गया। वर्ष 2010 तथा वर्ष 2014 में कोठी कोहड़ गांव में दो मंजिला मकान, वर्ष 2012 में गांव लोआई में 20 मकान राख हो गए हैं। वर्ष 2013 में लोहारडी बाजार में एक लकड़ी के खोखे रह रहा बुजुर्ग खोखे सहित जिन्दा जला, वर्ष 2013 मे फिर एक बार तीन मंजिला मकान आग की भेंट चढ़ गया है। इसके अलावा वर्ष 2004, चौहार घाटी के वोचिंग गांव में नौ मकान के जलने सहित आदी घटनाएं शामिल हैं।

**याद** रखें कि कभी–कभी आप जो चाहते हैं वह न मिलना भाग्य का अद्भुत संयोग है। –**दलाई लामा**

## संपादकीय

# मायूस होम स्टे संचालक

**हो**म स्टे नीति में बदलाव होने के बाद प्रदेश में राजनीति माहौल एक बार फिर गरमा गया है। कांग्रेस की सुक्खू सरकार इस मसले को लेकर एक बार फिर भाजपा के निशाने पर है। इस बदलाव पर भाजपा ने कई सवाल उठाए हैं। भाजपा तर्क दे रही है कि सरकार प्रदेश की ग्रामीण आजीविका का आधार बन रहे होम स्टे से जो फीस रजिस्ट्रेशन के नाम पर लेना चाहती है कई बार होम स्टे वाले सालभर में उतना कमा भी नहीं पाते। होम स्टे नीति 2025 में हुए बदलावों के बाद अब संचालकों को जीएसटी नंबर लेना कंपल्सरी कर दिया है और बाकायदा रिटर्न फाइल भी भरनी होगी।

होम स्टे की रजिस्ट्रेशन फीस पहले सिर्फ 100 रुपए हुआ करती थी, लेकिन सुक्खू सरकार ने इसे बढ़ाकर 3000 रुपए कर दिया है। स्वाभाविक है कि एकदम से इतना बड़ा इजाफा करना किसी के गले नहीं उतर रहा है। हालांकि, सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए होम स्टे योजना शुरू की थी, लेकिन जिस हिसाब से रजिस्ट्रेशन के नाम पर इसमें भारी–भरकम बढ़ोतरी की है, उससे अब होम स्टे वाले भी अपने पांव पीछे खींच सकते हैं। सरकार ने इस बढ़ोतरी के पीछे अपना राजस्व बढ़ाने की जुगत भिड़ाई है, लेकिन उन संचालकों का क्या, जिन्हें पहले बड़े–बड़े सपने दिखाए गए थे? इससे पहले होम स्टे संचालकों को जीएसटी नंबर लेना जरूरी नहीं था, जिसके चलते होम स्टे वाले निश्चिंत रहते थे, लेकिन अब उन्हें एकदम से इतनी बड़ी राशि निकालने के लिए कई बार सोचना पड़ेगा। सरकार ने एक और नया काम किया है कि जीएसटी रिटर्न वाली फाइल हर महीने फाइल करने के लिए कहा है। जाहिर है कि इस काम के लिए होम स्टे संचालकों को चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हायर करना पड़ेगा। इसके अलावा अब कूड़े के निस्तारण के लिए भी म्यूनिसिपल कानूनों के तहत व्यवस्था करनी होगी।

इतना ही नहीं, होम स्टे में अग्निशमन उपकरण भी अनिवार्य रूप से लगाने होंगे। मेहमानों का ब्यौरा बाकायदा रजिस्टर और कंप्यूटर में दर्ज करना होगा। हिमाचल में होम स्टे नीति में बदलाव होने से आने वाले समय में कई फायदे और नुकसान हो सकते हैं। होम स्टे नीति में बदलाव होने से सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है, क्योंकि इससे अधिक लोगों को होम स्टे में रहने का अवसर मिलेगा। पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है। यदि पर्यटन क्षेत्र में सरकार ने अच्छी कमाई कर ली तो आने वाले समय में उसके ऊपर चढ़ा कर्ज का भारी–भरकम बोझ भी कम हो सकता है। वहीं, इस नीति के कारण स्थानीय समुदायों को लाभ हो सकता है। होम स्टे नीति में बदलाव से स्थानीय समुदायों को लाभ होना सकारात्मक चीज है, क्योंकि इससे उन्हें अपने घरों में पर्यटकों को रहने के लिए जगह देने का अवसर मिलेगा। जितने ज्यादा पर्यटक उनके घरों में ठहरेंगे उतने ही ज्यादा उनकी आय के साधन बढ़ेंगे। होम स्टे नीति में बदलाव से आर्थिक विकास हो सकता है, क्योंकि इससे पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा।

यह बदलाव सांस्कृतिक आदान–प्रदान के लिए भी फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इससे पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। हिमाचल की संस्कृति बहुत समृद्ध और विविध है। यहां की संस्कृति में पारंपरिक रीति–रिवाज, त्योहार, संगीत, नृत्य, कला और भाषा शामिल हैं। यहां के लोग अपने पारंपरिक रीति–रिवाजों को बहुत महत्व देते हैं। जाहिर है जब दूसरी जगह से लोग हिमाचल आएंगे तो वे भी हिमाचल की संस्कृति तथा आवभगत से रू–ब–रू होंगे। हमारे कई त्योहार जिनमें दशहरा, दिवाली, होली और बैसाखी प्रमुख हैं, उनको करीब से देखने तथा मनाने का अवसर भी पर्यटकों को मिल सकता है। यहां का संगीत और नृत्य बहुत प्रसिद्ध है, जिसका लाभ उठाकर पर्यटकों को आकर्षित कर यहां ज्यादा दिनों तक ठहराया जा सकता है।

इसके अलावा यहां के लोग अपने पारंपरिक खान–पान को बहुत महत्व देते हैं। वहीं, होम स्टे नीति में बदलाव से पर्यावरण प्रभावित हो सकता है, क्योंकि इससे अधिक लोगों के आने से पर्यावरण पर दबाव बढ़ सकता है। इसके अलावा स्थानीय समुदायों की जीवनशैली पर प्रभाव पड़ सकता है। बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ना तथा नियमन की कमी होने से होम स्टे संचालकों को परेशानी हो सकती है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि हो स्टे संचालक इस बदलाव को सकारात्मक रूप में देखेंगे और सरकार की आर्थिक हालत को सुधारने में मदद करेंगे। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री

**बेअंत** सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेताओं में से एक थे, जो पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे। वह 25 फरवरी, 1992 से 31 अगस्त, 1995 तक पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। भारत के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के शब्दों में–'पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में सरदार बेअंत सिंह ने राज्य में सामान्य स्थिति बहाली के लिए कड़े संघर्ष किए।' 18 दिसंबर, 2013 को डाक विभाग ने सरदार बेअंत सिंह के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया। बेअंत सिंह का जन्म पटियाला, पंजाब में हुआ था और इसके बाद में वे लुधियाना के दोराहा तहसील के बिलासपुर गांव में चले गए। इसके बाद में वे उसी जिले के ग्राम कोटली में स्थानांतरित हो गए। उनके बेटे तेज प्रकाश सिंह पंजाब सरकार में मंत्री थे, जिनका नेतृत्व हरचरण सिंह बराड़ ने किया था। सन 1947 के विभाजन के बाद बेअंत सिंह ने पंजाब की राजनीति में प्रवेश किया। 1960 में वे लुधियाना जिले में दोराहा के ब्लॉक समिति के अध्यक्ष चुने गए। लुधियाना में केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक के रूप में कुछ समय तक काम करने के बाद बेअंत सिंह ने 1969 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में पंजाब विधानसभा में प्रवेश किया। 31 अगस्त, 1995 को चंडीगढ़ के सचिव परिसर में एक बम विस्फोट में बेअंत सिंह की हत्या कर दी गई। ■



**बेअंत सिंह**
**जन्म :** 19 फरवरी, 1922
**मृत्यु : 31 अगस्त, 1995**



कविता

## पढ़ेंगे तो ही होंगे पास

*राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर*

***परीक्षा** देने छात्र आया, पेपर देखा मन घबराया।*
*उसको नहीं था कुछ भी याद, रो–रो कर हुआ बेहाल।*
*टुकुर–टुकुर यहां–वहां देखे, सबके आगे माथा टेके।*
*ए–भाई जरा मुझे बता दो, कुछ प्रश्नों को हल करा दो।*
*इम्तिहान जब सिर पर आते, पूरी नींद न हम सो पाते।*
*सुबह–सुबह ही उठना पड़ता, देर रात को सोना पड़ता।*
*खान–पान का नहीं ध्यान, न ही मिल पाता आराम।*
*हर पेपर की चिंता रहती, फेल होने की शंका रहती।*
*कैसे होगी हमको याद, आधे दिन में एक किताब।*
*सारा साल तो की मनमानी, मां–पापा की बात न मानी।*
*खूब पढ़ो हमको समझाया, व्यर्थ ही हमने वक्त गंवाया।*
*आज हुआ है यह एहसास, पढ़ेंगे तो ही होंगे पास।*
*ऐसा नियम बनाना होगा, रोज काम निपटाना होगा।*
*तो ही अच्छे अंक मिलेंगे, चिंता से भी मुक्त रहेंगे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिक्षकों के प्रति बढ़ती अभद्रता शिक्षा प्रणाली के लिए खतरा

**हा**ल ही में शिक्षकों के साथ अभिभावकों द्वारा की गई मारपीट की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। विद्यालय वह स्थान होता है जहां बच्चों का भविष्य संवारने के लिए शिक्षक समर्पित रहते हैं, लेकिन जब वही शिक्षक अभिभावकों की हिंसा का शिकार बनते हैं, तो यह शिक्षा प्रणाली और सामाजिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। हिमाचल प्रदेश में अध्यापकों के साथ हुई मारपीट की घटनाएं न केवल निंदनीय हैं, बल्कि यह समाज में बढ़ती असहिष्णुता और नैतिक पतन को भी दर्शाती हैं। अध्यापक, जो ज्ञान के दीपक होते हैं और समाज के निर्माण की नींव रखते हैं, उनके साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार शिक्षा प्रणाली के मूल्यों पर गहरा आघात करता है।



**लेखक : सिकंदर बंसल**
रामपुर बुशहर, हिप्र

कुछ वर्ष पहले ऊना जिला के एक सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल सहित दो अन्य शिक्षकों के साथ मारपीट करने के आरोपी छात्र और उसके पिता ने बेरहमी से शिक्षकों को मारा। ऐसा ही वाकया रामपुर बुशैहर के निजी स्कूल डीएवी का है जहां शिक्षक को अभिभावकों ने प्रिंसिपल के कमरे में आकर लात घुसे मारे। ऐसे अनेकउदाहरण है। यह एक ऐसा भी दर्शाता है कि आज समाज में शिक्षकों को कितना आदर सम्मान दिया जा रहा है। अध्यापक ही वह कड़ी हैं, जो भविष्य की पीढ़ी को गढ़ते हैं। उनके हाथों में समाज की प्रलय और निर्माण दोनों हैं।

वे न केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं, बल्कि नैतिकता, अनुशासन और संस्कार भी संवारते हैं। यदि समाज के संरक्षक ही असुरक्षित होंगे, तो बच्चों के भविष्य का मार्गदर्शन कौन करेगा? इस प्रकार की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि अभिभावक और विद्यार्थी अपने कर्तव्यों और सीमाओं को भूलते जा रहे हैं। किसी भी असहमति या विवाद का समाधान संवाद और संयम से किया जाना



चाहिए, न कि हिंसा से। जब विद्यार्थी और अभिभावक अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान खो देते हैं, तो शिक्षा का पवित्र रिश्ता कमजोर हो जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर नियमों की आवश्यकता है। सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की गरिमा बनी रहे। विद्यालय केवल ज्ञान अर्जन का स्थान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का केंद्र भी हैं। यदि अध्यापक भय के वातावरण में कार्य करेंगे, तो शिक्षा का स्तर गिर जाएगा और अंतत: इसका दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा।

अत: यह अनिवार्य है कि अभिभावक, विद्यार्थी और समाज मिलकर शिक्षकों को वह सम्मान दें, जिसके वे अधिकारी हैं। अध्यापक केवल पाठ पढ़ाने वाले नहीं होते, वे समाज के निर्माता होते हैं।

यदि हम शिक्षा के स्तंभ को कमजोर करेंगे, तो भविष्य की इमारत स्वयं ही गिर जाएगी। शिक्षकों का समाज में एक गरिमामय स्थान होता है और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। जब कोई अभिभावक शिक्षक से असहमति रखता है, तो इसका समाधान संवाद के माध्यम से निकाला जाना चाहिए, न कि हिंसा का सहारा लेकर। कई मामलों में, छोटे विवाद भी अभद्र भाषा और शारीरिक हिंसा तक पहुंच जाते हैं, जिससे शिक्षकों का मनोबल टूटता है और वे मानसिक तनाव में आ जाते हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए शिक्षकों को संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। विद्यालय प्रशासन और शिक्षक संघों को इस विषय पर सख्त नीतियां बनानी चाहिए, ताकि शिक्षकों को सुरक्षा और सम्मान मिले। शिक्षक चाहे सरकारी हो या निजी। शिक्षक, शिक्षक होता है। विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए और किसी भी प्रकार की अभद्रता या हिंसा पर तत्काल कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, नए मापदंड यह तय हुआ है कि राज्य के स्कूलों में विद्यार्थियों को शारीरिक दंड देने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) का हवाला देकर जिला शिक्षा उपनिदेशकों को इस बाबत सख्त निर्देश जारी किए हैं। अनुशाहीनता के खिलाफ अध्यापकों के भी हाथ बांध दिए गए है। डॉक्टरों के साथ होने वाली हिंसा के खिलाफ बने कानून का उद्देश्य उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है, ताकि वे बिना डर के अपनी सेवाएं दे सकें। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों को भी सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। यदि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून आवश्यक माना गया है, तो शिक्षकों के लिए भी ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों के साथ अभिभावकों और उद्दंड विद्यार्थियों द्वारा मारपीट की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। जब शिक्षक सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे, तो वे प्रभावी ढंग से शिक्षण कार्य नहीं कर पाएंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

कई राज्यों में शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर नियम बने हैं, लेकिन एक सख्त और प्रभावी कानून की आवश्यकता है, जिससे शिक्षकों के खिलाफ हिंसा करने वालों को कानूनी दायरे में लाया जा सके। शिक्षकों के प्रति सम्मान और अनुशासन बनाए रखने के लिए न केवल कानून की जरूरत है, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है। समाज को यह समझने की जरूरत है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी भी हैं, और उनका सम्मान हर परिस्थिति में बना रहना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# प्रकृति का सम्मान करें, पर्यावरण संरक्षण के लिए ईमानदार प्रयास जरूरी

**व**र्तमान में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं, संत्रासों, पीड़ाओं और अभावों का मूल कारण प्रकृति के प्रति हमारी खुदगर्जी भरी विकारी मनोवृत्ति है। इस बात को प्रत्यक्ष तौर पर कोई भले स्वीकार न करें, लेकिन सत्य यही है। पंचतत्वों से निर्मित जीवों का सर्वोपरि धर्म प्रकृति की रक्षा के लिए समर्पण है, लेकिन हम विकास की दौड़ और समृद्धि पाने की आतुरता में प्रकृति के शोषण को इतना अधिक अपना चुके हैं कि कुछ कहा नहीं जा सकता। मनुष्य की प्रतिस्पर्धी तमोगुणी दुष्प्रवृत्ति के कारण पैदा हो रहे परिवेशीय संकटों से मुक्ति पाने के लिए सतोगुणी वृत्ति को विकसित किया जाना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। तभी वन एवं वन्य जीवों को संरक्षित कर सुरक्षित जीवन प्रदान किया सकता है, जिससे हम पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं। हम सभी इंसानों को वैयक्तिक सोच के साथ प्रकृति और परिवेशीय तमाम कारकों के प्रति संवेदनशील कर्तव्य भावना का ख्याल रखते हुए सामूहिक सोच के साथ इस दिशा में आगे आना होगा।

**लेखक : डॉ. दीपक आचार्य**
सूचना एवं जनसंपर्क के पूर्व निदेशक

**भयावह होगा प्रकृति का प्रकोप :** पर्यावरण के दूषित होने से मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। इस बारे में अभी गंभीरता से नहीं सोचा गया तो आने वाला समय अत्यंत और अपरिहार्य भयावह परिस्थितियों से साक्षात् कराने वाला हो सकता है। इसके संकेत कुछ वर्ष से दिखाई देने लगे हैं। प्राचीन समय में पेयजल एवं वन संरक्षण के लिए प्रकृति को ही परमेश्वर मानकर पूजा की जाती थी तथा उनके रखरखाव के लिए लोग स्वयंस्फूर्त भावना से आगे आकर सहभागिता निभाते हुए प्रसन्नता एवं आत्मतोष का अनुभव करते थे। इसी का परिणाम है कि आज तक हम शुद्ध पर्यावरण का सुकून लेते आ रहे हैं, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक चलने वाली नहीं रहने वाली। प्रकृति पूजा और पर्यावरण संरक्षण



के प्रति हमारी आस्थावादी पुरातन सोच को फिर से जागृत कर सुनहरा आकार देने की आवश्यकता है। **जनजागृति का संचार हो :** आज स्वार्थ के वशीभूत होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन निर्मम एवं असीम शोषण के स्तर तक पहुंच चुका है। इस स्थिति में वन संपदा एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति आम जनमानस को जागृत करने की जरूरत है।

**मानवीय अपेक्षाओं पर खरे उतरें :** धरती माता पर जो जीव जंतु एवं वृक्ष पैदा हुए हैं, उन सभी को मानव जाति से ही अपेक्षा है कि वह उनकी रक्षा करे और उनके जीवन निर्वाह में किसी भी प्रकार की बाधाएं न आने पाएं। जन, जंगल एवं वन्य जीव एक दूसरे के पूरक हैं, इसलिए इन्हें बचाए रखना प्रत्येक मानव का दायित्व है। वृक्ष हमारे मित्र हैं एवं ये कमाऊ पूत की तरह ही रक्षण करते हैं।

**धरातलीय नैष्ठिक प्रयास बिना सफलता असंभव :** धरती के प्रत्येक प्राणी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हर साल कम से कम एक पेड़ लगाकर उसका सुरक्षित पल्लवन करे। वृक्षारोपण के नाम पर साल भर में हरित उत्सव, हरियाली उत्सव, पर्यावरण दिवस और अनेक आयोजन होते रहते हैं।

**नौटंकियों से ऊपर उठना होगा :** पौधारोपण के नाम पर पब्लिसिटी फोबिया से ग्रस्त पर्यावरण प्रेमियों की हमारे देश में कहीं कोई कमी नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के पुरस्कारों की दौड़ में भी खूब सारे वृक्षप्रेमियों का तांता लगा रहता है। **पर्यावरण संरक्षण:**संवर्धन और वृक्षारोपण से जुड़े आयोजनों का अधिकांश समय उपदेशात्मक भाषणबाजी और पेड़ लगाने के आह्वानों–अपीलों में ही जाया हो जाता है। जबकि इनमें भाषणबाजी और मंचीय–लंचीय नौटंकी में समय जाया करने की बजाय पेड़ लगाने का काम ही होना चाहिए। **आस्थावादी मानसिकता का समावेश प्रभावी :** पर्यावरण संरक्षण के लिए देव वन और ओरण पद्धति को भी संरक्षित, विकसित एवं विस्तारित किए जाने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें वाहनों के उपयोग को सीमित रखने के लिए आत्म अनुशासन को भी अपनाना होगा। इससे प्रदूषण कम होगा। इस दिशा में सामूहिक प्रयासों को अभियान के तौर पर लिए जाने और ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** देश के लोग इस वक्त महंगाई से बहुत त्रस्त हैं। सरकार को इस महंगाई को रोकने के लिए अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर जब भी चुनाव आते हैं तो यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को हकीकत में निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्राय: हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। भारत देश में महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। संपूर्ण भारत का यह एक सामूहिक दायित्व है।

**बालक राम,जवाली**

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में याद किए जाते हैं छत्रपति शिवाजी

**म**राठा साम्राज्य के संस्थापक शिवा जी महाराज को मेवाड़ के सिसौदिया वंश से जोड़ा जाता है,कहीं कहीं इनका संबंध राष्ट्रकूटों से भी बताया जाता है। ये मराठे अपनी रण नीति के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे अर्थात छापामार युद्ध (गोरिल्ला युद्ध )में ये लोग अपनी विशेष पहचान रखते थे, इसीलिए मुगल शासक भी इनसे डरे रहते थे। मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी, 1630 को पूना के निकट शिवनेरी दुर्ग में ,(कुर्मी कुल के परिवार की) माता श्रीमती जीजा बाई व सामंत पिता शाह जी राजे के यहां हुआ था। शाह जी राजे बीजापुर के सुल्तान के यहां बड़े ही प्रभावशाली नेताओं में से एक थे।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

जन्म के पश्चात शिवा जी की समस्त शिक्षा दीक्षा माता जीजा बाई व दादा कोण देव के संरक्षण में ही हुई थी। माता जीजा बाई जो कि बड़े ही धर्म कर्म व पूजा पाठ में विश्वाश रखती थी ,ने बालक शिवाजी को समस्त रामायण व महाभारत के नायकों की अच्छी अच्छी शिक्षाएं दे कर कर्तव्य परायण व कर्मठ योद्धा होने के गुण भर दिए थे। वहीं दादा कोण देव ने बच्चे शिवा को सभी तरह के युद्ध के तौर तरीकों के साथ ही साथ ,धर्म ,संस्कृति और राजनीति की शिक्षा से अच्छी तरह अवगत करा दिया था। इसी तरह से गुरु राम देव ने भी उसे कुशल प्रशासक, जन सेवक व देश प्रेम के गुणों से अवगत करवाया था। वैसे तो शिवाजी अपने बचपन में ही खेल–खेल में लुक्का छिपी का युद्ध व एक दूसरे के किलों को जीतने के खेल खूब खेला करता था और उसमें अव्वल भी रहता था। शिवाजी अपने बचपन की खेलों के साथ ही साथ ज्यों ज्यों बड़ा होता गया, त्यों त्यों उसके ये समस्त खेल वास्तविक रूप में भी दिखाई देने लगे थे। 14 मई, 1640 को शिवाजी का विवाह साईं बाई से लाल महल पूना में कर दिया गया था।

वर्ष 1646 में शिवाजी द्वारा पहले रोहीदेश्वर दुर्ग, पूना के समीप का तोरण दुर्ग और फिर धीरे धीरे राजगढ़ दुर्ग,चाकन दुर्ग और कौंडवा पर उसने अधिकार कर लिया



गया था। वर्ष 1647 तक शिवाजी का अधिकार चाकन से नीरा तक हो गया था। दक्षिण में कोंकण सहित कई एक दुर्गों पर अधिकार करने के पश्चात ताला, मोस्याला और रायटी दुर्ग भी जीत लिए गए थे। उसके ये समस्त खेल व बढ़ती प्रसिद्धि बीजापुर सुल्तान, के लिए एक चुनौती बनती जा रही थी, जिसके लिए शासक आदिल शाह उसे हमेशा के लिए ही खत्म करने के बारे सोचने लगा था, लेकिन आदिल शाह को, जब बात बनती नहीं दिखी तो उसने राजे शाह को ही गिरफ्तार कर लिया।

जिस पर शिवाजी ने आवेश में छापेमारी करके, अपने पिता को मुक्त करवा लिया। जिस पर आदिल शाह ने शिवाजी को जिंदा या मुर्दा अवस्था में लाने के लिए अपने सेनापति अफजल खान को भेज दिया। अफजल खान ने शिवाजी को दोस्त के रूप में अपने से मिलने का, निमंत्रण भेज कर बुला लिया। फिर मिलने का नाटक करते हुए अफजल खान ने शिवाजी पर प्रहार कर दिया, लेकिन शिवाजी तो पहले से ही सावधान था, उसने उल्टे अफजल खान पर ही बघनख से प्रहार करके( 10 नवंबर, 1659 को) उसे मार डाला, जिससे उसके सभी साथी भाग खड़े हुवे थे।

उधर मुगल बादशाह औरंगजेब तक भी, शिवाजी की बढ़ती शक्ति के समाचार पहुंच गए थे, जिस पर उसने अपने दक्षिण के सूबेदार को शिवाजी पर चढ़ाई के आदेश दे दिए, लेकिन दक्षिण के सूबेदार को मुंह की खानी पड़ी थी, क्योंकि उसका एक बेटा उस चढ़ाई में मारा गया और वह खुद भी उंगलियों के कट जाने से बुरी तरह जख्मी हो गया था। इसके पश्चात औरंगजेब ने अपने एक विशेष सेनापति, राजा जय सिंह को अपने एक लाख सैनिकों के साथ अगले अभियान पर भेज दिया। जिसके लिए राजा जय सिंह ने बीजापुर के सुल्तान से संधि करके पुरंदर के किले को जीतने की योजना बना डाली और पहले पहल (24 अप्रैल,1665 को) ब्रज गढ़ पर अधिकार कर लिया गया। पुरंदर के किले के लिए ही शिवाजी का वीर सेनानायक मुरारजी बाजी भी मारा गया।

अंतत: किले को जाते देख कर शिवाजी को संधि करनी पड़ गई, जो कि 22 जून ,1665 में की गई थी। 9 मई,1666 को जिस समय शिवाजी अपने पुत्र संभा व 4000 सैनिकों के साथ औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे तो वहां शिवाजी की कोई भी पूछ मांग नहीं की गई, जिस पर भरे दरबार में शिवाजी ने औरंगजेब को विश्वासघाती कह कर संबोधित किया। शिवाजी महाराज के जन्म दिन को मनाने की शुरुआत बाल गंगाधर तिलक द्वारा शुरू की गई थी ,फलस्वरूप तभी से उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में याद किया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काश ! चली जाती उस ऊन की फैक्टरी में नौकरी करने तो यह दिन न देखना पड़ता ...

**ज**नवरी की ठंड थी। रमा सर्दी से कांप रही थी नाक बह रही थी। क्यों कांप रही है जाकर अपनी स्वेटर क्यों नहीं पहन लेती? दसवीं की परीक्षा आने वाली है बीमार पड़ गई, तो फेल हो जाओगी। मां ने गुस्से में कहा।

मां किस स्वेटर की बात कर रही हो आप? वही जो मुझे आपने तीसरी कक्षा में खरीद कर दी थी? अब तो उसके आर– पार दिखता है इतनी फट चुकी है और अब तो छोटी भी बहुत हो गई है वो सर्दी क्या खाक रुकेगी उस से? पापा...पापा...पापा...रमा आवाज देती रही, लेकिन जब पापा (गोरखू) ने नहीं सुना तो रमा ने जाकर पापा को जोर से हिलाया जो चूल्हे के पास बैठा शराब पी रहा था। जैसे ही रमा ने उसे हिलाया उसके हाथ से शराब का गिलास छूट गया और सारी शराब उसके कपड़ों पर गिर गई। मनहूस कहीं की–मेरी सारी शराब गिरा दी अब तेरी मां लाएगी मेरे लिए शराब बाजार से? पापा मुझे नई स्वेटर लाकर दो बाजार से, मेरी स्वेटर बुरी तरह से फट चुकी है रमा ने सिसकते हुए कहा।



**लेखक : जीवन ( जेके )**
डीएवी विद्यालय बिलासपुर, हिमाचल

भाग यहां से नहीं तो अभी एक तमाचा मारूंगा मुंह पर। चल भाग



यहां से। मेरे पास फालतू की चीजों के लिए कोई पैसा नहीं है। बहुत दिनों से एक–एक पैसा इकठ्ठा कर रही हूं, इस बार इसे मैं बाजार से ऊन खरीद कर अपने हाथों से स्वेटर बनाऊंगी मां ने अंदर ही अंदर सोचा।

अगले दिन रमा अपनी मां के साथ बाजार गई। आज तो कुछ भी हो जाए आज तो स्वेटर लेकर ही रहूंगी रमा सोच रही थी। 'हमारे यहां बाजार से सस्ते दामों में ऊन मिलती है।' एक दुकान पर बोर्ड लगा था। रमा चलो इस दुकान पर चलते हैं लगता है यहां सस्ती ऊन मिल जाएगी। भैया मैंने अपनी बेटी के लिए स्वेटर बनानी है अच्छी और सस्ती सी लाल रंग की ऊन दिखाना रमा की मां ने कहा। लो बहन जी सस्ती गर्म और सबसे बढ़िया ऊन है अभी नया ही माल आया है बद्दी की सबसे बड़ी फैक्टरी से।

आज पापा को ऊन दिखाउंगी वो बहुत खुश होंगे, रमा सोच रही थी। भैया कितने की है? रमा की मां ने पूछा? बस बहन जी मात्र 800 रुपए किलो। 800 रुपए किलो? 2.5 किलो ऊन लगेगी इसकी स्वेटर के लिए हाय रब्बा 2000 रुपए कहां से लाऊंगी? यह तो बहुत महंगी है? देखो बहन जी बद्दी की फैक्टरी से माल आया है और हमारा भी भाड़ा लगा है आप 50 रुपए कम दे देना। 400 का डिपो का राशन आएगा, 100 रुपए रमा की स्कूल फीस, गैस का सिलेंडर भी खत्म हो गया है रमा की मां सोच में पड़ गई मेरे पास तो बस 1150 रुपए ही हैं। यह तो बहुत महंगी है। क्या फैक्टरी में इतना महंगा सामान मिलता होगा? मुझे भी एक बार नौकरी की चिठ्ठी आई थी बद्दी से जब मैंने बारहवीं पास की थी। पापा नहीं माने थे क्योंकि बड़ी बुआ की लड़की ने उस टाइम भाग कर शादी कर ली थी और मां को तो पूछता ही कौन है।

बड़े भाई और छोटा भाई ये तो दोनों राजी थे के अगर चली जाएगी नौकरी करने तो अपने पैरों पर खड़ी हो जाएगी। बहन जी, बहन जी... कितनी ऊन पैक करूं? भैया रहने दो। मैं अगले महीने आऊंगी तब ले जाउंगी अभी मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं। आज भी रमा की स्वेटर के लिए ऊन नहीं खरीद पाई इस बार की सर्दी भी रमा फटी स्वेटर में ही गुजारेगी। काश उस दिन चली जाती उस ऊन की फैक्टरी में नौकरी करने तो आज यह दिन न देखना पड़ता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में जातिसूचक शब्द बोलने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार विमला देवी व मनोरमा देवी गांव और डाकघर रत्ती तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि पड़ोसी जगदीश व उसके पूरे परिवार वालों ने जबरदस्ती जमीन में घुसकर पीने के पानी का कनेक्शन नष्ट कर दिया और सार्वजनिक स्थान पर जाति सूचक शब्द कहे और मानसिक रूप से बेइज्जत किया।

### एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया की सुंदरनगर कॉलेज इकाई ने एसपीयू यूनिवर्सिटी मंडी के कुलपति को अपने कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में थ्री-अपीयर परीक्षा के परिणाम जल्द घोषित करने और तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शीघ्र आयोजित करने की मांग की गई है। एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया कि थ्री-अपीयर परीक्षा के परिणाम में देरी के कारण छात्रों में बेचैनी बढ़ रही है, जो उनके शैक्षणिक भविष्य को प्रभावित कर रहा है। तृतीय वर्ष की परीक्षाओं को समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया जिससे छात्र उच्च शिक्षा या करियर के अवसरों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सकें। छात्र संगठन ने उम्मीद जताई है कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही सकारात्मक कदम उठाकर छात्रों की चिंताओं को दूर करेगा।

दसेहड़ा स्कूल में सीनियर के लिए विदाई समारोह आयोजित

### वरुण मिस्टर और सिमरन बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसेहड़ा मंडी के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हुकुमचंद ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने विचार व अनुभव साझा किए। वहीं मिस्टर पर्सनालिटी निशांत व मिस पर्सनालिटी अंजना और मिस्टर फेयरवेल वरुण व मिस फेयरवेल सिमरन को चुना गया। प्रधानाचार्य विद्यालय के एसएमसी प्रधान गीतानंद शर्मा, देवेंद्र प्रवक्ता जीव विज्ञान, सुनीता देवी प्रवक्ता हिंदी, बीना शर्मा प्रवक्ता अर्थशास्त्र के माध्यम से विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### एकल नाटक प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मंगलवार को कला उत्सव और रंगोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फोक डांस, एकल नाटक, कहानी वाचन, सोलो सॉन्ग, मेंहदी, नाटक और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य खजान सिंह ठाकुर ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में अक्षिता एकल नाटक, तानिया एंड पार्टी फोक डांस, अन्वी और रिद्धि वर्मा कहानी वाचन, अनुष्का शर्मा इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, अनामिका और हर्षिता सोलो सॉन्ग, सुमन एंड पार्टी नाटक, अंकिता और नव्या रंगोली, अलीशा भट सुलेख और तनीषा पेंटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विजेता छात्राओं को बधाई दी।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसेहड़ा और हल्यातर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा, पर्यवेक्षिका नेहा ठाकुर, करियर काउंसलर खेमराज शर्मा तथा स्कूल के प्रधानाचार्य अन्य अध्यापक वर्ग सहित दोनों पाठशालाओं में जमा एक और जमा दो कक्षा में पढ़ रहे करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में सभी वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया तथा बताया कि यह सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य लिंग भेदभाव को समाप्त करना और लड़कियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### बहाव सिंचाई योजना किसानों को समर्पित

**अनंत ज्ञान मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत सुनिश्चित सिंचाई प्रदान करने के लिए खंड परियोजना प्रबंधक मंडी द्वारा बहाव सिंचाई योजना कंसा खड्ड से गनेहर रोपा का कार्य निर्माण पूर्ण होने पर यह परियोजना मंगलवार को संबंधित कृषक विकास समूह को हस्तांतरित की गई। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 902 मीटर लंबी मुख्य कूहल के साथ-साथ सिंचाई के लिए 2227 मीटर एचडीपीई जल वितरण पाइपों का भी प्रावधान किया गया। इसके अलावा संप वैल, पंप हाउस और एमडीटी का भी निर्माण करवाया गया। इस परियोजना में 12.52 हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की गई तथा इससे 57 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस उप परियोजना के निर्माण के लिए 34.10 लाख खर्च किए गए। हस्तांतरण के दौरान कृषक विकास समूह के प्रधान देवी राम, प्रबंधक समिति के सदस्य तथा अन्य लाभार्थी उपस्थित थे। जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेमराज वर्मा ने कूहल के रखरखाव के बारे में जानकारी दी। इस समारोह में डॉ. हंस राज कृषि विकास अधिकारी व खंड परियोजना प्रबंधक इकाई मंडी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सरला स्कूल में विद्यार्थियों को बांटी पुस्तकें



**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरला में मंगलवार के दिन मुख्याध्यापक शिवजीत सिंह ने उनकी पाठशाला में शिक्षा ग्रहण करने वाले 20 बच्चों को सरकार की ओर से दी जाने वाली पाठ्य पुस्तकें बांटी। स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्षा पूजा देवी ने बताया कि मंगलवार के दिन इन सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें बांटने के बाद उनका चॉकलेट देकर मुंह मीठा करवाया गया।

### सरकाघाट-पालमपुर निगम बस सेवा दो सप्ताह से बंद

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर को सरकाघाट-जोगिंद्रनगर-पालमपुर के बीच चलने वाली निगम की बस सेवा पिछले दो सप्ताह से बंद होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बस सुबह 6 बजे सरकाघाट से चलकर जोगिंद्रनगर होते हुए 9 बजे पालमपुर पहुंचती थी। वहीं, दोपहर बाद यह बस पालमपुर से जोगिंद्रनगर के लिए रवाना होकर शाम 4 बजे सरकाघाट लौटती थी। बस सेवा के ठप होने से नेरी, लागना, मकरीडी, बसाही, मच्छयाल और जोगिंद्रनगर के यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस पंचायत के प्रधान देवेंद्र चौहान और एडवोकेट सुरिंद्र ठाकुर ने सरकाघाट पथ परिवहन निगम से बस सेवा को जल्द बहाल करने की मांग की है, ताकि लोगों को हो रही दिक्कतों से राहत मिल सके। क्षेत्रीय प्रबंधक इस संबंध में सरकाघाट परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मेहर सिंह ने बताया कि वर्तमान में निगम के पास 75 रूटों के लिए केवल 69 चालक उपलब्ध हैं, जबकि 6 चालक मेडिकल लीव पर हैं। इसी कारण कुछ रूट प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही चालक उपलब्ध होंगे, यह बस सेवा दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

# नशे पर अंकुश लगाने को 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर कार्य शुरू

## उपायुक्त बोले-आज का युवा नशे की ओर आसानी से हो रहा आकर्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नशे पर अंकुश लगाने के लिए मंडी जिला में 'जीरो-टॉलरेंस' पर कार्य किया जा रहा है तथा सप्लाई व डिमांड चेन को तोड़ने के लिए पुलिस तथा प्रशासन मिलकर प्रयास कर रहे हैं, जिसके लिए स्थानीय लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने पुलिस लाइन मंडी के सभागार में नार्को समन्वय केंद्र तथा नशामुक्त भारत अभियान की बैठक के शुभारंभ पर अध्यक्षीय संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की ओर आसानी से आकर्षित हो जाता है।

ऐसे व्यक्तियों को पुन: मुख्यधारा में लाने के लिए समाज का एक साथ आना जरूरी है। नशे से जहां युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता है, वहीं हमारे समाज के लिए भी यह एक चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि मंडी में जन भागीदारी से नशे की इस प्रवृत्ति को दूर करने के लिए एकजुट प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके लिए स्थानीय स्तर पर एसडीएम, डीएसपी, एसएचओ मिलकर मुहिम चला रहे है और जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग अपेक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों को जो भी पुलिस और प्रशासन से सहयोग अपेक्षित होगा वह मिलता रहेगा।

उन्होंने जिला की सभी संस्थाओं से भी जिला में नशे खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अभी तक स्कूल गोद नहीं लिए हैं, वह भी शीघ्र स्कूल गोद लें तथा समय-समय पर स्कूल में जाकर बच्चों को नशा न करने बारे प्रोत्साहित करें।

उन्होंने सभी विभागों का आह्वान किया कि वह अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान अपने-अपने विभाग के माध्यम से नशा निवारण पर विशेष गतिविधियां चलाएं। बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने कहा कि जिला में पुलिस विभाग जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहा है तथा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की प्रॉपर्टी जब्त की जा रही है।

### नशा मुक्ति केंद्रों में अधिकारी करें निरीक्षण

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर निरीक्षण करें। जिले में 4 नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं, जिनमें एक सरकारी तथा 3 निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। जनआंदोलन से ही नशे के प्रचलन पर रोक लगाई जा सकती है जिसके लिए जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रहा है।

# खातों की जांच होने पर टूट जाएगी नशा माफिया की कमर

**अनिल शर्मा, मंडी**

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान



जिला मंडी में नशे के बढ़ते मामले चिंतनीय हैं। इस समय स्थिति बहुत ही भयानक हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्थिति को देखते हुए पूरे हिमाचल में नशे के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अपने जिलों में नशे के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर कदमताल शुरू कर दी है। बैठकों का दौरा जारी है, अब देखना यह है कि पुलिसकर्मी कितने नशा तस्करों को पकड़ते हैं।

आज तक पकड़े गए लोगों में ऐसा कोई बड़ा नशा तस्कर सामने नहीं आया जो जिलाभर में नशे की सप्लाई करता है। पुलिस की पारखी नजरें आखिरकार आज तक नशे को बड़े सौदागरों को क्यों नहीं पकड़ पाई है। यह सवाल सीबीआई जांच की ओर इशारा कर रहा है। यदि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार सच में नशा खत्म करना चाहती है तो कुछ लोगों के खातों की भी जांच होनी चाहिए, ताकि सबके लिए एक उदाहरण प्रस्तुत हो सके।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो बाड़ ही खेत खाने लगे, इस ओर इशारा कर रही है। अब तक जितने भी अधिवक्ता और वक्ता आए उन्होंने पूर्व में हुए कारनामों में बाड़ ही खेत खाने लगे की जांच की मांग ही है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि जांच हो जाती है तो नशा माफिया से सांठगांठ उजागर होते ही आधी समस्या स्वयं ही समाप्त हो जाएगी।( अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों द्वारा भेजे गए संदेश

- नशे की आदत बुरी है, यह जीवन का सब कुछ लूट लेती है।
**ममता, कक्षा नवमीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोग।**
- नशा छोड़ो, स्वयं को महान बनाओ।
**वंशिका, कक्षा नवमीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोग।**

### इस नंबर पर भेजें संदेश

प्रबुद्ध पाठक और आम जनमानस भी अनंत ज्ञान के इस अभियान में शामिल होकर 9418980288 व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भेज कर विरोध जता कर नशे पर टंकार कर सकते हैं। ये संदेश प्रतिदिन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे।

# 4210.20 करोड़ के ऋण क्षमता का आकलन तैयार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



ऋण क्षमता आकलन की जानकारी देने के दौरान उपायुक्त व अन्य।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के माध्यम से मंडी जिले में साल 2025-26 के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में करीब 4210.20 करोड़ रुपए के ऋण क्षमता का आकलन किया गया है। इनमें कृषि क्षेत्र में 2240.67 करोड़ रुपए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में 1414.80 करोड़ रुपए तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 554.73 करोड़ रुपए की ऋण क्षमता आंकी गई है।

उपायुक्त ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तैयार साल 2025-26 के लिए संभावित लिंक्ड क्रेडिट प्लान (पीएलपी) लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि पीएलपी जिले के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए आवश्यक क्रेडिट को पूरा करेगा।

उपायुक्त ने सभी बैंकों व विभाग प्रमुखों से सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड राकेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए मंडी जिले में प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण क्षमता में पिछले वर्ष की अपेक्षा करीब 12.03 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र में मंडी जिले में अग्रणी बैंक द्वारा आगामी वित्त वर्ष के लिए तैयार होने वाले आंकड़े जिला क्रेडिट योजना का आधार बनेंगे। कृषि क्षेत्र, एमएसएमई तथा प्राथमिकता क्षेत्र में किए अनुमान सरकारी नीतियों, निवेश गतिविधि लागत, वित्त के पैमाने और संस्थागत ऋण में रुझानों पर विचार करते हुए नाबार्ड द्वारा किए गए हैं।

# सिंगापुर एक्सपोजर विजिट के लिए हिमाचल से जाएंगे शिक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश समग्र शिक्षा के साथ मिलकर शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु सतत प्रयास कर रहा है, जिसमें शिक्षकों की कार्यशालाएं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा अंतरराज्यीय स्तर पर एक्सपोजर विजिट भी करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के 60 टीजीटी, सीएंडवी तथा जेबीटी शिक्षकों का चयन अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट के लिए सिंगापुर के लिए हुआ है।

यह दल 21 से 27 फरवरी तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेगा। इस समूह में हिमाचल के तीन संस्कृत शिक्षक भी शामिल हैं। गौरतलब है कि तीन संस्कृत शिक्षकों में दो संस्कृत शिक्षक जिला मंडी में सेवारत हैं, जिनमें मंडी नगर निगम क्षेत्र की राजकीय उच्च पाठशाला बिजन ढलवान में सेवारत संस्कृत शिक्षक डॉ. मनोज कुमार शैल तथा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोगिंद्रनगर में सेवारत डॉ. विवेक शर्मा इस विजिट में भाग लेंगे। वहीं एक शिक्षिका जिला कुल्लू के आनी से इस भ्रमण में जाएंगी।

डॉ. मनोज शैल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट सिंगापुर में हमें शिक्षा में सर्वोत्तम प्रविधियों का अनुभव होगा अपनी शिक्षा प्रणाली में नवीन विचारों को सीखने और क्रियान्वयन करने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों के साथ बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा।

### विवाह समारोह में झड़प के बाद गाड़ी तोड़ी

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत लांगणा में एक विवाह समारोह के दौरान हुई झड़प के बाद एक व्यक्ति की कार को अज्ञात लोगों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

शिकायतकर्ता रूप लाल, जो क्योना के निवासी हैं, ने बस्सी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जब वह सुबह कार देखने पहुंचे, तो कार के सभी शीशे टूटे हुए थे और बॉडी पर गहरे डेंट पड़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही बस्सी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लंबाडग में आग की भेंट चढ़ी चार दुकानें

**बरोट।** बरोट बाजार के साथ लंबाडग बाजार में बीते दिन आधी रात को आगे लगने के कारण चार दुकानें स्वाहा हो गई। रात को करीब 12 बजे के आसपास आग लगी और देखते ही देखते यह चार दुकानों में फैल गई।

आग के कारण एक ढावा, एक बिजली की दुकान, एक कंफेक्शनरी की दुकान और एक खाली दुकान जलकर राख हुई है। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोगों और फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। समय रहते अगर आग नहीं बुझाई जाती तो पूरा बाजार जल कर राख हो सकता था।

# देव गहरी महाशिवरात्रि मेले के लिए रवाना



**रूपी ठाकुर, बरोट।** धरमान पंचायत के गांव नेर में घाटीवासियों की अटूट आस्था के प्रतीक देवादि देव गहरी नेर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 फरवरी को बैजनाथ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाशिवरात्रि मेले में शरीक होने के लिए गत दिन 17 फरवरी सोमवार को अपने मूल स्थल नेर से लाव लशकर तथा देवलुओं सहित रवाना हो गए हैं। देव गहरी नेर कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि देव गहरी नेर ने गत दिन अपने मूलस्थल नेर से निकल कर 17 फरवरी के दिन ही चौहार घाटी की वरधान पंचायत के गांव कल्होग में गांववासियों द्वारा आयोजित देव जातर को स्वीकारा तथा उन्हें सुख समृद्धि का संदेश भी दिया। कमेटी के अध्यक्ष संजय ने बताया कि मेले में शरीक होने के साथ रात को बैजनाथ के आसपास गांवों में देव जातरों में भाग लेंगे तथा मेला समाप्त होने के बाद वापसी में शेष रहे गांववासियों द्वारा आयोजित देव जातरों को भी स्वीकारते हुए लगभग 18 दिनों बाद अपने मुलस्थल नेर में पुन: विराजमान हो जाएंगे।

# देवदार के 30 स्लीपर बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

गोहर थाना में देवदार के 30 स्लीपर बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। बरामद किए गए स्लीपरों की कीमत 1,80,166 रुपए आंकी गई है। जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार पुत्र टेकचंद वन खंड अधिकारी चडयाण्ड ने वन विभाग की टीम के साथ धरोटघाट कांडा में नाकाबंदी की थी।

इस दौरान नाकाबंदी के दौरान पिकअप नंबर एचपी 33बी-1557 की तलाशी लेने पर देवदार प्रजाति के 30 स्लीपर विभिन्न नाप के बरामद किए गए। गाड़ी को गुलशन कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह गांव सुराह डाकघर शिकावरी तहसील थुनाग जिला मंडी चला रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### औट में 10 स्लीपर पकड़े

**औट** थाना में देवदार के 10 स्लीपर बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार फॉरेस्ट गार्ड बालू बीट पनारसा रेंज ने शिकायत दर्ज करवाई है कि देवी सिंह पुत्र कर्म सिंह, तनु पुत्र जोगिंद्र सिंह और जोगिंद्र सिंह पुत्र जीवानंद निवासी गांव कड़ीसेरी डाकघर बालू तहसील औट जिला मंडी से देवदार के 10 स्लीपर बरामद किए गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# नलसर पंचायत में चिट्टा माफिया को पकड़वाने वाले को 11 हजार इनाम

**विनोद, नेरचौक**

नलसर पंचायत में चिट्टे के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए रणनीति तैयार की गई। पंचायत उपप्रधान विनोद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह, व्यापार मंडल, ट्रक यूनियन, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही। बैठक में चिट्टे के खिलाफ मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत का यदि कोई व्यक्ति चिट्टे के मामले में संलिप्त पाया जाता है तो उसे पंचायत के सभी अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा।

पंचायत में चिट्टे के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए हर वार्ड में कमेटी का गठन किया गया। उपप्रधान विनोद कुमार ने बताया कि कोई व्यक्ति चिट्टा बेचने वाले को पकड़वाता है तो उसे 11000 राशि के साथ पंचायत सम्मान पत्र प्रदान करेगी। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

### चौहार घाटी में आवारा कुत्तों की दहशत

**अनंत ज्ञान, बरोट।** आवारा कुत्तों ने चौहार घाटी के दुर्गम गांवों में इस कदर आतंक मचाया है कि लोगों के पशुधन को मार कर अपना निवाला बना रहा हैं।

लोगों की तरफ यह आवारा कुत्ते झपट रहे हैं जिस कारण लोग खौफ के साय में जी रहे हैं। झरवाड गांव के सर्वदयाल की एक भेड़ को आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिस कारण सर्वदयाल का लगभग बीस हजार का नुकसान हुआ है। आवारा कुत्तों ने बिलखी राम की एक बकरी को मार दिया ओर एक बकरी को घायल कर दिया है। कुत्तों के आतंक से लोगों में रोष है।

# हरचरण को 9 साल बाद मिला क्लेम बीमा कंपनी को देने पड़े 4 .58 लाख

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी के हरचरण सिंह उर्फ झरना का संघर्ष काम आया और उसे अपनी स्वास्थ्य जीवन बीमा पालिसी के तहत मिलने वाला क्लेम 9 साल बाद मिल ही गया। मंडी सेरी बाजार में नामधारी मेडिकल स्टोर चलाने वाले हरचरण सिंह ने जीवन बीमा निगम से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदी थी जिसमें पूरा परिवार कवर था। बीमा की राशि 2 लाख रुपए थी। इसी बीच अचानक 20 फरवरी 2016 को उसकी पत्नी देविंद्र कौर को हृदय रोग संबंधी रोग की समस्या हो गई व उनका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में करवाना पड़ा जिस पर लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए का खर्चा आया।

हरचरण सिंह ने इलाज खर्चे के सभी दस्तावेज बीमा कार्यालय में जमा करवा कर स्वास्थ्य बीमा पालिसी के तहत क्लेम मांगा मगर बीमा कार्यालय द्वारा टाल मटोल का तरीका अपनाया गया।

इस पर लंबी लड़ाई के बाद हरचरण सिंह ने 9 साल बाद 4 लाख 58 हजार रुपए की बीमा क्लेम राशि प्राप्त कर ली।

### मवेशियों को आवारा छोड़ने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना के तहत चांबी पंचायत में जंगल में छोड़ने के लिए लाए मवेशियों को ग्रामीणों ने वाहन सहित धर दबोचा है। चांबी पंचायत के उप प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने वाहन सवार दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में चांबी पंचायत के उप प्रधान आशीष रावत ने कहा है कि कुछ लोग आधा दर्जन मवेशी लेकर मंझरोट के जंगल में छोड़ने आए थे। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 100 मीटर दौड़ में अमृता व सौरव प्रथम



सामूहिक चित्र में खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय धर्मपुर (मंडी) में एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया थे।

प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में अवगत करवाया। इस खेल समारोह में मुख्यत: 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़ के अलावा लम्बी कूद एवं ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें 100 मीटर महिला दौड़ में अमृता ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय, अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर पुरुष दौड में सौरव प्रथम, अमन राठौर द्वितीय, आदित्य राणा तृतीय स्थान पर रहें।

वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने सफलता दर्ज की। वहीं प्रतियोगिता में वेस्ट एथलीट का खिताब आदित्य राणा और तनवी ने जीता।

**सुविधा** राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम शुरू

# भू-अभिलेख डिजिटल और भौतिक रूपों में रहेगा उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महापौर व अन्य।

नगर निगम मंडी में राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण नक्शा कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि मंगलवार को भारत सरकार द्वारा देश के 26 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान द्वारा मध्य प्रदेश के रियासन जिला में किया जा रहा है।

नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को भूमि और संपत्ति से संबंधित अभिलेख शहरी भूमि की सही पहचान है। यह कार्यक्रम प्रथम चरण में देशभर के 152 शहरों में लागू किया गया। इस कार्यक्रम के तहत नागरिकों को भू अभिलेख से संबंधित नक्शों का सरल और सुलभ तरीके से उपयोग करने की सुविधा मिलेगी। यह भू-अभिलेख डिजिटल और भौतिक दोनों रूपों में उपलब्ध होगा, ताकि स्थानीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी मिल सके। वर्तमान में शहरी निकायों के पास भू-अभिलेख से संबंधित जानकारी न होने के कारण लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटान नहीं हो पाता है तथा इस कार्यक्रम से शहरी निकायों के पास भी भू-अभिलेख उपलब्ध रहेगा, जिसका संपत्ति कर निर्धारण तथा भवन निर्माण कार्यों में लाभ मिलेगा।

इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग के सहायक सैटलमैंट अधिकारी चिरंजी लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में हिमाचल प्रदेश के नदौन, पालमपुर मंडी और सोलन का चयन हुआ है, जिसमें मंडी शहर में इस कार्यक्रम के संचालन के लिए 5 दल भी गठित किए जा चुके हैं तथा 5 रोवरज (ड्रोन) के माध्यम से यह सर्वेक्षण का कार्य होगा।

# महाशिवरात्रि पर पंचवक्त्र महादेव मंदिर के समीप होगी ब्यास आरती : रोहित

**अनंत ज्ञान, मंडी**

देव आस्था से जुड़े अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 की भव्यता को विस्तार देते हुए इस बार मंडी के सुप्रसिद्ध पंचवक्त्र मंदिर के समीप ब्यास आरती का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि मंडी के सुप्रसिद्ध शिवरात्रि महोत्सव को नया आयाम देते हुए इस बार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि की संध्या पर ब्यास आरती की जाएगी। इस आरती को विधिपूर्वक संपन्न करने के लिए काशी से पांच पुजारियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने प्रत्येक शहरवासी से अपील की है कि वे अपने घर से एक-एक दिया लेकर शिवरात्रि की संध्या पर पंचवक्त्र में पहुंचकर ब्यास आरती में अपनी भागीदारी अवश्य जताएं। इस बार इस महोत्सव को दीपोत्सव के साथ आरंभ करने की पहल की गई है। शहर में विभिन्न सामाजिक व अन्य संस्थाओं को इसके लिए विशेष निमंत्रण भी दिया जाएगा।

रोहित ने व्यापार मंडल एवं मंडी वासियों से आग्रह किया कि शिवरात्रि पर अपने घर-प्रतिष्ठानों को भी रौशनी से सजाएं। पंचवक्त्र मंदिर में भी एलईडी लाइट्स लगाकर इसे रौशन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### अंब में रैबीज को रोकने के लिए छेड़ी मुहिम



**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब व पशुपालन विभाग द्वारा कुत्तों में फैलने वाले संक्रामक रोग रैबीज के खतरे को रोकने के लिए नगर पंचायत में छेड़ी गई मुहिम सार्थक होती नजर आ रही है। मंगलवार को नगर पंचायत अंब व पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए एंटी रैबीज वैक्सीन कैंप में 101 के करीब कुत्तों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। जानकारी देते हुए डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सब-डिवीजन अंब में उनके इस अभियान में लोगों का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मध्य जनवरी में शुरू किए गए इस अभियान के तहत विभाग अंब से पहले नेहरियां, मैड़ी और गगरेट में भी कैंप लगा चुका है। इन कैंपों में अभी तक 700 के करीब कुत्तों को एंटी रैबीज वैक्सीन दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आने वाले 10 दिनों तक उनका यह अभियान जारी रहेगा, जिन लोगों ने अभी तक अपने पालतू कुत्तों को इंजेक्शन नहीं लगाए हैं, वे अस्पताल में आकर उनका एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा सकते हैं। राकेश शर्मा ने बताया कि गर्मियों के मौसम में कुत्तों में रेबीज की बीमारी फैलने का खतरा रहता है। यह संक्रमित बीमारी अगर इंसानों में चली जाती है तो जान को खतरा बना रहता है। इस बीमारी से बचने का एकमात्र उपाए कुत्तों में समय रहते एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाना है। कैंप के दौरान नगर पंचायत अंब की चेयरपर्सन इंदु धीमान व अन्य पार्षद भी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने सीखी साबुन बनाने की विधि

**अनंत ज्ञान, अंब।** शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में बच्चों को वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत सभी बच्चों को वोकेशनल ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि वे भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों से लाभ ले सकें और अपने व्यवसाय को स्थापित कर सुरक्षित और सुगम भविष्य का निर्माण कर सकें और प्रदेश और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम के लिए विभाग ने अलग से बजट का प्रावधान किया है ताकि विद्यालयों को इस प्रकार की ट्रेनिंग देने के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय भैरा (मध्य) के बच्चों को साबुन बनाने की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग को देने के लिए स्वयं सहायता समूह चौकी मनियार की सदस्य रीटा देवी को बुलाया गया, जिन्होंने बच्चों को सबसे पहले साबुन बनाने की विधि का विस्तृत विश्लेषण किया व उसके बाद प्रायोगिक रूप में बनाकर दिखाया व सभी बच्चों को इस विधि से साबुन बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ईश्वर दत्त शास्त्री, मुख्याध्यापक राजेश कुमार व अन्य स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। इस अवसर पर मुख्याध्यापक राजेश कुमार ने बच्चों को वोकेशनल विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

### ग्रामीणों ने प्रशासन को समस्याओं से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, अंब।** उत्तर भारत के जिला प्रसिद्ध गुरुद्वारा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेला का आयोजन 7 से लेकर 17 2025 तक किया जा रहा है। मेले के दौरान ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी कारण मंगलवार को उपमंडल अधिकारी अंब सचिन शर्मा, विधायक सुदर्शन सिंह बबलू तथा पंचायत प्रधान रीना कुमारी रीना के समक्ष ग्रामीणों ने मेले के दौरान साफ-सफाई, शौचालय, स्वच्छ पानी, बिजली की सुचारु व्यवस्था तथा बच्चों के वार्षिक परीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की। उपमंडल अधिकारी अंब सचिन शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मेला के दौरान जो भी समस्याएं आएंगी, उन्हें प्रमुखता से हल किया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, विकास खंड अधिकारी अंब ओमपाल डोगरा, उपप्रधान सुरेंद्र कुमार काका, जल शक्ति विभाग से नीरज, विद्युत विभाग से मंगलम, ग्रामीणों में रजनीश पाल शर्मा, निशा शर्मा, अतरचंद, सुभाष चंद, शम्मी कुमार, प्रजय शर्मा और विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### छात्रों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई अपनी प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय विद्यालय में क्विज कंपटीशन, स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग कंपटीशन, साइंस मॉडल बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर स्थानीय विद्यालय की एसएमसी और बच्चों के माता-पिता ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या स्नेह लता शर्मा ने बच्चों के द्वारा की गई राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की सराहना की । इस मौके पर स्कूल का अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहा।

# गगरेट में महिला का मर्डर, पुलिया के नीचे मिला शव

## निर्वस्त्र शव की नहीं हुई शिनाख्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल-पंजाब सीमा पर गगरेट के समीप आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर एक पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का निर्वस्त्र स्थिति में क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। मृतका का चेहरा बुरी तरह से बिगड़ चुका है और शव में कीड़े चल रहे हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे हत्या का मामला मान रही है।

निर्वस्त्र स्थिति में शव मिलने से यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि महिला को मौत के घाट उतारने से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया हो। बहरहाल गगरेट पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव के पोस्टमार्टम व घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए आरएफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया है। शव के समीप से ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। मंगलवार सुबह कुछ स्थानीय लोग जंगल में घास काटने गए और आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर बनी पुलिया पर बैठकर सुस्ता रहे थे तो अचानक वहां दुर्गंध महसूस की। एक महिला ने जब पुलिया में घुसकर दुर्गंध का कारण देखना चाहा तो उसे महज पैर दिखाई दिए।

**पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम बुलाई**

उसने इस बारे अपने साथियों को बताया और डर के मारे वहां से भाग खड़े हुए। महिला ने इस बात की जानकारी एक युवक को दी, जिसने पुलिस थाना गगरेट में फोन कर इस बावत सूचित किया। मौका पर पहुंची पुलिस ने जब पुलिया में घुसकर देखा तो वहां एक महिला का नग्न अवस्था में क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। महिला का चेहरा बुरी तरह से बिगड़ चुका था और चेहरे पर कीड़े चल रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी डॉ. वसुधा सूद व एसएचओ सन्नी गुलेरिया मौका पर पहुंचे। आसपास के क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई, लेकिन न तो महिला के कपड़े बरामद हुए और न ही कोई ऐसी वस्तु जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

मृतका ने लाल रंग की चूड़ियां पहनी हुई हैं और हाथों के नाखूनों पर हरे रंग का नेल पालिश लगा हुआ है। पुलिस मानकर चल रही है कि उक्त महिला पंजाब से संबंधित हो सकती है, जिसे कोई यहां ले आया और यहां लाकर मौत के घाट उतार दिया।

डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और साक्ष्य एकत्रित करने के लिए आरएफएसएल की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## दुष्कर्म या मर्डर, पुलिस सुलझाएगी गुत्थी

**सन्नी पुरी , गगरेट**

हिमाचल-पंजाब की सीमा पर आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का मिला निर्वस्त्र शव अपने पीछे कई सवाल छोड़ गया है। महिला की शिनाख्त करना ही पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। आखिर महिला पुलिया के नीचे बनी पाइप तक क्यों और कैसे गई। उसे मौत के घाट उतारने वाला कौन है। आखिर महिला की मौत के पीछे क्या कारण रहे। महिला के कपड़े कहां गए। क्या यहां लाकर महिला को मारा गया या फिर सुनियोजित तरीके से महिला की हत्या कर यहां लाकर शव को ठिकाने लगाया गया। क्या मौत से पहले महिला दुष्कर्म की शिकार हुई। पुलिस के लिए भी इन सवालों के जवाब ढूंढ निकालना कड़ी चुनौती बना हुआ है।

कुछ साल पहले तक सीमावर्ती उपमंडल गगरेट के सड़क के साथ सटे जंगल अनैतिक कार्य करने वालों के अड्डे बन रहे हैं। कुछ साल पहले तक इन जंगलों में कई अज्ञात शव मिल चुके हैं, जिनमें से कई शवों की तो पहचान तक नहीं हो पाई। अब कई साल बाद फिर से आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग पर पुलिया के नीचे मिले अज्ञात महिला के शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जाहिर है कि आशादेवी-अंबोटा सड़क मार्ग का कुछ किलोमीटर का क्षेत्र जंगल

**अनंत ज्ञान साइड स्टोरी**

के बीच से ही सुनसान निकलता है।

इस मार्ग पर कई स्थानों पर तक मोबाइल सिग्नल तक नहीं है। इसी का हत्यारे ने लाभ उठाया। जिस प्रकार से महिला का नग्न शव पुलिया की पाइप में पड़ा है, उसे देखकर यह नहीं लगता कि महिला को मारकर यहां पाइप के बीच फेंका गया। अगर हत्यारा हत्या कहीं और हत्या करके यहां शव ठिकाने लगाने आता तो उसे इतनी मेहनत करने की जरूरत नहीं थी। वह शव को जंगल में कहीं और भी फेंक सकता था। ऐसा लग रहा है कि हत्यारा इस क्षेत्र से भलीभांति वाकिफ था और उसे पता था कि इस सड़क मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया के नीचे कोई नहीं आता।

ऐसा लग रहा है कि जैसे महिला को दुष्कर्म की नीयत से ही हत्यारा पुलिया की पाइप में लेकर गया और वहां उसे निर्वस्त्र कर पहले दुष्कर्म किया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी। महिला की पहचान छुपाने की नीयत से ही हत्यारे ने उसके कपड़े और अन्य सामान कहीं और फेंका होगा। शव की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे महिला को करीब सात से दस दिन पहले मौत के घाट उतारा हो। महिला पच्चीस से तीस वर्ष के बीच आयु वर्ग की प्रतीत हो रही है।

उधर, डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का कहना है कि इस मामले के हर पहलू को पुलिस खंगाल रही है। सीमावर्ती पंजाब के पुलिस थानों में भी संपर्क कर पता किया जा रहा है कि किसी महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट तो दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ या नहीं, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। (अनंत ज्ञान)

## त्रिदेव शिव संदेश रथयात्रा का लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना**

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्मकुमारीज द्वारा जिले में संचालित शिव संदेश रथ यात्रा के तीसरे दिन आज ऊना स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर पहुंची। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने शिव संदेश रथयात्रा का बड़ी गर्मजोशी व उत्साह सें स्वागत किया।

रथ पर अमरनाथ व दाव्दश ज्योतिर्लिंग के माडलों के साथ शिव संदेश की विभिन्न तस्वीरों से सुसज्जित संदेश दिया गया है। प्रेम नगर स्थित इस सेवा केंद्र पर इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज ने शिव के प्रतिक ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा जीवन में शुद्धता व पवित्रता धारण करने का संकल्प दिलाया गया। भगवान शिव को भोग अर्पण करने के उपरांत सभी एकत्रित भाई बहिनों को ब्रह्म भोजन करवाया गया।
उसके उपरांत ब्रह्मकुमारीज की जिला प्रभारी आशा दीदी महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों मे पूजा के बारे बताया।

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** राजकीय वशिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला के छठी से आठवीं कक्षा के 80 विद्यार्थियों ने प्रीवोकेशनल कार्यक्रम के अंतर्गत बेहड जसवां पंचायत के गांव अकरोट में स्थित रीवा सूद के अग्रिवा नेचुरली फार्म का भ्रमण किया, वहां उनके फार्म के प्रभारी आंचल ठाकुर ने वहां उगाए जा रहे ड्रैगन फ्रूट के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को ड्रैगन फ्रूट में उपस्थित पोषक तत्वों के बारे में तथा इसकी खेती को करने का उपयुक्त समय व खेती करने के तरीका भी बताया, बच्चों ने भी उनसे इस विषय पर अनेक प्रश्न किए, जिस का उन्होंने विस्तारपूर्वक व संतोषजनक उतर दिए। इस भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ अध्यापक प्रवीण शर्मा, मुनीश कुमार और अध्यापिका रेणुका भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार बक्शी ने बच्चों को प्रेरित किया।

## विधायक विवेक ने सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा एक गांव एक दिन कार्यक्रम के तहत लोगों से मिलते हुए।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपका विधायक, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधायक विवेक शर्मा ने तनोह पंचायत के घट्टी गांव में जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और आम जनता की परेशानियों को दूर करना है।

इसी उद्देश्य से वह स्वयं गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द हल किया जा सके। घट्टी गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हुए और अपनी शिकायतें व मांगें विधायक के समक्ष रखीं। लोगों ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं और पेंशन से जुड़ी समस्याओं को उठाया। विवेक शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता के प्रति संवेदनशील रहें और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं। कुछ प्रमुख मुद्दों पर विधायक ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसमें सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति की समस्या, ग्रामीणों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पेंशन योजना में आ रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश शामिल थे।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा की पहल की सराहना की और कहा कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि खुद उनके द्वार पर आकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में जिला प्रशासन ऊना ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधीश जतिन लाल की अध्यक्षता में जिला ऊना में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी महिलाओं द्वारा निर्मित घरेलू उत्पादों के क्रय-विक्रय को बढ़ावा देने, उनके व्यवसायिक कौशल को निखारने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगी।

जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के सौजन्य से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक अच्छा जरिया है। घरेलू उत्पादन करके महिलाएं खुद आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि उपकरण के साथ खाद्यान्न वस्तुओं का उत्पाद करके स्वयं सहायता समूह के द्वार बाजार में अच्छे दामों में बेचकर महिलाएं अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकती हैं। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

खंड विभाग भवन बंगाणा परिसर में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा निर्मित घरेलू उत्पादों और हस्तशिल्प की गुणवत्ता की सराहना की। इन स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिनमें जैविक उत्पाद, हैंडमेड सजावटी सामान, खाने-पीने की वस्तुएं, कपड़े, बांस से बने उत्पाद और कई अन्य घरेलू उपकरण शामिल थे।

जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने कहा कि प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव सहायता करेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिले में निर्मित घरेलू उत्पादों के बाजार को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही इनका व्यापार बढ़ाया जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वयं सहायता समूहों को न केवल वित्तीय सहायता दी जाएगी, बल्कि उनके उत्पादों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मार्केट में भी उचित स्थान दिलाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में घरेलू उपकरणों की मार्केट में जरूरत भी है और आज के समय में जनता पसंद भी कर रही है।

खंड विकास भवन बंगाणा में लगे स्वयं सहायता समूह के स्टॉल के निरीक्षण के दौरान जिलाधीश जतिन लाल ने स्वयं भी कुछ उत्पाद खरीदे और महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकें। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## गोबिंदसागर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को दिया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमंडल बंगाणा की डोहगी पंचायत के कोटला क्षेत्र में गोबिंदसागर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की स्थानीय लोगों ने मांग की है। तनोह लठियानी पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने जिलाधीश ऊना जतिन लाल को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि गोबिंदसागर झील के किनारे स्थित कोटला की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और भौगोलिक स्थितियां इसे एक बेहतरीन पर्यटन स्थल बन सकता है। इसे उचित ढंग से विकसित किया जाए, तो यह स्थान पर्यटकों को आकर्षित करेगा और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

आर्य ने बताया कि इस क्षेत्र के पर्यटन के रूप में विकसित होने से बंगाणा क्षेत्र को विकास के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि गोबिंदसागर झील पहले ही एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है और यदि कोटला को सुव्यवस्थित रूप से विकसित किया जाता है, तो ऊना जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है।

इससे क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसायों का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने कहा कि कोटला बेला और गोबिंद सागर झील के किनारे के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। आगामी दो वर्षों में इसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना के तहत झील के किनारे व्यू पॉइंट, बोटिंग और वॉटर स्पोर्ट्स पार्क और वॉकिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। लोगों ने जोगिंदर देव आर्य इस प्रकार के विषय को जिलाधीश के समक्ष रखने का स्वागत किया है ।

## जीएसटी पर जागरूकता कार्यशाला आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जीएसटी अम्नेस्टी योजना एवं हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासती मामले समाधान को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग मध्य क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त विनोद कश्यप ने जानकारी दी कि यह कार्यशाला 19 फरवरी को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस ऊना में आयोजित होगी, जिसमें सभी करदाता तथा जीएसटी व्यवसायियों को जीएसटी अम्नेस्टी योजना बारे विभागीय अधिकारी सम्पूर्ण जानकारी देंगे, साथ ही योजना का लाभ लेने में आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा।

इसके अलावा जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत भारत सरकार के 53 वें जीएसटी परिषद में वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के अंतर्गत पंजीकृत करदाताओं के लिए वर्ष 2017-18 से 2019-20 के ऐसे मामले जो कि जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत लंबित हैं, उनका निपटारा भी किया जाएगा।

## जिप सदस्य ने की नशा कारोबारियों की जानकारी देने पर इनाम की घोषणा

**विनोद शर्मा, लठियाणी**



जिला परिषद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा ने युवाओं को चिट्टे के नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा कई प्रकार के नशे करके अपनी युवावस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नशा करने और बेचने वाले युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं और नशा करने वाले युवा के परिवार के सदस्य बहुत ही दुखी और बेबस हैं। सरकार और पुलिस विभाग नशे का व्यापार करने एवं नशा करने वालों के विरुद्ध बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है, लेकिन चिट्टे का व्यापार करने वाले नए-नए हथकंडे अपनाकर युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

कृष्ण पॉल शर्मा ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों का स्कूल एवं कॉलेज जाने आने की गतिविधियों के बारे में जानकारी रखें और बच्चों की पूरी दिनचर्या का भी ध्यान रखते हुए उसके साथियों की जानकारी एवं गतिविधियों की ओर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है।

समाज के सभी नागरिकों, युवा मंडलों एवं महिला मंडलों तथा सभी वर्गों से आग्रह है कि आपके क्षेत्र में कोई भी नशे का कारोबार कर रहा है या नशा कर रहा है तो उसके बारे में मुझे जानकारी दें, उसे उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा और उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा, लेकिन एक शर्त है कि उसके पास नशे की सामग्री मिलने के पश्चात ही इनाम दिया जाएगा। सूचना बिलकुल सही होनी चाहिए। कृष्ण पॉल शर्मा ने कहा कि मेरा उद्देश्य युवाओं को अच्छी विचारधारा में लाना और सामाजिक गतिविधियों एवं खेलों की ओर आकर्षित करने का है। अगर युवा शिक्षित और स्वस्थ होगा, तभी हमारा समाज स्वच्छ और सुदृढ़ होगा। मेरा प्रशासन और पुलिस विभाग से आग्रह है कि नशा करने और बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला परिषद सदस्य कृष्ण पॉल ने सभी युवाओं से आग्रह किया कि आप सभी नशे से दूर रहकर और पढ़-लिखकर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं और अपने माता-पिता का मान सम्मान बढ़ाएं।

**कामयाबी** ऊना के एक सफल मत्स्य उद्यमी की प्रेरक गाथा, सरकार के सहयोग से मिली सफलता

## मछली पालन से आत्मनिर्भरता की मिसाल बने जीवन लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

कहते हैं कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। ऊना जिले के गगरेट ब्लॉक के गोंदपुर बनेहड़ा गांव के जीवन लाल ने इस बात को सच कर दिखाया है। सहायक योजनाओं के संबल और सरकारी सहयोग से स्वरोजगार की राह पकड़ कर उन्होंने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।

**कुछ यूं पड़ा सफलता का बीज**

जीवन लाल ने वर्ष 2023-24 में 0.3450 हेक्टेयर भूमि पर मछली पालन की शुरुआत की थी। इस दौरान, उन्होंने पीएमएमएसवाई योजना के तहत सरकार से 1.71 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त की। अपनी मेहनत, दूरदृष्टि और सही रणनीति के चलते उन्होंने पहली ही फसल से 2.2 लाख रुपए का लाभ कमाया। पहली सफलता के बाद जीवन लाल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 2024-25 में उन्होंने अपने पड़ोस के तालाबों को किराए पर लिया और कार्प मछली पालन का विस्तार किया। वर्तमान में, उन्होंने लगभग 1.3817 हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य बीज का संवर्धन किया है, जिसमें करीब 6 टन मछली तैयार हो चुकी है। वर्ष के मध्य में इनका विक्रय कर वे लगभग 7.6 लाख रुपए का लाभ अर्जित करने की उम्मीद कर रहे हैं।

पारंपरिक कृषि से अलग हटकर उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत मछली पालन को अपनाया और आज वे इस क्षेत्र में एक सफल उद्यमी के रूप में पहचाने जाने लगे हैं। महज दो साल के भीतर सफलता का सोपान पाने वाले जीवन लाल को पहले साल व्यवसाय में 2.20 लाख का लाभ हुआ और इस साल उन्हें 7 लाख से अधिक के मुनाफे की उम्मीद है। जीवन लाल की यह यात्रा न केवल उनके लिए आर्थिक समृद्धि लाई, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

**अनंत ज्ञान खास खबर**

हिमाचल के मत्स्य पालन विभाग के निदेशक विवेक चंदेल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार विभाग मछली पालन को प्रोत्साहित कर युवाओं के लिए स्वरोजगार के साधन बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पात्रता के अनुसार 40 और 60 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान है। वहीं, सरकार ने मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना भी प्रारंभ की है, जिसमें किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

**नवाचार से लिखी सफलता की दास्तान :** हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जीवन लाल ने मत्स्य पालन में कुछ नवाचार किए, जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे लेकिन प्रभावी तालाब बनाए, जिन्हें आसानी से संचालित किया जा सकता है, साथ ही, उन्होंने मिश्रित सेमी-इंटेंसिव कार्प कल्चर तकनीक अपनाई, जिससे उन्होंने मछली उत्पादन में वृद्धि की।

पहाड़ी क्षेत्रों में मछली का आहार महंगा पड़ता है, इसलिए उन्होंने बाजार से सस्ते खाद्य पदार्थ जैसे कि बची हुई दालें और सोयाबीन न्यूट्री का मिश्रण बनाकर मछलियों को खिलाया, जिससे उत्पादन लागत घटी और मुनाफा बढ़ा। उन्होंने 72 अतिरिक्त मानव-दिवसों का रोजगार सृजित किया और एक व्यक्ति को स्थायी रूप से रोजगार भी दिया। जीवन लाल की सफलता की कहानी हिमाचल में मत्स्य पालन की बढ़ती संभावनाओं की तस्दीक है।

## डीसी ने प्रेस रूम बंगाणा में उपकरणों की तत्काल उपलब्धता के दिए आदेश



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के प्रेस क्लब बंगाणा के पत्रकारों के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया, जब जिलाधीश ऊना जतिन लाल ने बंगाणा स्थित प्रेस रूम का निरीक्षण किया और इसे आधुनिक सुविधाओं से लेस करने की स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर प्रेस क्लब बंगाणा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में सभी पत्रकारों ने जिलाधीश का गर्मजोशी से स्वागत किया। ज्ञात रहे बंगाणा के पत्रकारों ने लंबे समय से एक बेहतर प्रेस रूम की मांग कर रखी थी, जिसे विधायक विवेक शर्मा के सहयोग से साकार किया गया। बीस वर्षों से संजोए इस सपने को पूरा करने में स्थानीय प्रशासन की भी अहम भूमिका रही। निरीक्षण के दौरान जिलाधीश जतिन लाल ने प्रेस रूम में सुविधाओं की कमी को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसमें एक बड़ी एलईडी स्क्रीन, एयर कंडीशनर, कंप्यूटर, पर्दे और एक लैपटॉप शामिल हैं।

# विभागीय टीम ने अवैध रूप से प्रयोग किए जा रहे 11 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, अरविंद शर्मा ने कहा है कि उनकी अगुवाई में विभागीय टीम द्वारा निरमंड में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुकानों में हो रहे अवैध प्रयोग को रोकने के लिए औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरमंड बाजार में सभी होटलों, ढाबों व हलवाइयों की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इन ढाबों, हलवाइयों से विभागीय टीम द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किया जा रहे 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इन सभी हलवाइयों, होटल व ढाबा मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला नियंत्रक ने बताया कि स्थानीय व्यापार मंडल से अपील की गई है कि वे दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का दुकानों में अवैध प्रयोग रोकने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला नियंत्रक द्वारा निरमंड स्थित गैस एजेंसी को जिला दंडाधिकारी कुल्लू द्वारा घरेलू गैस वितरण संबंधी एलपीजी (आपूर्ति और वितरण का विनियमन) आदेश, 2000 के अंतर्गत 26 मई 2022 को जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार ही वितरण के निर्देश दिए।

उन्होंने निरीक्षक निरमंड को घरेलू गैस के अवैध प्रयोग पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर चैकिंग करते रहने के निर्देश दिए। डीसी कुल्लू को निरमंड में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध प्रयोग बारे शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसका कड़ा संज्ञान लेते हुए डीसी द्वारा विभाग को इस बारे कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण टीम में नवीन कुमार एफएसओ कुल्लू व धर्मपाल निरीक्षक निरमंड भी सम्मिलित थे।

# संगठन के मूल मंत्र के साथ एकजुटता से बढ़ेंगे आगे : अमित

कुल्लू भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष **अमित सूद** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र 'सबका साथ सबका विकास' को अपनाकर जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ आगे ले जाना चाहते हैं। वह शीर्ष नेतृत्व व वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में एक आदर्श संगठन बनाने को आतुर हैं तथा सामाजिक सरोकार, संगठनात्मक तथा आंदोलनात्मक मुद्दों को तवज्जो देंगे। संगठन व विभिन्न ज्वलंत मसलों को लेकर ब्यूरो चीफ **कमलेश वर्मा** के साथ उन्होंने विशेष बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश–

**सवाल: आपने अभी तक विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक दायित्व निभाया। नया दायित्व मिलने पर कैसा लग रहा है?**

**जवाब:** सबसे पहले तो धन्यवाद करना चाहूंगा कि प्रदेश के संगठन ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। मुझे जिला अध्यक्ष के रूप में पार्टी ने नया दायित्व सौंपा है, जिम्मेदारी बड़ी है लेकिन वरिष्ठ नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्यार और आशीर्वाद से इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। मैं एक साधारण सा कार्यकर्ता हूं, राजनीति में मेरा कोई बैकग्राउंड नहीं है पर फिर भी पार्टी के निष्ठावान सिपाही के तौर पर हमेशा कार्य करता रहूंगा। पार्टी में काम करते-करते 26 वर्ष हो गए, तो उसी के फलस्वरूप अब पार्टी ने मुझे जिला अध्यक्ष के रूप में काम करने का मौका दिया है। मैं इसके लिए प्रदेश संगठन, प्रदेश संगठन मंत्री और अपने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। पूर्व सांसद महेश्वर सिंह व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर समय-समय पर मेरा मार्गदर्शन करते रहे हैं। इसके अलावा लगातार दो बार जिले का नेतृत्व करने वाले भीमसेन शर्मा और बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत किया जाएगा।

**सवाल: आपको जिलाध्यक्ष बने डेढ़ माह हो गया है, कार्यकारिणी का विस्तार कब तक होगा?**

**जवाब :** भाजपा अनुशासन वाली पार्टी है। इसका अपना संविधान है। संवैधानिक रूप में आजकल मंडल कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया चली हुई है। शीघ्र ही हम मंडल की कार्यकारिणी का भी गठन करेंगे। उसके पश्चात जो भी प्रदेश नेतृत्व तय करेगा उसके अनुसार जिले की भी कार्यकारिणी बना लेंगे।

**सवाल: संगठन में नए और पुराने कार्यकर्ताओं को किस तरह साथ लेकर चलेंगे?**

**जवाब :** जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं की छत्रछाया में हम संगठन के काम को पहले की तरह आगे निरंतर बढ़ाते रहेंगे।

**सवाल: पिछले विस चुनावों में भाजपा 50-50 रही, इस बार चारों सीटें जीतने का लक्ष्य कैसे हासिल करेंगे?**

**जवाब :** संगठन ने जो विश्वास हम पर जताया है, उस पर खरा उतरते हुए निश्चित रूप से हम चारों सीटें जीतने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मुझे लगता है कि कांग्रेस की कथनी व करनी में फर्क है इसी कारण उनकी 10 गारंटियां फेल हुई हैं। वहीं, हमारे मेहनतकश कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मजबूत संरचना की है। कुल्लू की जनता समझदार है। कांग्रेस का झूठ सबको समझ आ गया है। इन सब चीजों के बलबूते जब हमारे कार्यकर्ता बूथ-बूथ पर जाएंगे, तो निश्चित तौर पर चारों सीटें भाजपा की झोली में होंगी।

**सवाल: सीएम सुक्खू अक्सर आरोप लगाते है कि भाजपा के छह गुट है, कितनी सच्चाई है?**

**जवाब :** नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं उनके नेतृत्व में हम एकजुट है। भाजपा हिमाचल में भी एकजुट है। प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हम 2027 में एक बार फिर सरकार बनाएंगे। मैं 2027 इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि जिस हिसाब से सरकार चल रही है, पता नहीं कब फाइनेंशियल इमरजेंसी के कारण अपने ही बोझ तले दब जाएगी। मेरा यह मानना है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को प्रदेश के विकास के बारे में बात करनी चाहिए। जिन गारंटियों के बूते वह सत्ता में आए हैं उनके बारे में बात करनी चाहिए। सीएम सरकार के विधायक, पिछले साल का जो घटनाक्रम है वह सभी के ध्यान में है कि किस तरह वह अपने विधायकों को साथ नहीं रख पाए। उन विधायकों ने कांग्रेस को छोड़ भाजपा ज्वाइन की। साथ ही तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। कांग्रेस में पिछले तीन महीने से न कोई ब्लॉक के चुनाव हो पा रहे हैं, जबकि भाजपा में हमारे यहां तो मंडल के चुनाव भी हो चुके हैं। भाजपा में मंडलों की संरचना बढ़ी है। 171 मंडलों की सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने हैं और उनके कार्य समिति गठन की प्रक्रिया चल रही है।

**सवाल: मंडलाध्यक्ष की नियुक्तियों के दौरान कुल्लू भाजपा में गुटबाजी दिखी, कैसे तालमेल बिठाएंगे?**

**जवाब:** भाजपा में चुनाव नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से निर्णय होते है। कहीं भी गुटबाजी नहीं है। जिले के सभी मंडलों को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका अक्षरशः पालना करते हुए आजकल सभी मंडल अध्यक्ष अपने कार्यकारिणी के विस्तार में लगे हैं। शीर्ष नेतृत्व को गर्व है कि अनुभवी मंडल अध्यक्षों की एक टोली हमारे कुल्लू जिले में बनी है।

**सवाल: दिल्ली में भाजपा को मिली जीत का असर आगामी चुनावों में भी दिखेगा?**

**जवाब :** निश्चित तौर पर यह जीत प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की जीत है। जो वहां पर सरकार थी उसका पतन हुआ है, क्योंकि वह सरकार भी वहां झूठी गारंटियां देती रही और झूठ फैलाने के साथ ही दिल्ली में अराजकता का जो माहौल था, उससे तंग आकर जनता ने भाजपा का साथ दिया है। गोविंद ठाकुर सहित हमारी बहनें और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनाव प्रचार में दिन रात मेहनत की। दिल्ली की जीत से पूर्व के जो दो राज्य हैं, मैं उनका भी उल्लेख करना चाहूंगा, वह चाहे हरियाणा हो या महाराष्ट्र लगातार भाजपा की जीत का ग्राफ बढ़ा है। भविष्य में जहां-जहां विधानसभा के चुनाव होंगे, वहां निश्चित तौर पर भाजपा प्रचंड जीत के साथ अपनी सरकारें बनाएगी।



### भाजपा परिवार है, पार्टी नहीं

*भाजपा की रणनीति कभी व्यक्ति विशेष की रणनीति नहीं रही है। मैंने पहले भी कहा यह परिवार है पार्टी नहीं है। पहले कार्यकर्ता योजना बनाते हैं और उसको अमलीजामा पहनाने तक उस पर कार्य किया जाता है। रही बात नगर परिषद की तो हमारे पास कई मुद्दे हैं, जिनमें मुख्य रूप से कुल्लू का भूतनाथ का पुल है उसको लेकर कभी हम विस्तार से चर्चा करेंगे। वहीं, पुराने कूड़े की ज्वलंत समस्या है, उसका हल भी हम निकालेंगे। वर्तमान में भाजपा के पास और भी कई मुद्दे हैं इनको लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे। हम प्रचंड जीत के साथ नगर परिषद और बीडीसी बनाएंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।*

भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष से
**विशेष बातचीत**

## न्यूज ब्रीफ

### सोशल मीडिया पर वायरल पटवारी के मामले में प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पटवारी के मामले में डीसी तोरुल रवीश ने जांच के आदेश जारी किए हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो, जिसमें पटवारी पटवार वृत रोट-2 तहसील भुंतर जिला कुल्लू व कुछ लोगों के मध्य भूमि के निशानदेही को लेकर विवाद दिख रहा है। इस संदर्भ में शिकायतकर्ता ने डीसी कुल्लू को पटवारी हल्का रोट-2 पर अभद्र व्यवहार की शिकायत की है, जिसके संदर्भ में डीसी द्वारा एसडीएम (ना.) कुल्लू के मामले में विस्तृत छानबीन करने हेतु जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा जांच रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

### 'संघर्ष जारी रखें मंजिल देर से सही जरूर मिलेगी'

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में मंगलवार को वार्षिक पत्रिका हिमरी-कालीचाड़ की वादियों से प्रथम अंक का विमोचन मशहूर थंका आर्टिस्ट कृष्णा टशी पल्मो व तेनजिन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कृष्णा टशी पालमो व तेनजिन के पेंटिंग्स की भी प्रदर्शनी लगाई व विद्यार्थी उनसे बहुत प्रभावित हुए। इसके साथ-साथ दोनों आर्टिस्ट ने छात्रों के बाल सुलभ मन मे कला के प्रति उठती जिज्ञासाओं को शांत किया। कृष्णा टशी पल्मो ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी अभिरुचियों को जीवन के तमाम संघर्षों के बावजूद भी अपने भीतर ज़िंदा रखने का प्रयास करना चाहिए आपकी कोशिशें और संघर्ष कभी व्यर्थ नही जाएगा, मंज़िल देर से सही ज़रूर मिलेगी। विमोचन के दौरान पाठशाला के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को कला के हर माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीतम जी ने सभी अध्यापकों छात्रों को बधाई दी व मुख्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

### महासंघ के अध्यक्ष बने दीपक नैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पतीलकूहल।** मंगलवार को आयकर कर्मचारी महासंघ (इनकम टैक्स एंप्लॉय फेडरेशन) उत्तर पश्चिम जोन की कार्यकारिणी के पुनर्गठन के चुनाव संपन्न हो गए। महासंघ के नए अध्यक्ष के रूप में दीपक नैन को चुना गया, जबकि महासचिव का दायित्व अरविंद डागर को सौंपा गया। नई कार्यकारिणी में सहसचिव संदीप यादव, फाइनेंस सचिव अशोक कुमार, व्यवस्था सचिव अंकित मित्तल, उपाध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष (महिला) रजनी रानी, सह सचिव मनबिंदरबीर असीजा और उप सचिव रविकांत को चुना गया। इस चुनाव में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित छह राज्यों से 200 से अधिक डेलिगेट्स ने भाग लिया। यह चुनाव कुल्लू के कटराईं स्थित शुभम कैफे में दो दिवसीय सेमिनार के बाद संपन्न हुआ। महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा कि वे महासंघ के सदस्यों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि महासंघ के चुनाव प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के जोनल उपाध्यक्ष सोनम छेरिंग ने बताया कि कुल्लू इकाई को पहली बार इतने बड़े आयोजन की जिम्मेदारी दी गई, जो उनके लिए गर्व की बात है।

### मंडी जाएंगे बंजार के देवता अनंत बालू नाग

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** बंजार घाटी के अधिष्ठाता देव अनंत बालू नाग इस बार भी मंडी महाशिवरात्रि में लाव-लश्कर के साथ भाग लेंगे। देवता देवालय से कब रवाना होंगे और किस रूट से मंडी रवाना होंगे, यह अभी तय नहीं हुआ है। देवता के मंदिर तांदी में कारकूनों की बैठक हुई। इसमें देवता के मंडी दौरे को लेकर विचार-विमर्श किया गया। हालांकि, अनंत बालू नाग ने गत साल की तरह इस बार भी मंडी महाशिवरात्रि में जाने की इच्छा जताते हुए आदेश दिए हैं।

# डीसी कुल्लू ने सम्मानित किए हरिपुर कॉलेज के होनहार स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, मनाली**



जवाहरलाल नेहरू हरिपुर (मनाली) महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने महाविद्यालय के होनहारों को सम्मानित किया।

उन्होंने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीसी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को सही दिशा की ओर जाने को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं के भीतर मूल्यों का विकास, रचनात्मकता को बढ़ावा और नशे से दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। इससे पहले प्रथम सत्र के मुख्यातिथि प्रो. शमशेर सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलन व छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। विशेषातिथि द्वारा विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। पीटीए प्रधान महेंद्र सिंह राणा द्वारा स्पोर्ट्स, एनसीसी, एनएसएस रोवर रेंजर, अन्य क्लब एवं सोसायटी, विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की गई शैक्षिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में डॉ. रोमेश चंदर द्वारा मुख्यातिथि, प्राचार्या, सभी प्रतिष्ठित अतिथियों, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग एवं सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

# वेद पाठ से गूंजेगी कुल्लू की वादियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन तथा व्यास संस्कृत महाविद्यालय, रघुनाथपुर, कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 फरवरी तक एक क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन, कुल्लू जनपद हिमाचल प्रदेश में प्रथम बार आयोजित होने जा रहा है।

यह जानकारी व्यास संस्कृत कॉलेज रघुनाथपुर कुल्लू के प्राचार्य बालकृष्ण शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन में आठ राज्यों के लगभग 150 वैदिक विद्वान तथा संस्कृति विश्वविद्यालयों के माननीय कुलपति भी भाग ग्रहण करने जा रहे हैं। इसमें वेद पाठ, वैदिक संस्कृति आदि को लेकर तीन दिनों में विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

# मनाली की जन्नत ठाकुर स्कीइंग में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, मनाली**



कुल्लू जिले के मनाली की प्रतिभाशाली भारतीय अल्पाइन स्कीयर जन्नत का चयन 19 फरवरी से 2 मार्च तक बीजिंग, चीन के यानकिंग में होने वाली 33वीं एशियाई अल्पाइन स्कीइंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

मनाली के गोशाल गांव के राकेश ठाकुर व उषा ठाकुर की बेटी जन्नत ठाकुर इस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के साथ-साथ जन्नत को विशेष प्रशिक्षण भी मिलेगा। उन्होंने पहले भी 2023 में दक्षिण कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व किया और दुबई में एफआईएस रेसों में भी भाग लिया है। पिछले दो वर्षों से जन्नत इटली में प्रशिक्षण ले रही हैं, ताकि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। अपने अनुभव और मेहनत से वह आगामी चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उधर, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने जन्नत की इस उपलब्धि के लिए जहां उन्हें व उनके परिजनों को बधाई दी। वहीं, चैंपियनशिप के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतीक है और पूरा समुदाय उनके इस महत्वपूर्ण वैश्विक मंच पर समर्थन के साथ खड़ा है।

# नशा तस्करों की जानकारी देने वाले को 30 हजार इनाम



**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत बुरुआ ने नशा तस्करों की जानकारी देने वाले को 30 हजार देने की घोषणा की है। पंचायत ने नशे से जुड़े लोगों पर शिकंजा कसने को प्रस्ताव पारित किया है।

पंचायत उस व्यक्ति को सभी सुविधाओं से बंचित कर देगी साथ ही सामाजिक बहिष्कार भी करेगी। पंचायत ने ग्रामीणों से संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने का आग्रह किया है। ग्राम पंचायत प्रधान चूड़ामणि ठाकुर ने बताया कि चिट्टा तस्करों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बताया कि चिट्टा तस्करों की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 30000 इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचयात ने अपने क्षेत्र में महिला मंडलों व स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया है। ढाबों व दुकानदारों से भी सहयोग करने का आग्रह किया है।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में हितेश, साहिल, पीतांबर, शिवानी, सपना, लक्ष्मी, कशिश, गीतांजलि समेत 25 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने नशे में गाड़ी चलाने के खतरे, वाहन प्रदूषण का पर्यावरण पर प्रभाव, इलेक्ट्रिक वाहनों के फायदे और गोल्डन आवर के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक कैप्टन (डॉ.) संदीप कुमार ठाकुर ने इस अवसर पर छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नागरिक कर्तव्यों के बारे में भी छात्रों को जागरूक किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी ने प्रतिभागी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम हिमाचल के कुल्लू जिले में स्थित राजकीय महाविद्यालय निरमंड में आयोजित किया गया।

# 24 फरवरी से लाहौल घाटी के गौंदला से होगा स्नो फेस्टिवल का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल घाटी में स्नो फेस्टिवल 2025 का आगाज 24 फरवरी को गौंदला से किया जाएगा। फेस्टिवल के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

डीसी राहुल कुमार ने कहा कि घाटी में पर्यटन एवं संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने के उदेश्य से स्नो फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को गौंदला से प्रारंभ स्नो फेस्टिवल एक महीने तक मनाया जाएगा। लाहौल घाटी के विभिन्न स्थानों जिनमें त्रिलोकीनाथ, केलांग, तुपचलिंग सहित जिस्पा व सिस्सू में उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला मंडलों, युवक मंडलों एंव स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाएगा। तीरांदाजी, बुनाई, मटका फोड़, रस्साकशी, मेंहदी प्रतियोगिता, बैडमिंटन, छोलों सहित बर्फ की उपलब्धता रहने पर स्नो क्राफट व स्नो स्की इंग प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। घाटी के विभिन्न स्थानों आयोजित हो रहे स्नो उत्सव में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में से अंत में घाटी से सर्वश्रेष्ठ दल को चुना जाएगा और सर्वश्रेष्ठ का खिताब दिया जाएगा।

डीसी ने स्नो फेस्टिवल के आयोजन बारे अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करने तथा मनाली, अटल टनल के पास व घाटी के प्रमुख स्थानों पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास आधिकारी को उत्सव के आयोजन स्थलों पर महिला मंडलों के माध्यम से फूड स्टॉल लगाने के निर्देश दिए, ताकि पर्यटक व आमजन स्थानिय पारंपरिक व्यजनों का लुत्फ उठा सकें और महिलाओं को अपनी आथिर्की को सुदृढ़ करने का अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने आयुष व स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि स्नो फेस्टिवल के सभी आयोजन स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अन्य विभागों को भी विभागीय प्रदर्शिनिया लगाने सहित प्रदेश सरकार की आमजनता के कल्याण के लिए चलाई जा रही बहुलाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने को कहा।

# 40 मेधावी विद्यार्थियों को एबीवीपी ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिले के 40 मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सम्मानित किया।

इसके लिए छात्र परिषद ने लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ता व बागबान रिमन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। छात्र परिषद ने हाल ही में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा करवाई थी। इसमें जिले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वालों विद्यार्थियों को सम्मान दिया गया। साथ ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले टॉप 37 मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

छात्र परिषद के जिला संयोजक सारांश बोध ने कहा कि हर साल स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में पुरस्कार वितरण समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**बैठक** शमशेरी महादेव मंदिर में पुरानी कमेटी भंग, नई कमेटी और संविधान बनाने का निर्णय

# पूर्व जज रामलाल होंगे प्रारूप समिति के अध्यक्ष



### क्या था विवाद ?

**शमशरी** महादेव मंदिर कमेटी के खिलाफ वित्तिय लेन-देन का ब्यौरा उपलब्ध न करवाने, मंदिर निर्माण के दौरान निर्माण कार्य बिना नक्शे के योजनाबद्ध तरीके से न करने और मनमानी करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायत डीसी कुल्लू को दी गई थी। आरोप लगाया गया था कि पिछले करीब 40 वर्षों से वित्तिय लेन देन का हिसाब जनता के समक्ष नहीं रखा गया था, जिस विवाद को सुलझाने के मद्देनजर ही इस विशेष बैठक का आयोजन किया गया था।

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव मंदिर कमेटी को लेकर पनपे विवाद के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए।

मंदिर कमेटी के कारदार संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में देवता के हरियानों की मौजूदगी में पुरानी कमेटी को भंग कर और एक नई प्रबंधन कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर के लिए एक नया संविधान बनाने का भी फैसला हुआ। इसके लिए एक विशेष प्रारूप समिति का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामलाल आजाद को बनाया गया है।

पूर्व सूबेदार ख्याले राम शर्मा और बेली राम को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में देवता के 13 सियाने सहित कुल 20 से अधिक सदस्यों को शामिल किया गया।

संविधान प्रारूप समिति 23 फरवरी को अपनी पहली बैठक करेगी, जिसमें मंदिर की संस्कृति और प्रबंधन से जुड़े मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक संविधान तैयार किया जाएगा। नई कमेटी के गठन तक पुरानी कमेटी अपना कार्य जारी रखेगी। इस दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में वर्तमान कारदार संतोष अपने पुत्र को नए कारदार की जिम्मेदारी सौंपेंगे।

यह नया प्रबंधन ढांचा मंदिर की गतिविधियों को और अधिक व्यवस्थित तथा पारदर्शी बनाने में मददगार साबित होगा। नई व्यवस्था से न केवल मंदिर का प्रबंधन सुदृढ़ होगा, बल्कि देवता की परंपराओं और संस्कृति का भी संरक्षण सुनिश्चित होगा। (अनंत ज्ञान)

# राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नवाजे



भजन लाल राजस्थान सीएम व नित्यानंद राय से पुरस्कार शील्ड और प्रमाण पत्र प्राप्त करते राजकुमार अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी व उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा जयपुर में मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनएचपीसी के सलाल पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर) को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजकुमार चौधरी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक तथा उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने भजन लाल मुख्यमंत्री, राजस्थान एवं नित्यानंद राय, गृह राज्य मंत्री केंद्र सरकार के द्वारा पुरस्कार शील्ड और प्रमाण पत्र ग्रहण किया। एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नाराकास), रियासी को भी सम्मेलन के दौरान द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को अनीष गौरहा, समूह महाप्रबंधक, पावर स्टेशन प्रमुख, एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन ने ग्रहण किया। इस सम्मलेन में राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय–जम्मू (जम्मू व कश्मीर), संतोष कुमार, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय– बनीखेत (हिमाचल प्रदेश) के साथ-साथ एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 मार्च को लगेगा सर्वोदय रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल की कुंहर पंचायत के ग्राम चौरंटू में समाजसेवी संस्था द्वारा सर्वोदय रक्तदान शिविर 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। सर्वोदय रक्तदान शिविर के सचिव मनोज कुमार काथला ने बताया कि यह रक्तदान शिविर स्थानीय स्तर पर नवीन कुमार, विनोद ठाकुर, जगदीश ठाकुर, दिनेश कुमार, कली राम, जयदेव ठाकुर, पवन चौधरी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष यशपाल, उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा तथा सचिव जुगल किशोर ने क्षेत्र के सभी युवाओं और लोगों से सर्वोदय रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की।

### जल्द ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर बनाए जाएंगे लाइसेंस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग ट्रैफिक नियमों को लेकर लगातार नए कार्य करने में लगा है, ताकि जहां लोगों को अच्छी सेवाएं मिल सकें। वहीं, कार्यों में पारदर्शिता भी हो। इसी कड़ी में जल्द ही ड्राइविंग टेस्ट, जो कि पहले एमवीआई लेते थे, अब ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर होंगे, जिसमें आधुनिक जांच प्रणाली से चालक की ड्राइविंग स्किल को परखा जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय सड़क परिवहन अधिकारी सोना चौहान ने दी। आरटीओ सोना चौहान ने बताया कि इसके इलावा जो गाड़ियां पुरानी हो जाती हैं और उन्हें स्क्रैप के तौर पर जंक डीलर्स को बेच दिया जाता था, अब जल्द ही इसके लिए भी सोलन में एक कंपनी को पंजीकृत किया जा रहा है। यही जहां पर गाड़ियों का स्क्रैप बेचा जा सकेगा। सड़क परिवहन विभाग लोगों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और इसी कड़ी में ये कार्य भी जल्द शुरू होने जा रहे हैं।

### वन परिक्षेत्र रामशहर का कार्यालय असुरक्षित घोषित

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** वन मंडल नालागढ़ के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रामशहर के कार्यालय एवं रिहायशी भवन को एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने असुरक्षित घोषित कर दिया है। एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने बताया कि उन्होंने कमेटी के साथ वन विभाग के रामशहर कार्यालय एवं रिहायशी भवनों का मुआयना किया, जिसकी स्थिति को जर्जर देखते हुए असुरक्षित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों की ओर से इस जर्जर भवन को असुरक्षित करने का प्रपोजल आया था, जिसकी दशा को देखते हुए इस भवन को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग करेगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी रामशहर प्रेम सिंह पटियाल ने बताया कि वन विभाग रामशहर के कार्यालय और रिहायशी मकान की हालत काफी खस्ता बनी हुई थी, जिसको लेकर प्रपोजल डाला गया था और उसके बाद एसडीएम नालागढ़ की अध्यक्षता में एक टीम ने मौके का दौरा किया और इस जर्जर भवन को असुरक्षित घोषित कर दिया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार रामशहर राजेंद्र सिंह ठाकुर, विकासखंड अधिकारी नालागढ़ न्यून धैर्य शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी रामशहर प्रेम सिंह पटियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### नितिका मिस व ऋतिक चौहान मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नौहराधार कॉलेज में प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता झागटा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्टूडेंट्स ने अध्ययन के दौरान जुड़ी अपनी यादगार अनुभवों को सुनाया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर मस्ती की। विदाई समारोह में नितिका शर्मा मिस फेयरवेल व ऋतिक चौहान मिस्टर फेयरवेल, पूजा कुमारी को मिस पर्सनालिटी और राजीव चौहान को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज में स्टूडेंट्स ने जमकर मस्ती की। इस दौरान बीए फर्स्ट और सेकेंड ईयर की छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस पूरे धमाल में स्टूडेंट्स के चेहरे पर खुशी तो दिखाई दी, मगर कॉलेज से विदाई का दर्द भी साफ झलक रहा था। प्रिंसिपल संगीता झागटा ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से निकलने के बाद उन्हें अपने साथ-साथ देश का नाम भी रोशन करना है। छात्राएं भविष्य में समाज और राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणनात्मक शिक्षा, चरित्र निर्माण, व छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल देना है।

### युद्ध अभ्यास की आपत्ति 13 मार्च तक दें

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नारायणगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास एवं खुले में गोला चलाने और तोप दागने की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, यदि किसी व्यक्ति को इन गतिविधियों से आपत्ति हो तो वे 13 मार्च तक डीसी कार्यालय नाहन में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिला सिरमौर की तहसील नाहन के 14 गांव तथा तहसील पच्छाद के 8 गांव की भूमि पूर्व से अधिसूचित की जाती रही है। इन गतिविधियों को जारी रखने तथा इसकी अवधि 25 सितंबर, 2029 तक बढ़ाने का मामला प्रदेश सरकार के पास विचाराधीन है।

### पंच परमेश्वर मंदिर में विष्णु पुराण महायज्ञ शुरू

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गिरि गंगा नदी के पावन तट पर पंच परमेश्वर मंदिर करगाणू सनौरा में एकादश दिवसीय विष्णु पुराण महायज्ञ आरंभ हो गया। इस भागवत में मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे अजय ठाकुर ने बताया कि इस महापुराण का आयोजन 1008 शंभु भारती के पावन सानिध्य 108 जग मोहन भारती की अंनुकपा व ब्रह्म लीन मंहत 108 राजेश्वर भारती के शुभाशीष से आमजन मानस के सहयोग से विश्व शांति एवं प्राकृतिक आपदाओं से विश्व की रक्षा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं आम जन मानस के कल्याण के लिए किया जा रहा है । 11 दिवसीय इस विष्णु पुराण आचार्य विजय भारद्वाज अपनी सुमधुर वाणी से भगवान विष्णु के अनेक रुपों की कथाओं का श्रवण करवाएंगे।

### दीक्षा का नया भजन मइया तेरा दरबार रिलीज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट निवासी दीक्षा भारद्वाज का नया भजन मइया तेरा दरबार रिजीज हो गया है। दीक्षा म्यूजिक प्रेजेंट्स के तहत रिलीज हुआ यह भजन दीक्षा भारद्वाज की मधुर आवाज में सुनने को मिलेगा। इस भजन को संगीत एफरोज और पंकज नारोटा ने दिया है, जबकि बोल एफरोज ने लिखे हैं। वीडियो दीप फ्रामज ने बनाया है और निर्माता दीक्षा भारद्वाज हैं। दीक्षा भारद्वाज पिछले कई वर्षों से जागरण और लाइव शो भी कर रही हैं और गायकी के क्षेत्र में अपना नाम कमा रही हैं।

# स्कूलों में शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ की दो बार लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

## मशीन खराब या किसी अन्य कारण से हाजिरी न लगने पर विभाग को देनी होगी जानकारी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नए शैक्षणिक सत्र में जिले के सरकारी स्कूलों में अब शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को नियमित रूप से बायोमीट्रिक से शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ की हाजिरी लगेगी। हालांकि स्कूलों में पहले भी ऑनलाइन हाजिरी लग रही थी, लेकिन कई स्कूलों की मशीनें खराब पड़ी थी।

शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए थे कि वह स्कूल खुलने से पहले इन मशीनों को दुरुस्त करवा लें। नए सत्र से बायोमीट्रिक से ही हाजिरी लगनी शुरू हो गई है। मशीन खराब या किसी अन्य कारण से हाजिरी न लगने पर इसकी जानकारी विभाग को देनी होगी। इसके अलावा स्कूल खुलने से पहले सभी इंतजामों को पूर्ण करने को भी कह दिया था। अब विंटर स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने के बाद फिर से कक्षाएं लगनी शुरू हो गई हैं, ऐसे में शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी लगाना जरूरी हो गया है। जानकारी के अनुसार नए सत्र से जिले में शिक्षकों और अन्य स्कूला स्टाफ को फरलू मारना आसान नहीं होगा। शिक्षकों समेत अन्य स्टाफ को समय पर स्कूल पहुंचना होगा और समय पर स्कूल छोड़ना होगा। समय पर हाजिरी न लगने पर उन्हें पगार कटने की कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में ड्यूटी के समय गैरहाजिर रहने वाले शिक्षकों सहित स्कूल के अन्य स्टाफ की मनमानी पर रोक लग सकेगी। रोजाना हाजिरी का रिकॉर्ड का निदेशालय के पास भी रहेगा।




### छुट्टी से पहले भी लगेगी हाजिरी

**उधर,** शिक्षा उपनिदेशक गोपाल चौहान ने बताया कि अधिकतर स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी ही लग रही है। कुछ स्कूल में नेटवर्क और मशीन खराब थी, लेकिन इन्हें भी दुरुस्त करवा दिया है। शिक्षकों को हाजिरी स्कूल की घंटी बजने से पहले लगानी होगी। अगर 10 बजे स्कूल लग रहा है, तो ठीक दस बजे से पहले हाजिरी लग जानी चाहिए। वहीं, छुट्टी हो जाने के बाद भी हाजिरी लगानी होगी अन्यथा शॉर्ट-डे होगा। मशीन में सभी शिक्षकों के स्कूल आने-जाने का रिकार्ड ऑनलाइन दर्ज होगा। विभाग के उच्चाधिकारी अपने ऑफिस में बैठकर शिक्षकों की जानकारी ले सकेंगे।

> शिक्षा उपनिदेशक गोपाल चौहान का कहना है कि अधिकतर स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी लग रही है। कुछ स्कूलों में नेटवर्क और मशीन खराब थी, लेकिन इन्हें भी दुरुस्त करवा दिया है। शिक्षकों को हाजिरी स्कूल की घंटी बजने से पहले लगानी होगी। अगर 10 बजे स्कूल लग रहा है, तो ठीक 10 बजे से पहले हाजिरी लग जानी चाहिए। वहीं, छुट्टी हो जाने के बाद भी हाजिरी लगानी होगी, अन्यथा शॉर्ट-डे काउंट होगा। मशीन में सभी शिक्षकों के स्कूल आने-जाने का रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज होगा। विभाग के उच्चाधिकारी अपने ऑफिस में बैठ कर शिक्षकों की जानकारी ले सकेंगे।

# फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाली महिला पांवटा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

- आरोपी ने शिकायतकर्ता से 99,000 रुपए की ठगी की

सिरमौर पुलिस ने फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाली महिला को पांवटा साहिब से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिला ऊना में ठगी के बाद यहां छिपी हुई थी। जानकारी के मुताबिक मोनिका देवी पत्नी शशिकांत निवासी कुरियाला तहसील व जिला ऊना ने पुलिस को शिकायत दी।

उसने बताया कि एक महिला ने औद्योगिक क्षेत्र ऊना में खुद को एक सरकारी अधिकारी बताते हुए कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी की। महिला ने खुद को औद्योगिक क्षेत्र ऊना में असिस्टेंट ऑफिसर और सेरीकल्चर विभाग में अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाली बताया था। उसने कई लोगों को यह झांसा दिया कि वह सरकारी योजना के तहत शहतूत के पौधे लगवाने का काम करती है, जिसके बदले उन्हें हर माह 35,000 रुपए की आय होती है। इसके अलावा, महिला ने शिकायतकर्ता से यह भी कहा कि वह सरकारी नौकरी दिलवाने का वादा कर रही है। इस झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने महिला को रुपए दिए। महिला ने न केवल 75,000 रुपए नौकरी के लिए दिए, बल्कि 14,000 रुपए का लोन दिलवाने का झांसा देकर और पैसे लिए। कुल मिलाकर आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता से 99,000 रुपए की ठगी की। महिला ने नौकरी के नाम पर कोई पत्र नहीं भेजा और न ही शहतूत के पौधे लगाए, जिससे शिकायतकर्ता को यह समझ में आया कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है।

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की और महिला के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी महिला पहले चंडीगढ़ और फिर पांवटा साहिब में ठिकाने बदल रही थी, जब पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि महिला पांवटा साहिब में छिपी हुई है, तो पुलिस की टीम ने वहां दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि महिला की गिरफ्तारी के बाद मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि अभी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## स्काउट्स एंड गाइड को किया सम्मानित

**अनिल कुमार नेगी, रिकांगपिओ।** उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने तमिलनाडु के त्रिची में भारत स्काउट्स और गाइड्स की डायमंड जुबली जंबूरी में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले चार स्काउट्स एंड गाइडों के साथ-साथ एक गाइड कैप्टन व स्काउट मास्टर का रिकांगपिओ में स्वागत और सम्मानित किया।

डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तमिलनाडु में किया गया, जिसमें स्काउट्स ने विभिन्न गतिविधयों, कार्यक्रमों किन्नौरी परिधान पहनकर मौके पर आयोजित फैशन शौ में भाग लिया व जिले का नाम रोशन किया। गाइड कैप्टन कुमारी संज्ञा डोलमा नेगी ने बताया कि इस डायमंड जुबली में भारत तथा अन्य पड़ोसी देशों के स्काऊट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। जिला किन्नौर की अगुवाई गाइड कैप्टन कुमारी संज्ञा डोलमा स्वयं तथा स्काऊट्स मास्टर किरण कुमारी बिष्ट ने की। (अनंत ज्ञान)

## धोखाधड़ी व मारपीट के मामले में युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- नालागढ़ के युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए की थी दोस्ती
- युवक ने अपनी असली पहचान छिपाकर शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

बद्दी जिले के महिला थाना में एक युवती ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। युवती का आरोप है कि नालागढ़ के एक युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए उससे दोस्ती की और फिर दोनों के बीच मुलाकातें होने लगीं।

युवक ने अपनी असली पहचान छिपाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि आरोपी ने लगभग दो साल तक उसे किराए के मकान में रखा, जहां वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहे। इस दौरान जब वह गर्भवती हुई, तो युवक ने उसे बताया कि वह पहले से शादीशुदा है और किसी अन्य धर्म से ताल्लुक रखता है। इस खुलासे के बाद युवती मानसिक रूप से परेशान हो गई। आरोप है कि युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट भी की। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात महिला थाना में मामला दर्ज किया गया। रविवार को युवती का मेडिकल करवाया गया और जांच अधिकारी ने घटनास्थल का दौरा कर साक्ष्य एकत्र किए।

सोमवार को युवती को अदालत में बयान दर्ज करवाने के लिए पेश किया गया, जहां कोर्ट ने 20 तारीख को बयान दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## जाबल में हुई चोरी का सातवां आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के जाबल गांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सातवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। अभियोग में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

जांच के दौरान पाया गया कि उक्त मामले में एक अन्य आरोपी भी इनके साथ इस वारदात में शामिल था, जो वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसकी तलाश पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा लगातार जारी थी। 17 फरवरी को पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा फरार आरोपी सतीश कुमार उर्फ सन्नी पुत्र पप्पू राम निवासी गांव मलारी डाखा. मलोग तहसील झंडूता जिला बिलासपुर उम्र 24 वर्ष को बिलासपुर के झंडूता से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है। बता दें कि रोशन लाल निवासी गांव जाबल डाकखाना बथालंग तहसील अर्की



जिला सोलन ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि यह व इसकी पत्नी शिमला में नौकरी करते हैं। छुट्टी वाले दिन ही घर आते हैं। 16 जुलाई, 2024 को यह अपनी पत्नी सहित अपने गांव जाबल आए थे। 18 जुलाई, 2024 को ये दोनों वापस शिमला चले गए थे।

19 जुलाई , 2024 को समय करीब 3 बजे दिन में इसे इसके भाई ने फोन पर सूचित किया कि इनके कमरे का दरवाजा खुला है व सामान विखरा पड़ा है, जिस पर यह अपनी पत्नी सहित अपने घर पहुंचा और सामान चैक किया, तो अंदर से सोने की चार अंगूठी, तीन चाक एक छोटा मंगल सूत्र, कांटे, बालिया, टोपस व चांदी के चार कड़े, एक जोड़ी पायल व मगलसूत्र चोरी होने पाए गए, जिसे कोई नामालूम व्यक्ति कमरे का ताला तोड़कर चोरी करके ले गया। चोरी हुए गहनों की कीमत लगभग 2,50,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना अर्की में चोरी की धाराओं 331(4),305(ए ) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना अर्की की पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। उक्त टीम ने 18 जुलाई को 5 आरोपियों अजय कुमार पुत्र मदन लाल निवासी गांव संधोली, डाखा. मकड़ी मारकंडा तह. सदर जिला बिलासपुर उम्र 24 वर्ष, अक्षय कुमार पुत्र गुड्डू निवासी गांव संधोली, डाखा मकड़ी गारकंडा तह सदर जिला बिलासपुर उम्र 19 वर्ष हैप्पी पुत्र संजु कुार निवासी गाव संधोली डाखा. मकड़ी मारकंडा सदर जिला बिलासपुर हिप्र उम्र 22 वर्ष, पम्मी पुत्र श्री चरण सिंह निवासी गाव संधोली आदि को गिरफ्तार किया है।

## पांवटा साहिब में 1.614 किलोग्राम चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर जिले के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.614 किलोग्राम चरस के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शिमला जिले के नेरवा का निवासी है और पांवटा साहिब में चरस की सप्लाई करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकार के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि शिमला जिले के नेरवा इलाके का रहने वाला एक व्यक्ति पांवटा साहिब में चरस की तस्करी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया और नशा तस्कर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र श्याम लाल, निवासी गांव सुदाना, तहसील नेरवा, जिला शिमला जैसे ही चरस की खेप लेकर पांवटा साहिब के फोरैस्ट कॉर्पोरेशन सेल डिपो तारुवाला में पहुंचा, तो पुलिस ने मौके पर छापेमारी की और उसके कब्जे से 1.614 किलोग्राम चरस बरामद कर ली।

पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पांवटा साहिब के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

## मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** बाल विकास परियोजना कंडाघाट ने मंगलवार को हाई स्कूल सकोड़ी में वो दिन खास विषय में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. आभा पवार ने मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी में मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित फैली भ्रांतियां बारे बताया। उन्होंने मासिक धर्म के समय स्वच्छत का ध्यान न रखने के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों की स्वच्छता के आधार पर पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले स्टूडेंट्स नवाजे।

## केरल के शास्त्रीय नृत्य मोहनी ने लूटी महफिल




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्राओं ने केरल राज्य के शास्त्रीय नृत्य मोहनी अहम की शानदार प्रस्तुति दी। छात्रों को इस नृत्य के उद्गम के विषय में जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि यह नृत्य केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्राओं ने सुंदर परिधानों तथा अभिभूषण से सुसज्जित होकर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा और प्रभारी अश्वनी शर्मा द्वारा छात्राओं की सुंदर प्रस्तुति पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विविधता में एकता का संदेश देता है।

## 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 21 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज हेटरो लैब्स बद्दी में 25 तथा मैसर्ज मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स बद्दी के 75 फ्रेशर ट्रेनी पदों पर भर्ती के लिए 21 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय बद्दी (मॉडल कैरियर सेंटर) नजदीक गुरूद्वारा संडोली जिला सोलन में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए आवेदक की शैक्षणिक योग्यता डीफार्मा, बीफार्मा, एमफार्मा, एमएससी केमिस्ट्री, आईटीआई मैकेनिकल, डिप्लोमा मैकेनिकल तथा आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस से प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल पर कैंडिडेट लॉग इन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## विधायक के समक्ष रखी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में कार्यरत विभिन्न ट्रांसपोर्टर सभाओं के पदाधिकारियों ने विधायक अर्की संजय अवस्थी से मुलाकात की। इस मुलाकात में टैक्स की तिथि बढ़ाने और सिविल सप्लाई के रेट बढ़ाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने ट्रांसपोर्टर की मांगों पर गौर किया और संबंधित अधिकारियों से बात कर टैक्स की तिथि बढ़ाने के लिए 17 फरवरी को सरकार ने अधिसूचना जारी कर एसआरटी जमा करने के लिए अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी है, जिससे दाड़लाघाट के ऑपरेटर्स को राहत मिलेगी। बाघल लैंड लूजर परिवहन सहकारी सभा दाड़लाघाट के प्रधान जगदीश ठाकुर, अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा दाड़लाघाट के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला, सोलन ट्रांसपोर्टर ट्रक ऑपरेटर को-ऑपरेटिव सोसायटी दाड़लाघाट (एसडीटीओ) के प्रधान जयदेव कौंडल आदि ने संजय अवस्थी का समस्त ट्रांसपोर्टर सभाओं की तरफ से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विधायक ने उनकी समस्याओं को समझा और तुरंत समाधान किया, जिसके लिए वे उनके आभारी हैं।

**आयोजन** सोलन कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में 700 छात्र पुरस्कृत

# आज सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण संतुलन की: शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज के वर्ष भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरी लाल शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद प्रिंसिपल ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कॉलेज की वर्ष भर की उपलब्धियां तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यातिथि ने कॉलेज के शैक्षणिक, खेलकूद, एनसीसी एनएसएस, रेंजर रोवर तथा अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले लगभग 700 छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कर्नल शांडिल ने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण



संतुलन की है तथा हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हरित क्रांति की ओर बढ़ने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर आने वाला समय बहुत मुश्किल भरा हो सकता है।

कर्नल शांडिल ने कहा कि आज का युवा नशे की ओर बढ़ रहा है इसे रोकने के लिए युवाओं को अधिक से अधिक खेलकूद तथा संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। कर्नल शांडिल ने छात्राओं को विशेष बधाई देते हुए कहा कि आज के युग में छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, जो कि नारी सशक्तिकरण का एक उदाहरण है। कार्यक्रम में संगीत विभाग के छात्रों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण की प्रस्तुति सोलन क्षेत्र में गाए जाने वाली गंगी, नाटी गजल आदी शामिल थी। इस कार्यक्रम में पूनम शांडिल, शिव कुमार, राजीव कोड़ा, मुकेश शर्मा, अजय गौतम, आदि स्थानीय नेतागण सहित अतिथियों के साथ-साथ कॉलेज के समस्त शिक्षक तथा गैर-शिक्षक वर्ग तथा समस्त स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजगढ़ के तहत पड़ने वाले कटोली गांव के प्राचीन शिव मंदिर में शिव महापुराण आरंभ हो गया है। टिक्कर पंचायत के बधोरली क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर कटोली में हर वर्ष की भांति इस बार शिवरात्रि के पावन अवसर पर एकादश दिवसीय शिव महापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शिव महापुराण का व्याख्यान वेदांत आचार्य रोशन लाल शर्मा द्वारा किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ आज कलश यात्रा व पुराण स्वागत के साथ हुआ। मंदिर कमेटी के सदस्य सुरेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि हर वर्ष शिवरात्रि के पावन अवसर पर कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र की जनता के सहयोग से विश्व की प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा विश्व शांति व क्षेत्र की सुख-समृद्धि के साथ-साथ आम जन मानस के कल्याण के लिए किया जाता है। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा और शिवरात्रि के पावन अवसर पर चार पहर की पूजा भी होगी। 11 दिवसीय इस शिव महा पुराण में प्रतिदिन मूल पाठ, दैनिक पूजा, भजन-कीर्तन, कथा प्रवचन, आरती, महा प्रसाद वितरण व भड़ारे का आयोजन होता रहेगा।

## नेहा व आयुष को बेस्ट कैंपर, राजेंद्र समूह को सर्वश्रेष्ठ समूह का पुरस्कार




**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्षेत्र 2024-25 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया। इसमें सेवानिवृत्त आचार्य नारायण दत्त शर्मा ने मुख्यातिथि, जबकि सुरेश शर्मा पीटीए अध्यक्ष ने विशेषातिथि के रूप में शिरकत की।

अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा सरस्वती माता के चरणों में दीप प्रज्वलन तथा स्वयंसेवियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत करने के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। सराहां कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर जगमोहन सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि, विशेषातिथि व अन्य लोगों का स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सप्त दिवसीय शिविर की रिपोर्ट पेश की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान शारीरिक कार्यों के तहत कॉलेज की सफाई, झाड़ियों की कटाई ,गोद लिए क्षेत्र जोहना घाट के मंदिर परिसर में सफाई, पौधों की गुड़ाई व सिंचाई, कॉलेज खेल मैदान का समतलीकरण, सरस्वती ताल के इर्द-गिर्द की सफाई, बावड़ियों की सफाई तथा कॉलेज से पुराना बस स्टैंड तक प्लास्टिक मुक्त अभियान आदि प्रमुख रहे। स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत एकल गीत, समूह गान, भजन तथा लोक नृत्य आदि कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में शिविर में बेहतर कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमें नेहा तथा आयुष सिंह को बेस्ट कैंपर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि राजेंद्र सिंह समूह को सर्वश्रेष्ठ समूह का पुरस्कार मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा विभाग के अधिकारी की गाड़ी का काटा चालान

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर पुलिस ने शिक्षा विभाग के अधिकारी की गाड़ी का चालान काट दिया। शिक्षा विभाग के उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार धीमान की मर्सिडीज का उस समय चालान काटा गया जब वह डीसी पार्थ गुप्ता के साथ रोड सेफ्टी की बैठक में सड़क सुरक्षा पर चर्चा कर रहे थे। वहीं, बाहर ट्रैफिक एसएचओ कुशलपाल राणा ने लघु सचिवालय परिसर में खड़ी उनकी मर्सिडीज कार का 1500 रुपए का चालान काट दिया। इतना ही नहीं एक पुलिस कर्मचारी जसविंद्र सिंह की कार का भी एसएचओ ने चालान काट दिया। दोनों बाहर नहीं थे, इसलिए पुलिस ने चालान को दोनों गाड़ियों के शीशे पर लगे वाइपर के नीचे रख दिए। पुलिस ने लघु सचिवालय परिसर में खड़ी आधा दर्जन कारों व बाइकों के भी चालान काटे। लघु सचिवालय में मंगलवार को रोड सेफ्टी की बैठक थी। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी भी यहां पर पहुंचे थे। कुछ अधिकारी अपने निजी वाहनों से भी पहुंचे थे। जिस जगह सभी अधिकारियों ने अपने निजी वाहनों को पार्क किया था, उस जगह पर अधिकारियों के सरकारी वाहन खड़े होते हैं। इसके बाद यातायात निरीक्षक कुशलपाल सिंह मौके पर पहुंचे और वाहनों के चालान कर दिए।

### कैथल में रजिस्ट्री क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कैथल (हरियाणा)।** एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुहला तहसील में रजिस्ट्री क्लर्क को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। क्लर्क ने रजिस्ट्री करने की एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। प्लाट की रजिस्ट्री करवाने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गुहला तहसील के रजिस्ट्री क्लर्क को एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने रंगे हाथों काबू किया है। विजिलेंस की टीम का नेतृत्व डीएसपी मुकेश जाखड़ कर रहे थे और जिला कृषि उप निदेशक कैथल बाबू लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया था। शिकायतकर्ता चीका निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी उमा के नाम अमर सिटी कालोनी में एक प्लाट की रजिस्ट्री करवाना चाहता था। इसके लिए विजय कुमार ने 23 जनवरी को रजिस्ट्री की सरकारी फीस जमा करवा रजिस्ट्री के टोकन लगवाए थे। जब वह रजिस्ट्री करवाने तहसील कार्यालय में गया तो वहां पर मौजूद रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप कुमार ने 10 हजार रुपए की मांग की। विजय ने बताया कि क्लर्क प्रदीप ने यह रिश्वत तहसीलदार के नाम से मांगी थी। जब बार बार चक्कर लगाने के बाद भी क्लर्क प्रदीप रजिस्ट्री करने का तैयार नहीं हुआ तो आखिर में उसने विजिलेंस अंबाला से संपर्क करना पड़ा। मंगलवार को एसीबी अधिकारियों ने रंग लगे 10 हजार रुपए के नोट देकर विजय को तहसील कार्यालय गुहला में भेजा जहां पर विजय ने जैसे ही ये रुपए रजिस्ट्री क्लर्क को दिए उसी समय एसीबी की टीम ने क्लर्क प्रदीप को रंगे हाथों काबू कर लिया।

### ऋण घोटाले में जम्मू-कश्मीर बैंक का पूर्व प्रबंधक काबू

**अनंत ज्ञान, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने यहां कथित करोड़ों रुपये के ऋण घोटाले के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर बैंक के पूर्व प्रबंधक समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 2023 में बैंक के जम्मू क्षेत्रीय कार्यालय के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण प्रभाग के मुख्य प्रबंधक मोहम्मद शकील की लिखित शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पुंछ के एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) के संविदा कर्मचारी सलीम यूसुफ भट्टी और अन्य ने सुरनकोट में बैंक की लसाना शाखा में जलग्रहण समिति के निष्क्रिय खातों को सक्रिय करवाया। अपराध शाखा के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खातों का नाम बदलवाया, अलग-अलग गैर-मौजूद कर्मचारियों को फर्जी वेतन प्रमाण पत्र और पुष्टि पत्र जारी किए और खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर व्यक्तिगत ऋण, नकद ऋण और कार ऋण प्राप्त करने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने मेंढर और मेंढर बस स्टैंड स्थित बैंक के शाखा कार्यालयों में फर्जी सरकारी खाते खोलने में भी कामयाबी हासिल की। उन्होंने सबसे पहले बैंक के माध्यम से पैसे जमा किए। प्रवक्ता ने बताया कि जांच को आगे बढ़ाते हुए अपराध शाखा ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जम्मू निवासी बैंक की राजौरी शाखा के तत्कालीन प्रबंधक जतिंदर सिंह, पुंछ निवासी मोहम्मद कबीर, मोहम्मद जफीर खान और जफर इकबाल तथा राजौरी निवासी मोहम्मद शकील शामिल हैं।

### पाकिस्तान में आतंकी हमला, चार सैनिक मारे गए

**पाराचिनार (पाकिस्तान)।** अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना की राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों पर पहले हुए हमले का जवाब दे रहे सुरक्षाबलों पर रात में घात लगाकर आतंकवादियों ने हमला कर दिया और इस बीच हुई गोलीबारी में चार सैनिक मारे गए। यह हमला अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों के काफिले पर हुए हमले के जवाब में अधिकारियों की ओर से अतिरिक्त बल भेजे जाने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। ट्रकों पर किए गए हमले में एक चालक और सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई थी।

### सीएसआर घोटाला: केरल में ईडी की छापेमारी

**कोच्चि।** केरल में कथित फर्जी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड घोटाला मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को यहां कई स्थानों पर छापेमारी की। इस घोटाले में धोखेबाजों की ओर से लैपटॉप, दोपहिया वाहन और घरेलू उपकरण आधे दाम पर देने का झूठा वादा करके कई लोगों से रुपए लिए थे। मुख्य संदिग्ध आनंदू कृष्णन से धन प्राप्त करने वाली संस्थाओं, ट्रस्ट और व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है, ताकि गबन किए गए धन का पता लगाया जा सके। कई नेताओं, इलेक्ट्रॉनिक डीलरों, ऑटोमोटिव डीलरों और सहकारी बैंकों और एक उर्वरक निर्माण कंपनी की भूमिका की जांच की जा रही हैज बैंक खातों के अनुसार, एकत्र की कुल राशि 450 करोड़ रुपए है।

### 14 करोड़ की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 14 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन और याबा टैबलेट जब्त की गई हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि रामप्रसादपुर में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों का पता चला। धोलाई पुलिस थाना के अधिकार क्षेत्र में कछार पुलिस ने एक वाहन को रोककर तलाशी ली। पुलिस ने 14 करोड़ रुपये मूल्य की 40,000 याबा टैबलेट और 260 ग्राम हेरोइन बरामद की।

### एमपी में सड़क हादसे में छह की मौत, 20 जख्मी

**भिंड (मध्य प्रदेश)।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में मंगलवार सुबह एक ट्रक के वैन को टक्कर मारने से तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए। भिंड जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) असित यादव ने बताया कि यह घटना सुबह करीब पांच बजे जवाहरपुरा गांव के पास हुई। घटना के वक्त लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि वाहन में कुछ लोग बैठे हुए थे, जबकि कुछ लोग सड़क पर खड़े थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने इन लोगों को और इनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया।

## हमारा संकल्प उत्तराखंड को भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना: धामी

### राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ बढ़ेगी आगे

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत में राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। उन्होंने अपने अभिभाषण में राज्य को लेकर जो रोडमैप रखा है उस पर राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प को आत्मसार करने हेतु राज्य सरकार संकल्पित हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड राज्य भी अपना योगदान दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार हर दृष्टि से उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं, जो हमारे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने का सौभाग्य हमारे राज्य को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम उत्तराखंड को भारत सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य करेगी। उन्होंने कहा पक्ष विपक्ष सभी ने मिलकर सदन को चलाना है। सदन सही प्रकार से चले यह सबकी जिम्मेदारी है। (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा में संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : सुधीर राजपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

- अनैतिक कार्य करने वाले डॉक्टरों के लाइसेंस किए जाएंगे रद्द
- एसीएस ने एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण के लिए जारी किए कड़े निर्देश



हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुधीर राजपाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे इस सप्ताह के भीतर सभी एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की गहन जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले ऐसे किसी भी केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई डॉक्टर इन केंद्रों पर गड़बड़ी में लिप्त पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग उनके मेडिकल पंजीकरण को तत्काल रद्द करने के लिए हरियाणा मेडिकल काउंसिल को सूचित करे।

मंगलवार को यहां स्वास्थ्य और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सुधीर राजपाल ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से लिंग निर्धारण और लिंग आधारित भेदभाव में शामिल लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) कार्यक्रम की सफलता की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को, विशेष रूप से लिंग निर्धारण जैसे कुकृत्यों में, बख्शा नहीं जाएगा।

साथ ही एसीएस ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को सभी गर्भपात मामलों पर नजर रखने और उनका विश्लेषण करने तथा किसी भी अनैतिक व्यवहार को रोकने के लिए एमटीपी केंद्रों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों में कार्यात्मक ट्रैकर होने चाहिए जो लिंग निर्धारण परीक्षण किए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारियों को एसएमएस अलर्ट भेजते हैं। इस बैठक में डीजीएचएस डॉ. मनीष बंसल, निदेशक पीएनडीटी डॉ. सिम्मी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंचकूला, डॉ. मुक्ता कुमार के साथ-साथ स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) नियमित/स्वयंपाठी वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 के लिए प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) आज से बोर्ड वेबसाइट *www.bseh.org.in* पर जारी कर दिए गए हैं।

सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाएं 28 फरवरी से 19 मार्च तक तथा सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाएं 27 फरवरी से 29 मार्च तक संचालित करवाई जाएगी। इन परीक्षाओं में प्रदेशभर में 1431 परीक्षा केंद्रों पर करीब 516787 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

इसकी जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 हेतु प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) आज से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव कर दिए गए हैं। सभी विद्यालय मुखिया बोर्ड वेबसाइट पर अपने यूजर आईडी व पासवर्ड से लॉगिन करके आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र का रंगीन प्रिंट आउट ए-4 साइज पेपर पर डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। यदि विवरणों में कोई त्रुटि है तो तुरंत बोर्ड कार्यालय में संपर्क करते हुए शुद्धि से संबंधित मूल दस्तावेज एवं वांछित शुद्धि शुल्क सहित बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर शुद्धि करवा सकते हैं।

## निकाय चुनाव में संकल्प पत्र बनाने के लिए भाजपा ने गठित की कमेटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा ने शहरी स्थानीय निकायों नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं के चुनावों के लिए चुनावी 'संकल्प पत्र' तैयार करने के लिए कमेटी का गठन किया है। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के निर्देश के बाद प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुरेंद्र पूनिया ने कमेटी की सूची जारी कर दी है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में यह कमेटी बनाई है। कमेटी में दो निवर्तमान और दो पूर्व विधायकों को भी बतौर सदस्य शामिल किया है। नौ सदस्यीय कमेटी में विपुल गोयल के साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को भी शामिल किया है। कमेटी में कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा तथा सोनीपत विधायक निखिल मदान को भी शामिल किया है। विधायक शक्ति रानी शर्मा अंबाला सिटी नगर निगम की मेयर भी रही हैं। इस बार उन्होंने भाजपा टिकट पर कालका से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वहीं निखिल मदान कांग्रेस टिकट पर सोनीपत नगर निगम के मेयर बने थे।

## नेचर नाइन फाउंडेशन ने सिलाई मशीनें वितरित कर महिलाओं को बनाया सशक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नेचर नाइन फाउंडेशन, चंडीगढ़ ने सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी के साथ मिलकर सेक्टर 42 में महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं। यह पहल महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और सक्षम बनाने के लिए आवश्यक उपकरण और कौशल प्रदान करना है।

सीनियर डिप्टी मेयर ने नेचर नाइन फाउंडेशन द्वारा समाज हित विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने हर घर में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एनजीओ की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सिलाई मशीनों का वितरण एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को न केवल अपने लिए आजीविका अर्जित करने के लिए बल्कि अपने समुदायों में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए भी सशक्त बनाता है। जिससे सशक्तिकरण का प्रभाव बढ़ता है।

इस कार्यक्रम में बंटी के साथ नेचर नाइन फाउंडेशन के प्रमुख सदस्य, जिनमें अध्यक्ष नीरज कुमार, सदस्य सौरभ और महासचिव नेहा शामिल थे। उन्होंने महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट कीं और उन्हें अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## देश-विदेश

## शाह ने जम्मू-कश्मीर में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की उपस्थिति में जम्मू-कश्मीर में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की।

- सीएम उमर बोले- जहां कमी है, वहां दुरुस्त करेंगे

हालांकि, जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश होने के नाते कानून और व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है।

बैठक में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार के शीर्ष अधिकारी नॉर्थ ब्लॉक में बैठक में शामिल हुए। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में काफी हद तक रोल ठीक रहा है, जहां कमी रही है, उस पर बात हुई उसे भी दुरुस्त किया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया है। नए कानून पिछले साल एक जुलाई से लागू हुए थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी, जिसमें उसने खुद को राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली के अलावा किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि चंद्रशेखर की ओर से पूर्व में दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। पीठ ने चंद्रशेखर से कहा कि उसकी शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी और अब शासन बदल जाने से शिकायत भी समाप्त हो जाती है।

## आधी रात मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना मोदी-शाह की असभ्यता : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ऐसे समय मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का निर्णय आधी रात को लेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की असभ्यता है और गरिमा के प्रतिकूल है, जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार शाम को आयोजित चयन समिति की बैठक के बाद ज्ञानेश कुमार को भारत के नए सीईसी के रूप में नियुक्त किया गया। इस समिति में गृह मंत्री और राहुल गांधी भी शामिल हैं। राहुल ने असहमति नोट की प्रति 'एक्स' साझा करते हुए पोस्ट की कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया, जिसमें कहा था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर और भारत के प्रधान न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है।

## अश्लील कमेंट: यूट्यूबर इलाहबादिया को कोर्ट से फटकार, कहा- इसके दिमाग में गंदगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अश्लील कमेंट मामले में रणवीर इलाहबादिया की अपील पर सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया और उन टिप्पणियों के लिए उनकी कड़ी आलोचना भी की। अदालत ने फटकार लगताते हुए कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि इलाहबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा। इलाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ की आई रिपोर्ट, कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हुआ हादसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नई** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी।

घटना को लेकर आपीएफ की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ है। आरपीएफ ने घटना के एक दिन बाद यानी 16 फरवरी को दिल्ली जोन को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया कि 15 फरवरी, रात करीब 8.45 बजे घोषणा की गई कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होगी। कुछ देर बाद एक और घोषणा की गई कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति पैदा हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर, उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ भी प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद थी।

## यूनुस सरकार ने बांग्लादेश को बनाया आतंकवाद का गढ़: हसीना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बांग्लादेश** की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश को आतंकवाद और अराजकता के केंद्र बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद करने और उन्हें इंसाफ दिलाने का आश्वासन देते हुए घर लौटने की कसम खाई।

पूर्व पीएम के मुताबिक, नोबेल पुरस्कार विजेता खुदा कहते हैं कि उन्हें देश चलाने का कोई अनुभव नहीं तो फिर उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए। हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि पिछले वर्ष उनके कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया। हसीना ने कहा कि यूनुस ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया। वे बांग्लादेश को खत्म कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। हसीना पिछले कुछ समय से अपनी पार्टी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को संबोधित और उनसे संपर्क स्थापित कर रही हैं। वहीं अंतरिम सरकार और प्रदर्शनकारी संगठन इससे खासे परेशान हैं। वे हसीना और उनके समर्थकों के बीच कोई संपर्क नहीं चाहते हैं।

## इसराइल ने लेबनान से वापस बुलाई सेना

**बेरूत।** इसराइल की सेना दक्षिणी लेबनान के गांवों से हट गई है, लेकिन पांच स्थानों पर अब भी मौजूद है। हिजबुल्लाह के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत सेना वापसी की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। इसराइल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। वह शुरुआती समय सीमा तक ऐसा करने से चूक गया था। हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने सोमवार को कहा था कि इजरायल को 18 फरवरी (मंगलवार) तक लेबनान से पूरी तरह हट जाना चाहिए। उन्होंने इसराइल के पांच प्वाइंट पर बने रहने के विचार को भी खारिज कर दिया। कासिम ने कहा कि कोई पांच प्वॉइंट या कुछ और नहीं... यही समझौता है।

## भारत की जीडीपी 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी: इक्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है।

रेटिंग एजेंसी ने इसका कारण असमान उपभोग के बीच बढ़े हुए सरकारी खर्च को बताया है। अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रही, लेकिन आम चुनावों के कारण सरकार के पूंजीगत व्यय में कमी तथा कमजोर उपभोग मांग के कारण सितंबर तिमाही में यह धीमी होकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही में भारत के आर्थिक प्रदर्शन को पूंजीगत और राजस्व व्यय पर कुल सरकारी खर्च (केंद्र और राज्य) में तेज बढ़ोतरी, सेवा निर्यात में उच्च वृद्धि, व्यापारिक निर्यात में सुधार, प्रमुख खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन आदि से लाभ हुआ, जिससे ग्रामीण धारणा को बल मिला। त्योहारी सीजन के दौरान कुछ उपभोक्ता-केंद्रित क्षेत्रों में तेजी देखी गई, जबकि शहरी उपभोक्ता भावना में थोड़ी गिरावट आई, तथा खनन और बिजली जैसे अन्य क्षेत्रों में पिछली तिमाही में मौसम संबंधी चुनौतियों के बाद सुधार देखा गया। नायर ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सितंबर तिमाही के सात-तिमाही के निम्नतम आंकड़ों के सापेक्ष दिसंबर तिमाही में जीडीपी और जीवीए विस्तार की गति बढ़ेगी, जो एक सुधार को दर्शाता है, वहीं प्रदर्शन जून तिमाही के लिए एनएसओ के शुरुआती अनुमानों से कमतर रह सकता है।

## सेंसेक्स 29 अंक गिरकर 75,967 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**शेयर** बाजार में मंगलवार को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 29 अंक की गिरावट के साथ 75,967 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 14 अंक की गिरावट रही, ये 22,945 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 772 अंक गिरकर 44,384 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.36 फीसदी की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस और आईटीसी ने बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.63 फीसदी की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग में 1.59 फीसदी की तेजी और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.93 फीसदी की गिरावट रही।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल घर लौटे

**दुबई।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए।



मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शुरूआती अभ्यास सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं, जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है, जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में न्यूजीलैंड के फर्ग्युसन की जगह जैमीसन

**कराची।** घायल तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की जगह काइल जैमीसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल करने को आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति ने मंजूरी दे दी। 30 वर्ष के जैमीसन ने 13 वनडे मैच खेले हैं। वह फर्ग्युसन की जगह लेंगे जो दाहिने पैर में चोट के कारण बाहर हैं। यह बांग्लादेश के खिलाफ सितंबर 2023 में खेले गए मैच के बाद जैमीसन का पहला वनडे मैच होगा। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। डॉक्टरों ने उन्हें कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण एक साल आराम की सलाह दी थी। उन्होंने जनवरी में केंटरबरी के लिये सुपर स्मैश टी20 के जरिए वापसी की।

### ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर बोलीं- राणा मेरे कोच बने रहेंगे

**नई दिल्ली।** दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि जसपाल राणा उनके कोच बने रहेंगे जिन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई



परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया है। चार बार एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राणा और मनु के बीच तोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे, लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले दोनों फिर साथ आए। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। राणा के मार्गदर्शन में मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। मनु ने वर्ष 2024 की बीबीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा,''मैं इतना ही कहूंगी कि राणा मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं। वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत अच्छे कोच रहे हैं।''

### हरलीन स्टाइल में दिखती हैं अलग

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल का जन्म 21 जून 1998 को चंडीगढ़ में हुआ था। वह खेल के अलावा अपनी स्टाइल को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। इंस्टाग्राम पर स्टाइलिश आउटफिट में फोटो शेयर करती रहती हैं।



# एकदिवसीय क्रिकेट की प्रासंगिकता पर बहस के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

## आज होगा पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में उद्घाटनी मैच

**एजेंसी, दुबई/कराची**

अनिश्चितता, नाटकीयता और पर्दे के पीछे की सरगर्मियां, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले ही यह सब देखा जा चुका है और पाकिस्तान तथा न्यूजीलैंड के बीच कराची में उद्घाटन मैच के साथ ही अगले तीन सप्ताह तक चलने वाले टूर्नामेंट में रोमांच की पराकाष्ठा देखने को मिलेगी। विश्व कप के समान कठिन माने जाने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी और अपने क्रिकेट इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखने की कोशिश में होंगी। भारतीय टीम के मैच दुबई में होंगे, जबकि बाकी टीमें पाकिस्तान में खेलेंगी, जहां 1996 विश्व कप के बाद पहला आईसीसी टूर्नामेंट हो रहा है।

आठ साल बाद हो रहे इस टूर्नामेंट के आयोजन में कई परेशानियां आईं। वनडे क्रिकेट की प्रासंगिकता पर चल रही बहस के बीच इस टूर्नामेंट की अहमियत को स्थापित करना भी एक चुनौती थी। टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता और टेस्ट प्रारूप के लिए प्रतिबद्धता की जद्दोजहद में कहीं न कहीं इसके लिए जगह बनाना विकट था। शायद ही किसी क्रिकेट आयोजन में इतना भू-राजनीतिक तनाव, दो अहम प्रतिभागियों के दो प्रशासनिक बोर्ड की जिद और मेजबान स्टेडियमों की तैयारियों को लेकर आशंकायें देखने को मिली हों। इससे नब्बे के दशक की यादें ताजा हो गई, जब उपमहाद्वीप में क्रिकेट




का आयोजन आनन फानन में की गई किसी पार्टी की तरह लगता था, लेकिन एक बार जब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के कप्तान पहले मैच के टॉस के लिए उतरेंगे तो मैदान से बाहर की ये सारी बातें हाशिए पर चली जाएंगी। पाकिस्तान ने पिछली बार 2017 में खिताब जीता था। पहले मैच में पाकिस्तान की प्रतिभाशाली टीम न्यूजीलैंड से खेलेगी। आस्ट्रेलिया टीम अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के बिना आई है लेकिन उसके पास वनडे प्रारूप की जरूरतों पर खरे उतरने वाले बल्लेबाज हैं।

इंग्लैंड के कुछ प्रमुख खिलाड़ियों पर बढती उम्र और खराब फॉर्म हावी है, लेकिन जोस बटलर, जो रूट और लियाम लिविंगस्टोन से एक आखिरी बार उसी चिर परिचित प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है या हैरी ब्रूक और बेन डकेट जैसे युवा खिलाड़ी नया रास्ता बना सकते हैं। न्यूजीलैंड भी ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के संन्यास के बाद नये खिलाड़ियों के साथ उतरी है। केन विलियमसन ट्रंपकार्ड हैं और उम्मीद है कि वह न्यूजीलैंड को पहला आईसीसी खिताब दिला सकेंगे।

दक्षिण अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीती लेकिन हाल ही में कोई खिताब नहीं जीत पाई और इस कमी को पूरा करना चाहेगी। इसी तरह पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ मैच को लेकर जज्बाती होने से उबर जाए और उसे ही आखिरी किला नहीं माने तो खतरनाक साबित हो सकता है। अफगानिस्तान की जीत को अब उलटफेर नहीं माना जाता है। राशिद खान, आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर रहे अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे मैच विनर उसके पास हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश 2007 वनडे विश्व कप में उलटफेर कर चुका है और उसे दोहराना चाहेगा।

### भारत-पाक के बीच महामुकाबला 23 को

भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को मुकाबला होगा, जिसे हमेशा टूर्नामेंट का 'ब्लॉकबस्टर' माना जाता है। इसमें सरहद के आर-पार जज्बात उमड़ेंगे, यादों की परतें खोली जाएंगी और सोशल मीडिया किसी अखाड़े से कम नहीं दिखेगा। टीम समीकरणों के अलावा खिलाड़ियों पर भी नजरें होंगी, जिनमें पहला नाम रोहित शर्मा और विराट कोहली का है।आधुनिक क्रिकेट के दोनों दिग्गज अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं और जीत के साथ विदा लेना चाहेंगे। भारतीय वनडे टीम में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद रोहित और कोहली की जगह नहीं दिखती। यहां खराब खेलने पर टेस्ट क्रिकेट में भी उनके भविष्य पर असर पड़ सकता है। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में नाकामी की गाज कोच गौतम गंभीर पर भी गिर सकती है।

## कोहली की एक झलक पाने के लिए दीवानगी दुबई में भी

**एजेंसी, दुबई**

भारत के सुपरस्टार क्रिकेटरों की एक झलक पाने के लिए रहमान जैद मस्कट और फातिमा ओमान ने घंटों इंतजार किया और आखिर उनका सपना सच हो गया। इन देशों के क्रिकेटप्रेमियों को भारतीय खिलाड़ियों को इतने करीब से देखने का मौका कम ही मिलता है, लेकिन जब मिला तो जिंदगी भर के लिए उनकी यादों में चस्पा हो गया।



भारत से कई प्रशंसक यहां आए हैं, लेकिन आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर जमा 200 से अधिक प्रशंसकों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ओमान, ब्रिटेन और अमेरिकी नागरिक भी थे। बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच से पूर्व भारतीय टीम सोमवार की शाम यहां तीन घंटे अभ्यास सत्र के लिए आई।

इन प्रशंसकों ने खिलाड़ियों की तस्वीरें ली और वीडियो बनाए। खिलाड़ियों से महज पांच मीटर की दूरी पर खड़े इन प्रशंसकों और इनके प्रिय खिलाड़ियों के बीच चंद सुरक्षाकर्मी और बैरीकेड ही था।

जैद ने कहा,''हम ओमान से यहां आए हैं। हम भारत के कुछ मैच देखेंगे। हमें खुशी है कि इतने करीब से क्रिकेटरों को देखने का मौका मिल रहा है।'' उन्होंने अभ्यास सत्र पूरा होने के बाद भी तस्वीरें लेने की कोशिश की। क्रिकेटरों ने टीम बस में जाने से पहले आटोग्राफ दिए जिससे इनका दिन बन गया। सत्रह वर्ष की फातिमा को श्रेयस अय्यर का आटोग्राफ टीशर्ट पर मिला।

उन्होंने कहा,''मैं बहुत खुश हूं। आईसीसी को इस मौके के लिए धन्यवाद देती हूं जिसकी वजह से भारतीय क्रिकेटरों को इतने करीब से देख सकी। मुझे टीशर्ट पर आटोग्राफ भी मिला।'' उन्होंने कहा कि यह सपने जैसा था। मैने विराट को देखा। वह आए और मुझे आटोग्राफ भी दिए। वह बहुत अच्छे और शानदार हैं। मैं शमी का आटोग्राफ नहीं ले सकी।'' सबसे ज्यादा तालियां विराट के लिए बजीं जो प्रशंसकों के चहेते हर जगह हैं।

## जेलेजनी के बदलाव मुझे जल्द ही 90 मीटर के स्तर तक ले जाएंगे : चोपड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे।



इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडिया टुडे से बात करते हुए पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया। चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया। चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था।

उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, ''मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं।''

## सिलिच को हराकर अल्काराज कतर ओपन के अंतिम 16 में

**एजेंसी, दोहा**

शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया के अनुभवी मारिन सिलिच को 6-4, 6-4 से हराकर कतर ओपन टेनिस के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अमेरिकी ओपन 2014 चैंपियन 36 वर्ष के सिलिच घुटने की चोट से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे थे। विश्व रैंकिंग में भी वह 192वें स्थान पर खिसक गए हैं। अब अल्काराज का सामना चीन के झांग झिजेन या इटली के लूका



नार्डी से होगा। इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-2, 7-6 से मात दी और अब वह आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से खेलेंगे।

## अजारेंका दुबई ओपन के दूसरे दौर में, अनिसिमोवा हारी

**एजेंसी, दुबई**

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने एक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्हेलिना कालिनिना को 2-6, 7-6, 6-4 से हराकरदुबई टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पैंतीस वर्ष की अजारेंका दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थी, लेकिन



उन्होंने अगले पांच अंक लगातार लेकर दूसरा सेट जीता। अब वह दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से खेलेंगी जिन्हें दूसरे दौर में बाय मिला है।

वहीं, दो दिन पहले दोहा में कतर ओपन खिताब जीतने वाली अमांडा अनिसिमोवा पहले दौर में अमेरिका की ही मैकार्टनी केसलेर से 2-6, 3-6 से हार गई। 11वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर ने मैगडालीना फ्रेच को 6-2, 6-2 से हराया जबकि 12वीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने एलिना एवानेसियान को 6-2, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोउसोवा से होगा। दसवीं रैंकिंग वाली डारिया कासात्किना को सोराना क्रिस्टी ने 6-1, 6-4 से हराया, जबकि 13वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद माइया को अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पूर्व विंलबडन चैंपियन ओंस जबाउर को अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स ने 7-6, 6-4 से हराया।

## भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी: शिखर धवन

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी, लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है।



यह टूर्नामेंट बुधवार को पाकिस्तान में शुरू होगा, जबकि भारत एक दिन बाद दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

तेज गेंदबाज बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत की पांच मैच की टेस्ट सीरीज के दौरान गेंदबाजी में सबसे ज्यादा भार उठाया था। धवन ने मंगलवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कॉलम में लिखा, ''मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनकी कमी खलेगी और मुझे लगता है कि उन्हें इसका असर दिखेगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव के हैं और इस तरह की बड़ी आईसीसी प्रतियोगिताओं में यह बहुत महत्वपूर्ण है।'' हालांकि धवन ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभमन गिल और हर्षित राणा का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''हर्षित राणा भी टीम में शामिल हो गए हैं और मुझे लगता है कि यह वाकई रोमांचक है, उन पर नजर रखें, मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में धमाल मचा सकते हैं।''

## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला टीम स्पेन से 3-4 से हारी



**एजेंसी, भुवनेश्वर**

भारतीय महिला टीम को मंगलवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में स्पेन के हाथों 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बलजीत कौर (19वें मिनट) के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी, लेकिन स्पेन ने दो मिनट बाद ही सोफिया रोगोस्की (21वें मिनट) के गोल की मदद से बराबरी कर ली। बलजीत का यह सीनियर स्तर पर पहला गोल था।

स्पेन ने भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखा तथा दूसरे क्वार्टर में ही एस्टेल पेटचामे (25वें मिनट) के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया। साक्षी राणा ने 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जबकि रुताजा दादासो पिसल (45वें मिनट) के गोल की बदौलत उसने बढ़त हासिल कर ली। स्पेन ने हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में शानदार वापसी की तथा एस्टेल (49वें मिनट) और लूसिया जिमेनेज (52वें मिनट) के गोल की मदद से अपनी जीत सुनिश्चित की। स्पेन ने यह दोनों गोल पेनल्टी कार्नर पर किए।

### आईओए पैनल छोड़ने की खबरों पर मैरी कॉम बोली-

## मैंने इस्तीफा नहीं दिया है, पूरा करूंगी कार्यकाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष और महान मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने मंगलवार को इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगी। लंदन ओलंपिक 2012 कांस्य पदक विजेता मणिपुर की 42 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में हलद्वानी में एक 'खराब होटल' में ठहराये जाने पर नाराजगी जताई थी। मैरी कॉम ने कहा कि उनकी नाराजगी को इस्तीफा मान लिया गया।



उन्होंने कहा,''मैने इस्तीफा नहीं दिया है। मैं अपना कार्यकाल (2026 के अंत तक) पूरा करूंगी।'' उन्होंने कहा,''मैं अपने साथी सदस्यों (खिलाड़ियों के आयोग में) से इतना ही कह रही थी कि आगे से ऐसा हुआ तो मैं इस्तीफा दे सकती हूं। मैंने यह कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दे रही हूं। आईओए मेरा परिवार है और अगर मैं किसी बात को लेकर नाराज हूं तो मुझे उसे व्यक्त करने का पूरा अधिकार है।'' मैरी कॉम को 2022 में पैनल में चुना गया था, जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल उपाध्यक्ष हैं।

आयोग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू, पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओम प्रकाश करहाना, शीतकालीन ओलंपियन शिवा केशवन, लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल ताखड़, तलवारबाज भवानी देवी, पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल और तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू हैं। मैरी कॉम ने कहा,''मुझे समझ में नहीं आता कि जब भी मैं किसी मामले पर आवाज उठाती हूं तो उसे इस तरह लिया जाता है । मेरे साथी कई खिलाड़ी कई मसलों पर बोलते हैं, लेकिन उन्हें कोई गलत नहीं समझता।'' उन्होंने कहा,''मुझे राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में खराब होटल में रखा जबकि बेहतर होटल उपलब्ध था। अगर दूसरों को उसमें रखा जा सकता था तो मुझे क्यो नहीं । मैने यही सवाल किया था।''

उन्होंने कहा,''बाद में मुझे पता चला कि लोग कह रहे हैं कि मैने इस्तीफा दे दिया। कहां है इस्तीफा। क्या किसी ने देखा है।'' यह पूछने पर कि क्या उन्होंने आईओए अध्यक्ष पी टी उषा से इस पर बात की है ,उन्होंने कहा ,'' मैं नहीं कर पाई क्योंकि मेरा फोन खो गया है । मैं उनसे बात करूंगी । मेरा उनके अच्छा संवाद है ।''

**क्रिकेट**

### टूर्नामेंट से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही दिल्ली कैपिटल्स अभी तक फार्म में नहीं दिखी

## दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स को बल्लेबाजों से उम्मीद

**एजेंसी, वडोदरा**

दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स को बुधवार को महिला प्रीमियर लीग के अपने मैच में बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में नहीं चल सके थे। यह कोटाम्बी स्टेडियम पर आखिरी मैच भी है जिसके बाद डब्ल्यूपीएल के मैच 21 फरवरी से बेंगलुरु में होंगे।

टूर्नामेंट से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही दिल्ली कैपिटल्स अभी तक फार्म में नहीं दिखी है। मुंबई इंडियंस को हराने के बावजूद पहले दो मैचों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई को दो विकेट से हराने से पहले 165 रन के लक्ष्य को हासिल करने में उसे काफी पसीना बहाना पड़ा। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टीम 141 रन पर आउट हो गई और आठ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। कप्तान मेग लैनिंग अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई



है। ऐसा लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा है।

शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स या सारा ब्रूस ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बड़ी पारियां नहीं खेल सकीं। गेंदबाजी में अनुभवी शिखा पांडे ने मोर्चे से अगुवाई की है, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। यूपी वारियर्स का भी यही हाल ही। ग्रेस हैरिस और ताहलिया मैकग्रा स्पिन को बखूबी नहीं खेल पा रहे। दिल्ली के पास मिन्नू मनी, जेस जोनासेन और राधा यादव जैसे कई स्पिनर हैं। यूपी के प्रदर्शन का दारोमदार कप्तान दीप्ति शर्मा, विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री और सलामी बल्लेबाज वृंदा दिनेश और किरण नविगिरे पर है जिन्हें भरोसे पर खरा उतरना होगा । एलिसा हीली के चोटिल होने का शीर्षक्रम पर असर पड़ा है। लेग स्पिनर अलाना किंग्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जो गुजरात जाइंट्स के खिलाफ काफी महंगी साबित हुई थी।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**यूपी वारियर्स।** दीप्ति शर्मा (कप्तान), अरुशी गोयल, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, वृंदा दिनेश, चमारी अटापट्टू, चिनेले हेनरी, ग्रेस हैरिस, क्रांति गौड़, पूनम खेमनार, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्राथ, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अलाना किंग, अंजलि सरवानी, गौहर सुल्ताना, राजेश्वरी गायकवाड़, साइमा ठाकोर।

**दिल्ली कैपिटल्स।** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर), तितास साधु।